खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 13°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 16 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 58 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आदतन गलती दोहराने वाले पेपर केंद्रों को प्रतिबंधित करने की जरूरत : योगी पेज 2



आईसीसी ने आगा सलमान को लगाई फटकार और एक डिमेरिट अंक दिया खेल टाइम्स



डाटा, सहमति और संविधान : डिजिटल शक्ति पर भारत को पुनर्विचार करना होगा सम्पादकीय



ईरान में सत्ता परिवर्तन की उम्मीदें धूमिल, नेतन्याहू के सामने नई सियासी चुनौती पेज 12

## 26वां रोज़ा

### रमज़ान की 27वीं रात ही शब-ए-कद्र!




जिस दिन छब्बीसवां रोज़ा होता है, उस तारीख को माहे-रमज़ान की सत्ताईसवीं रात होती है। इस रात को ही अमूमन शबे-कद्र में शुमार किया जाता है। हालांकि हदीसे-नबवी में ज़िक्र है कि शबे-कद्र को रमज़ान के आखिरी अशरे की ताक रातों जैसे 21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं, 29वीं रात में तलाश करो, लेकिन हज़रत उमर और हज़रत हुजैफा और असहाबे-रसूल में से बहुत से लोगों को यकीन था कि रमज़ान की सत्ताईसवीं रात ही शबे-कद्र है। सवाल यह उठता है कि शबे-कद्र क्या है? शब के माश्नी है रात, कद्र के माश्नी है इज़्ज़त। शबे-कद्र यानी ऐसी शब जो कद्र वाली है। माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे में ही शबे-कद्र यानी इज़्ज़त और अज़मत वाली ये रात आती है।

# ईरान का इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला, अमेरिकी दूतावास नष्ट

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका- इजरायल और ईरान जंग का रविवार को 16वां दिन था। ईरान ने रविवार को इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइल के टुकड़े गिरने से उस इमारत को नुकसान पहुंचा है, जहां अमेरिकी डिप्लोमेट काम करते हैं।

हालांकि रिपोर्ट्स में ये नहीं बताया गया कि यह इमारत किस शहर में है। इजरायल में अमेरिका का दूतावास यरुशलम में है और राजधानी तेल अवीव में भी उसका एक बड़ा दफ्तर है। वहीं ईरान के खार्ग द्वीप पर अमेरिकी हमले के बाद भी तेल टैंकरों में ऑयल



- खार्ग द्वीप पर अमेरिकी हमले के बावजूद भी ऑयल लोडिंग जारी
- ईरान बोला: सुप्रीम लीडर मुजतबा पूरी तरह ठीक

लोडिंग का काम जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक वहां 5 टैंकर पहले ही फ्यूल ऑयल भर चुके हैं और 2 टैंकर अभी तेल लोड होने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ये टैंकर किस देश या कंपनी के हैं। ईरान ने कहा है कि देश के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई पूरी तरह ठीक हैं और उन्हें कोई चोट नहीं लगी है। इससे पहले ब्रिटिश मीडिया द सन ने अपनी -शेष पृष्ठ दो पर

### इजरायली पीएम जिंदा है, तो ढूंढकर मारेंगे: ईरान

**तेहरान।** आईआरजीसी ने कहा है कि अगर इजरायली प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू जिंदा हैं, तो वो उनका पीछा कर उन्हें मार डालेगा। आईआरजीसी ने नेतन्याहू को 'बच्चों का हत्यारा' बताया है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इरना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। वहीं दक्षिण अफ्रीका में ईरानी दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि इससे बिल्कुल भी फर्क नहीं पड़ता कि नेतन्याहू जिंदा हैं या मर चुके हैं। एक मिनाबी लड़की के बाल का एक भी रेशा, उनके पूरे वजूद से कहीं ज्यादा कीमती है। इस मामले में सवाल यह भी उठता है कि अगर बेन्जामिन नेतन्याहू जिंदा हैं, ऐसा आईआरजीसी ने क्यों कहा है और यह दावा या अफवाह कहां से शुरू हुआ है कि बेन्जामिन नेतन्याहू जिंदा हैं या नहीं, हालांकि कई खबरों के मुताबिक, इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने नेतन्याहू की मौत की बात को फेक न्यूज बताया है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जंग की शुरुआत में ही ईरानी अधिकारियों ने बताया था कि दक्षिणी ईरान के शहर मीनाब में लड़कियों के एक स्कूल पर हमला हुआ, जिसमें 160 से ज्यादा लोग मारे गए।

### यूएई में भारतीय जहाज में तेल भरते वक्त हमला, स्टाफ सुरक्षित, शिप भी रवाना

**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग की वजह से जहाजों को खाड़ी देशों से ऑयल लाने में दिक्कत हो रही है। भारत के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मुताबिक शनिवार को यूएई के फुजैराह ऑयल टर्मिनल पर हमला हुआ था। इस दौरान भारतीय झंडे वाला जहाज जग लाड़की वहां तेल भर रहा था। जहाज पर मौजूद सभी भारतीय स्टाफ सुरक्षित हैं। जहाज ने लगभग 80,800 मीट्रिक टन क्रूड ऑयल लोड किया और अब सुरक्षित रूप से भारत की ओर रवाना हो गया है।

# बंगाल व असम समेत पांच राज्यों में चुनाव का ऐलान

**असम, केरल व पुड्डुचेरी में 9 अप्रैल, तमिलनाडु में 23 अप्रैल व प. बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग**

**नतीजे 4 मई को आएंगे, चुनावों की घोषणा के साथ ही 5 राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में विधानसभा की कुल 824 सीटों के लिए आम चुनाव नौ अप्रैल से 29 अप्रैल के बीच कराने की घोषणा की है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यहां एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि असम की 126 सीटों, केरल की 140 और पुड्डुचेरी की 30 सीटों के लिए एक चरण में चुनाव नौ अप्रैल को कराया जाएगा। तमिलनाडु की 234 सीटों पर मतदान एक चरण में 23 अप्रैल को होगा। पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को कराए जाएंगे। राज्य की कुल 294 सीटों में से पहले चरण में 152 सीटों के लिए और दूसरे चरण में 142 सीटों के लिए चुनाव होगा। इन सभी राज्यों और पुड्डुचेरी विधानसभा चुनाव की मतगणना चार मई को कराई जाएगी। चुनावों की घोषणा के साथ ही इन राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। ज्ञानेश कुमार ने बताया कि चार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में 17.4 करोड़ मतदाताओं के लिए करीब 2.19 लाख मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। चुनाव कार्य के लिए आयोग ने लगभग 25 लाख चुनाव कर्मियों को लगाने की घोषणा की है ताकि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा आयोग ने इन राज्यों का दौरा कर वहां के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों, राज्यों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद की है। संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डा. एसएस संधु और विवेक जोशी भी उपस्थित थे। श्री कुमार ने कहा कि आयोग प्रत्येक मतदाता का मतदान केंद्र पर स्वागत करने के लिए तैयार है। हम खासकर पहली बार वोट डालने वाले और युवा मतदाताओं से अपील करते हैं कि वे अपने मताधिकार का उत्साह, आत्म सम्मान और विवेक के साथ प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।



- सीईसी ज्ञानेश कुमार ने विशेष संवाददाता सम्मेलन में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की

### राज्यसभा चुनावः भाजपा ने ओडिशा से 82 विधायक पारादीप भेजे

- कांग्रेस के 8 एमएलए बेंगलुरु में रुके, राज्य की चार सीटों पर 16 मार्च को वोटिंग

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपने 82 विधायकों को पारादीप भेज दिया है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, सांसद सुजीत कुमार और निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के समर्थन में रणनीति बनाने के लिए यह कदम उठाया है। शनिवार शाम भुवनेश्वर स्थित भाजपा मुख्यालय में बैठक के बाद मंत्री और विधायक दो लग्जरी बसों से पारादीप के लिए रवाना हुए। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सभी विधायक पारादीप में दिलीप राय के होटल में ठहरेंगे। इससे पहले कांग्रेस ने भी अपने आठ विधायकों को बेंगलुरु के वंडरला -शेष पृष्ठ दो पर

# दरोगा भर्ती परीक्षा के विवादित प्रश्न पर योगी के मंत्री को ऐतराज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है।

इस मामले में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कड़ा ऐतराज जताते हुए इसे बेहद आपत्तिजनक बताया है। इस बाबत रविवार को एक बयान जारी कर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि परीक्षा में पूछे गए प्रश्न अवसर के अनुसार बदलने वाला के लिए दिए गए विकल्पों में 'पंडित' शब्द को शामिल करना न तो उचित है -शेष पृष्ठ दो पर

### विवादित प्रश्न को लेकर जांच के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने दरोगा भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं के बीच अपना पक्ष रखते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। बोर्ड ने कहा है कि 14 मार्च को सम्पन्न हुई उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा की पहली पाली में पूछे गए एक प्रश्न के संबंध में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### भर्ती परीक्षा में पंडित को 'अवसरवादी' बताने के खिलाफ दी तहरीर

**लखनऊ।** यूपी पुलिस प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित यूपी एसआई भर्ती परीक्षा में पंडित को 'अवसरवादी' बताने वाले प्रश्न के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर लखनऊ के हजरतगंज थाने में तहरीर दी गई है।




### एयर इंडिया की अबु धाबी, रस अल खैमा, शारजाह की उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की रविवार 15 मार्च की अपनी कई विशेष उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की कंपनियों ने रविवार को बताया कि यूएई हवाई अड्डा प्राधिकरण के निर्देश पर ये उड़ानें रद्द की गई हैं।




# उत्तर भारत में यकायक बदला मौसम का मिजाज

## उत्तराखंडः केदारनाथ-पिथौरागढ़ में बर्फबारी, नैनीताल में ओले गिरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के अलग-अलग हिस्सों में कई तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड के केदारनाथ-पिथौरागढ़ में बर्फबारी हो रही है, वहीं नैनीताल में ओले गिरे हैं। मौसम विभाग ने 12 जिलों में आंधी-बारिश और बर्फबारी का अलर्ट किया है।

उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से आंधी और बारिश का असर है। आज यूपी के 35 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। वहीं, राजस्थान के 10 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी है। मध्य प्रदेश के भी 12 जिलों में बारिश की संभावना है। नर्मदापुरम जिले का तापमान पिछले तीन दिन से लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है। शनिवार को भी 40.4 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसे में हीट स्ट्रोक खतरा है। वहीं दिल्ली में रविवार सुबह हुई हल्की बारिश से पिछले एक सप्ताह की गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिन भर हल्की बारिश की संभावना है। इस कारण शहर के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।




- मप्र में तापमान 40 डिग्री पार, यूपी के 35, राजस्थान के 10 जिलों में आंधी-बारिश संभव

## संक्षिप्त समाचार

### अभिषेक को मिली सचिव, सामान्य प्रशासन की जिम्मेदारी

**लखनऊ।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अभिषेक प्रकाश की बहाली के बाद सरकार ने रविवार को उन्हें सचिव, सामान्य प्रशासन के पद पर तैनाती दे दी है। इस संबंध में नियुक्ति विभाग ने शनिवार को बहाली के आदेश दिए थे, जिसके अनुसार 15 मार्च से पुन: कार्यभार ग्रहण करने को कहा गया था। नियुक्ति अनुभाग-5 द्वारा जारी आदेश में कहा गया था कि आईएएस अभिषेक प्रकाश की निलंबन अवधि 14 मार्च तक मानी जाएगी। इसके बाद 15 मार्च से उन्हें सेवा में बहाल करने का निर्णय लिया गया है। शासन ने यह आदेश राज्यपाल की अनुमति से जारी किया था। साथ ही आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बहाली के बावजूद उनके खिलाफ चल रही विभागीय कार्रवाई यथावत जारी रहेगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 11.68 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार में 06 मार्च को समाप्त सप्ताह 11.683 अरब डॉलर की गिरावट रही और सप्ताहांत पर यह 716.81 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.88 अरब डॉलर बढ़कर 563.245 अरब रुपये रह गई। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, ब्रितानी पाउंड और यूरो शामिल हैं, जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर के मुकाबले उनके संदर्भ दर से होता है। स्वर्ण भंडार में 1.612 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई और यह 6 मार्च को 130.017 अरब डॉलर रहा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.5 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 14.6 करोड़ डॉलर घटकर क्रमश: 4.828 अरब डॉलर और 18.72 अरब डॉलर पर रहे।

# बुलडोजर का ड्राइवर बदलेगा, हम बनेंगे सीएम

**मुंबई/लखनऊ, वार्ता**



■ मायावती की नाराजगी के सवाल पर अखिलेश यादव बोले

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने मायावती को लेकर पूछे गए सवाल पर नरम रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि वो सारे दलितों और पिछड़ों का सम्मान करते हैं, किसी बात को लेकर नाराजगी होगी लेकिन उनका सम्मान करते हैं। पिछली बार जो गठबंधन टूटा था, उसका ठीकरा अखिलेश यादव ने बीजेपी पर फोड़ा।

2027 में चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि बुलडोजर पर दिमाग नहीं होता, बस उसका ड्राइवर बदल जाएगा, बदलाव आप यही देखेंगे, हम सीएम बन जाएंगे। आने वाले 5 राज्यों के चुनाव में हम इंडिया अलायंस को समर्थन देंगे। असम में एक सीट मांगी है, नहीं हुआ, तो समर्थन करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में तो आज गैस सिलेंडर ऑनलाइन बुक कीजिए एरर दिखाता है। एसआईआर के मुद्दे पर पूर्व सीएम ने कहा कि बीजेपी एसआईआर नहीं लाई, एनआरसी लाई थी। यूपी के लोग यह समझ गए थे, कभी नंदलाल और कभी दशरथ की बात कर रहे थे। मैने देखा कि यूपी उपचुनाव में जैसे बीजेपी वालों ने लूट किया और चुनाव आयोग आंख बंद करके बैठा था। यूपी पुलिस एसआई परीक्षा के प्रश्न को लेकर उन्होंने कहा कि ये अंडरग्राउंड लोग कर क्या रहे हैं? अंडरग्राउंड लोग कैसा पेपर बना रहे हैं?

### पांच राज्यों में हों निष्पक्ष चुनाव: अखिलेश

**लखनऊ।** चुनाव आयोग की तरफ से रविवार को पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, पुड्डुचेरी और केरल में होने वाले विधानसभा की तारीखों की घोषणा किए जाने से पहले उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निर्वाचन आयोग पर सवाल खड़े किए हैं। अखिलेश यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को कई बार सवालों का सामना करना पड़ा है। चाहे वह एसआईआर को लेकर भेदभाव हो या उपचुनाव में सरकार द्वारा वोटों की हेराफेरी, कई सवाल उठे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग जब आज कई राज्यों में चुनाव की घोषणा करने जा रहा है, तो चुनाव आयोग यह भरोसा दिलाए कि निष्पक्ष चुनाव होगा और कहीं किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा, यह संवैधानिक संस्था है, उनकी जिम्मेदारी बनती है कि उनकी विश्वसनीयता पर कोई सवाल न खड़े हो।

### सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे कांशीराम

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक और बहुजन नेता कांशीराम की जयंती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अखिलेश यादव ने लिखा कि सामाजिक परिवर्तन के महानायक मान्यवर श्री कांशीराम जी की जयंती पर शत शत नमन। अखिलेश यादव अपने पास आए अब दलित वोट को छिटकने नहीं देना चाहते, लिहाजा वे दलित महापुरुषों को लेकर लगातार गंभीर हैं और उनके विचारों पर चलने का आह्वान करते हैं।

# बसपा आंदोलन से जुड़कर बहुजन समाज बने ईमानदार व मिशनरी अम्बेडकरवादी: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने पार्टी संस्थापक कांशीराम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजिल अर्पित देते हुए बहुजन समाज से अपील की है कि वे बसपा आंदोलन से जुड़कर ईमानदार और मिशनरी अम्बेडकर वादी बनें।

बहुजन समाज अपने वोट की ताकत से सत्ता की 'मास्टर चाबी' हासिल कर सकता है, जिससे संविधान में दिए गए अधिकारों को जमीन पर लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि यही कांशीराम का मिशन और उनके जीवन का संदेश भी है। सुश्री मायावती ने रविवार को एक्स पर जारी संदेश में कहा कि मान्यवर कांशीराम ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज के अधिकारों और सम्मान के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने डा. आंबेडकर की सोच और आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए देशभर में बहुजन समाज को संगठित किया। उन्होंने जाति के आधार पर उपेक्षित और पिछड़े लोगों को एकजुट कर उन्हें सामाजिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने का काम किया। उनके नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी ने 'सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति' के मिशन को आगे बढ़ाया। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि कांशीराम के ऐतिहासिक प्रयासों के कारण बहुजन समाज में राजनीतिक जागरूकता आई और समाज के लोगों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा मिली।

### कांशीराम को 'भारत रत्न' देने की मांग, राहुल गांधी ने लिखा पीएम मोदी को पत्र



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सामाजिक न्याय आंदोलन के महान नेता कांशीराम को मरणोपरांत 'भारत रत्न' देने की मांग की है। गांधी ने रविवार को अपने पत्र में कहा कि मान्यवर कांशीराम ने भारतीय राजनीति की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बहुजन समाज तथा गरीब वर्गों में राजनीतिक चेतना जगाई थी। उनका कहना था कि उनके इन प्रयासों से भारतीय लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई और राजनीतिक व्यवस्था अधिक प्रतिनिधिक तथा न्यायपूर्ण बनी।

# हम चमड़ी उतारकर बना देते हैं जूता: आजाद

**लखनऊ, वार्ता**



■ करणी सेना की धमकी पर चंद्रशेखर आजाद का पलटवार

करणी सेना ने आजाद समाज पार्टी के मुखिया और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को बाराबंकी की जमीन पर पैर नहीं रखने देने की धमकी दी है, जिस पर आसपा सांसद ने पलटवार किया और कहा कि हम ऐसी धमकियों ने नहीं डरते हैं। हम चमड़ा उतारना भी जानते हैं और उसका जूता बनाना भी जानते हैं।

भीम आर्मी के मुखिया और आसपा सांसद चंद्रशेखर आजाद रविवार को कांशीराम जयंती के मौके पर बाराबंकी में भीम आर्मी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह लखनऊ पहुंचे, जहां उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए करणी सेना के नेता अभिनव सिंह की धमकी पर तीखा हमला किया। चंद्रशेखर ने कहा कि हम संघर्ष करने वाले लोग हैं, हम धमकियों से नहीं डरते। मैं तो संवैधानिक व्यक्ति हूं, हम बड़े सज्जन लोग है, संविधान को मानने वाले लोग है, डरते किसी से नहीं है। डरते तो भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ नहीं जाएंगे। इस दौरान जब उनसे अलग- अलग सियासी दलों द्वारा कांशीराम जयंती पर कार्यक्रमों को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि कांशीराम व्यक्ति नहीं विचार है, जो उनके विचारों पर चल रहा है कांशीराम तो उन्हीं के हैं।

## आदतन गलती दोहराने वाले पेपर केंद्रों को प्रतिबंधित करने की जरूरत: योगी

# आस्था पर अमर्यादित टिप्पणी न हो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ एसआई भर्ती परीक्षा में हुए बवाल पर बोले सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (यूपी एसआई) भर्ती परीक्षा में हिंदी अनुभाग के एक प्रश्न के पूछे जाने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी भर्ती बोर्डों के चेयरपर्सन्स से कहा है कि सभी पेपर सेटर्स को स्पष्ट रूप से निर्देश दें कि हैबिचुअल ऑफेंडर्स (बार-बार गलती करने वाले) को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में किसी व्यक्ति, जाति, पंथ या सम्प्रदाय की मर्यादा और आस्था के संबंध में अमर्यादित टिप्पणी या संदर्भ नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में पेपर सेटर्स के साथ किए जाने वाले एमओयू (समझौता ज्ञापन) में भी इस विषय को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हो रही बारिश को देखते हुए भी प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा है कि वे फील्ड में जाकर फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन कराएं। साथ ही राहत आयुक्त को अधिकारियों के साथ सीधा समन्वय बनाकर किसानों को समय पर मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि 14 मार्च को आयोजित यूपी एसआई भर्ती परीक्षा के हिंदी अनुभाग में एक प्रश्न में 'पंडित' शब्द को 'अवसरवादी' के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इस प्रश्न को लेकर ब्राह्मण समुदाय की भावनाएं आहत होने की बात सामने आई, जिसके बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

### दिल्ली जेल से बंदी लखनऊ आया उपनिरीक्षक की परीक्षा देने

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (दरोगा) भर्ती परीक्षा के दौरान लखनऊ के परीक्षा केंद्रों पर रविवार को दिलचस्प और अनोखे दृश्य देखने को मिले। एक ओर जहां साइबर फ्रॉड के मामले में दिल्ली की सेंट्रल जेल में निरुद्ध एक कैदी पुलिस की निगरानी में परीक्षा देने लखनऊ पहुंचा, वहीं दूसरी ओर दो महिला सिपाही नवजात बच्चों को गोद में लेकर परीक्षा ड्यूटी करती नजर आईं। जानकारी के अनुसार प्रयागराज निवासी अंकित त्रिपाठी साइबर फ्राड के आरोप में दिल्ली सेंट्रल जेल में बंद है। अदालत की अनुमति के बाद दिल्ली पुलिस उसे लखनऊ लेकर आई।

### चाबहार बंदरगाह परियोजना पर स्थिति स्पष्ट करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ईरान में स्थित चाबहार बंदरगाह इस दौरान परिदृश्य में नहीं है और इसका अदृश्य होना सरकार की कूटनीति के लिए और बड़ा झटका है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा कि सरकार को चाबहार परियोजना को लेकर स्थिति स्पष्ट कर बताना चाहिए कि क्या भारत अब भी इस परियोजना में शामिल है। उनका उनका कहना था कि अगर ऐसा नहीं है तो यह भारत के लिए बड़ा रणनीतिक झटका है। उन्होंने सवाल करते हुए पूछा कि इस परियोजना में स्थिति क्या है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 74563.92
**निफ्टी** 23151.10



**सोना** 159810
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 275000
प्रति किलो



# ईरान युद्ध की स्थिति से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दो सप्ताह से जारी भारी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में भी ईरान युद्ध की स्थिति ही निवेश धारणा को तय करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक होगा। ईरान युद्ध जिस तरह से लंबा खिच रहा है उससे दुनिया भर के शेयर बाजारों के साथ भारतीय शेयर बाजार भी दबाव में हैं। यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो आने वाले सप्ताह में भी बिकवाली जारी रह सकती है। इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक और उसके बयान पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। यह बैठक 17.18 मार्च को होने वाली है।

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को छोड़कर बाकी के चार दिन गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स कुल मिलाकर 4,354.98 अंक (5.52 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 74,563.92 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 1,299.35 अंक यानी 5.61 फीसदी गिरकर 23,151.10 अंक पर आ गया। दोनों सूचकांकों का यह 11 महीने का निचला स्तर है। इस साल 26 फरवरी के बाद से सेंसेक्स 7,685 अंक (9.34 प्रतिशत) और निफ्टी.50 सूचकांक 2,345.45 अंक (9.20 प्रतिशत) टूट चुका है। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में भी बड़ी साप्ताहिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 4.77 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 3.66 प्रतिशत लुढ़क गया। सेंसेक्स की 30 में से 27 कंपनियों में साप्ताहिक गिरावट रही। एलएंडटी का शेयर सबसे अधिक 12.86 प्रतिशत गिरा। अल्ट्राटेक सीमेंट में 11.51 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 11.47, मारुति सुजुकी में 11.03, बजाज फाइनेंस में 9.99, एक्सिस बैंक में 9.02, भारतीय स्टेट बैंक में 8.46, कोटक महिंद्रा बैंक में 8.33, अडानी पोर्ट्स में 7.67 और टाटा स्टील में 7.61 प्रतिशत की गिरावट रही। सप्ताह के दौरान बजाज फिनसर्व का शेयर 6.98 प्रतिशत, इटरनल का 6.96, ट्रेंट का 6.24, बीईएल का 6.14, टीसीएस का 5.76, इंडिगो का 5.61, एचडीएफसी बैंक का 4.68, इंफोसिस का 4.57 और आईसीआईसीआई बैंक का 4.50 प्रतिशत टूट गया।

### सोना एक हफ्ते में 2990 सस्ता, चांदी में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध से मिडिल ईस्ट में छाए संकट के बावजूद देश में सोने की कीमत में वीकली बेसिस पर गिरावट आई है। एक सप्ताह में 24 कैरेट गोल्ड 2990 रुपये सस्ता हुआ है। वहीं 22 कैरेट गोल्ड का भाव 3650 रुपये नीचे आया है। रविवार को कीमत की बात करें, तो राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड 159810 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। मुंबई में कीमत 159660 रुपये प्रति 10 ग्राम है। दूसरी कीमती धातु चांदी की कीमत में भी वीकली बेसिस पर गिरावट है और भाव 10000 रुपये नीचे आया है। 15 मार्च की सुबह चांदी की कीमत 275000 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। शुक्रवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 11,000 रुपये या 3.97 प्रतिशत गिरकर 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चांदी का हाजिर भाव 83.14 डॉलर प्रति औंस है। इस साल जनवरी महीने में चांदी की कीमत 4 लाख रुपये के आंकड़े को क्रॉस कर गई थी।13 मार्च को दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,000 रुपये या 1.21 प्रतिशत गिरकर 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका कारण डॉलर का मजबूत होना और वैश्विक मौद्रिक नीति को लेकर अनिश्चितता है।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी में साप्ताहिक तेजी, खाद्य तेलों, दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख देख गया। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 50 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,782 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 25 रुपये सस्ता होकर 2,794 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे का भाव 10 रुपये गिरकर 3,301 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दालों की कीमत में घट-बढ़ रही। सप्ताह के दौरान चना दाल औसतन 24 रुपये और मसूर दाल 16 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। वहीं उड़द दाल की कीमत 36 रुपये और तुअर दाल की 11 रुपये बढ़ गई। मूंग दाल आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में भी उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सूरजमुखी तेल 360 रुपये और पाम ऑयल 332 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 267 रुपये और सोया तेल की 119 रुपये बढ़ गई। वनस्पति भी 26 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में सप्ताह गुड़ के औसत भाव 10 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। दूसरी तरफ चीनी 22 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे-दाल चना 7693.81 रुपये, मसूर काली 8040.21 रुपये, मूंग दाल 10142.29 रुपये, उड़द दाल 10759.19 रुपये, तुअर दाल 11134.55 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2793.78 रुपये और चावल 3782.38 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3300.85 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान का...** रिपोर्ट में दावा किया था कि मुजतबा 28 फरवरी को अमेरिका- इजरायल के हमले में घायल हो गए थे। इसके बाद से वे कोमा में हैं और उनका एक पैर भी काटना पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने भी कहा था कि मुजतबा घायल हो गए हैं। हालांकि अराघची ने इन दावों को खारिज कर दिया है। ईरान ने रविवार को मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजरायल के कई ठिकानों को निशाना बनाकर ड्रोन अटैक किया। ईरान के खार्ग द्वीप पर अमेरिकी हमले के बाद भी तेल टैंकरों में तेल भरने का काम जारी है। अल जजीरा के मुताबिक वहां एक टैंकर को तेल लोड करते हुए देखा गया है। जहाजों की गतिविधि पर नजर रखने वाले प्लेटफॉर्म टैंकरट्रैकर्स के मुताबिक इलाके में और भी कई टैंकर खड़े हैं। सैटेलाइट तस्वीरों में दिखा है कि 5 टैंकर पहले ही फ्यूल ऑयल भर चुके हैं और 2 टैंकर अभी तेल भरने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ये टैंकर किस देश या कंपनी के हैं। इराक में ऑयल एक्सपोर्ट दोबारा शुरू करने को लेकर सरकार के अलग-अलग विभागों में मतभेद सामने आए हैं। इराक के तेल मंत्रालय ने कहा है कि ऑयल एक्सपोर्ट फिर से शुरू करने के लिए तैयार है, लेकिन कुर्द क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने फिलहाल इससे इनकार कर दिया है। तेल मंत्रालय के मुताबिक, क्षेत्र से तुर्किये के बंदरगाह जेहान तक जाने वाली पाइपलाइन के जरिये रोज करीब 3 लाख बैरल तेल भेजा जा सकता है। इसके अलावा पहले से चल रहे तेल क्षेत्रों से करीब 2 लाख बैरल तेल रोजाना एक्सपोर्ट किया जा सकता है। हालांकि प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने कुछ शर्तें रखते हुए अभी निर्यात शुरू करने से मना कर दिया है। इस पर तेल मंत्रालय ने कहा कि शर्तों पर बाद में बात की जा सकती है, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान से बचाने के लिए निर्यात जल्द शुरू होना जरूरी है।

**बंगाल, असम...** रिजार्ट भेजा था। ओडिशा की चार राज्यसभा सीटों पर चुनाव हो रहा है, जिसमें भाजपा को दो और बीजेडी को एक सीट मिलने की संभावना है। चौथी सीट के भाजपा और बीजेडी प्रत्याशी के बीच मुकाबला होगा। राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 10 राज्यों में चुनाव 16 मार्च को होगा और उसी दिन शाम 5 बजे मतगणना होगी। खाद्य आपूर्ति मंत्री केसी पात्रा और कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि 16 मार्च के राज्यसभा चुनाव में भाजपा को चार में से तीन सीटें जीतने का भरोसा है और वोट अमान्य न हों, इसके लिए विधायकों को पारादीप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। भाजपा ने डिप्टी चीफ व्हिप पीके देब को मतदान के लिए अधिकृत एजेंट बनाया है। वहीं ओडिशा विधानसभा में शनिवार को माक ड्रिल भी हुई, क्योंकि 147 सदस्यीय सदन में 84 विधायक पहली बार चुने गए हैं, इसलिए प्रशिक्षण जरूरी माना गया।

**दरोगा भर्ती...** और न ही इसका प्रश्न से कोई तालमेल है। ऐसा कृत्य किसी मानसिक विकृति से ग्रसित पेपर सेटर द्वारा जानबूझकर किया गया प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य समाज में समरसता को बिगाड़ना है। मंत्री ने कहा कि इस तरह की हरकतें न केवल सामाजिक समरसता को प्रभावित करती हैं, बल्कि समाज के एक वर्ग की भावनाओं को भी आहत करती हैं। किसी भी जाति, वर्ग या परंपरा के प्रतीक शब्दों का अपमानजनक संदर्भ में उपयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। पेपर सेटिंग की प्रक्रिया अत्यंत गोपनीय होती है, ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित करना कठिन नहीं होना चाहिए। दोषी पेपर सेटर की पहचान कर उसके खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी समाज या वर्ग के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने से पहले सौ बार सोचे। योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि हाल ही में एक फिल्म के नाम को लेकर भी इसी तरह की आपत्तिजनक स्थिति सामने आई थी।

# यूपी एसआई परीक्षा में 'पंडित' शब्द के चित्रण पर ब्राह्मणों और बटुकों का प्रदर्शन

**वाराणसी, वार्ता**

■ प्रश्न पत्र तैयार करने वाली कमेटी के विरुद्ध तत्काल कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा के एक प्रश्न और उसके विकल्पों को लेकर विवाद गहरा गया है।

रविवार को वाराणसी के अहिल्याबाई घाट पर काशी के विप्र समाज और बटुकों ने इस पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। विप्र समाज का आरोप है कि परीक्षा के हिदी खंड में एक 'अत्यंत आपत्तिजनक व असंवेदनशील' प्रश्न पूछा गया। प्रश्न था- अवसर के अनुसार बदल जाने वाले के लिए एक शब्द चुनें। इसके विकल्पों में पंडित, अवसरवादी, निष्कपट और सदाचारी को रखा गया था। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विप्र समाज के संयोजक डा. पवन शुक्ला ने कहा कि प्रश्न का ढांचा पूरी तरह त्रुटिपूर्ण है। अवसर के अनुसार बदल जाने वाला व्यक्ति 'अवसरवादी' कहलाता है, लेकिन विकल्पों में 'पंडित' शब्द को शामिल करना एक विशेष समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। उन्होंने कहा कि पंडित शब्द विद्वान, ज्ञानी और धार्मिक मर्यादा का प्रतीक है।

इसे अवसरवादिता जैसे नकारात्मक भाव से जोड़ना अनुचित और संवेदनहीन है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह जानबूझकर किया गया प्रयास है। वक्ताओं ने कहा कि यह न केवल परीक्षा की शुचिता पर सवाल उठाता है, बल्कि सरकार की छवि को धूमिल करने और सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की भी कोशिश है।

प्रश्न पत्र तैयार करने वाली कमेटी और जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल विभागीय जांच कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इस विवादित प्रश्न को आधिकारिक रूप से निरस्त कर सुधार किया जाए। साथ भविष्य में परीक्षाओं में सामाजिक संवेदनशीलता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु सरकार 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाए। प्रदर्शन कर रहे लोगों के हाथों में तख्तियां लिए 'पुलिस भर्ती बोर्ड होश में आओ' और 'विप्र समाज का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' जैसे नारे लगा रहे थे।

# सोने की तस्करी में शामिल छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने विदेश से सोने की तस्करी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इस अभियान में 14.13 करोड़ रुपये से अधिक की सोना, चांदी और भारतीय मुद्रा जब्त की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों पर विदेशों से सोने की तस्करी, रेल मार्ग से परिवहन, अवैध संयंत्रों में उसे पिघलाने और उसमें मिलावट करने तथा घरेलू बाजार में गुपचुप तरीके से बिक्री करने के आरोप हैं। उनके पास से कुल मिलाकर, 13.41 करोड़ रुपये मूल्य का 8,286.81 ग्राम सोना, 19.67 लाख रुपये मूल्य की 7,350.4 ग्राम चांदी और 51,74,100 रुपये की भारतीय मुद्रा जब्त की गई है। मंत्रालय ने बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई के अधिकारियों ने कोलकाता से ट्रेन से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आए एक यात्री को रोका, जिसके पास विदेशी निशान वाला सोना था। वह यह सोना स्टेशन के बाहर एक व्यक्ति को सौंपने वाला था। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। प्राप्त जानकारियों के आधार पर दिल्ली में तलाशी अभियान चलाया गया। इसमें दिल्ली में सोना पिघलाने के एक अवैध स्थान का पता चला। इस स्थान का उपयोग विदेशी मूल के सोने को स्थानीय बाजार में बेचने से पहले उसमें मिलावट करने के लिए किया जाता था। परिसर से अतिरिक्त सोना, चांदी और भारतीय मुद्रा बरामद की गई। उस स्थान का संचालन करने वाले प्रबंधक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



26वां रोज़ा इफ्तार
16 मार्च सोमवार
सुन्नी...................... 06:30
शिया...................... 06:43
27वां रोज़ा सहरी
17 मार्च मंगलवार
सुन्नी...................... 05:01
शिया...................... 04:07



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# पारिवारिक विवाद में चाचा को गोली मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव शेरनगर में पारिवारिक मामूली विवाद ने संघर्ष का रूप ले लिया। जहां तैश में आये भतीजे ने अपने चाचा को गोली का निशाना बना लिया। हालांकि चाचा अभी अस्पताल में जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रहा है,लेकिन जिस तरह से गोली मारी गयी उससे साफ हो रहा है कि हत्या के इरादे से भतीजे ने चाचा को गोली का निशाना बनाया। इस पूरे विवाद की जड एक वैवाहिक मामला है जहां घटना से कुछ देर पूर्व दोनों पक्षों के बीच लडकी के मामले में लेन-देन की बात चल रही है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।



बीती रात करीब 11 बजे नई मंडी क्षेत्र के गांव शेरनगर में भतीजे ने चाचा को गोली मार दी। इसके बाद यहां तनाव की स्थिति बन गई। गोली से घायल हुए याकूब को जिला अस्पताल से गंभीर हालत बताते हुए मेरठ रैफर कर दिया। याकूब के गोली कमर में लगनी बतायी गई है। बताया जाता है कि याकूब के भाई की पौती की शादी दिल्ली में हुई थी और इसके बाद यह शादी टूट गई। जिसके बाद दोनों परिवारों के बीच विवाद शुरु हुआ। जिम्मेदार लोगों ने दोनों पक्षों को समझाते हुए आपस में लेन-देन की बात शुरू कराई।

रात के समय दोनों परिवार और जिम्मेदार लोग एक छोटी सी पंचायत कर रहे थे। पंचायत में तय हुआ कि पीडित पक्ष को 53 लाख रूपये दिये जाये। बताया जाता है कि यह बात पहले तय हो गई थी और शनिवार की रात दोनों पक्ष आपस में बात कर रहे थे। एक पक्ष ने इस समझौते को तुरन्त ही करने पर जोर दिया जबकि याकूब ने रमजान व ईद का हवाला देते हुए कुछ दिन बाद करने की बात की।

कुछ देर बाद उसका भतीजा नौमान यहां भडक गया और यहा कहा. सुनी हो गई जब मामला तूल पकडने लगा तो जिम्मेदार लोगों ने मामला शांत कराकर बैठक भी शांत करा दी थी जैसे कि लोगों का कहना है कि घटना के समय याकूब घर के बाहर टहल रहा था आरोप है कि इसी बीच नौमान यहां पहुंचा और हत्या के इरादे से याकूब जमीन पर गिर गया। गोली की आवाज सुनकर यहां लोगों की भीड इकट्ठा हो गई।

सूचना के कुछ देर बाद ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। घायल याकूब को जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे रैफर कर दिया। घायल पक्ष की ओर से नई मंडी कोतवाली में कार्यवाही के लिए तहरीर दे दी गई।

## परिवहन विभाग ने टूरिस्ट बस सीज कर लगाया 81800 का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रविवार दोपहर को मंसूरपुर क्षेत्र में परिवहन विभाग की टीम एक्शन मोड में दिखाई दी। सहायक संभागीय परिवहन अधिक. ारी सुशील कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें कई वाहनों की जांच की गई।

चेकिंग के दौरान एचआर 55 एजी 1330 नंबर की एक टूरिस्ट बस के कागजात चेक किए गए तो परमिट एक्सपायर पाया जाने पर परिवहन विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए बस को सीज कर दिया। अधिकारियों के अनुसार बस आवश्यक दस्तावेज और निर्धारित मानकों को पूरा नहीं कर रही थी।

इस दौरान बिना मानकों के संचा. लित हो रहे और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। परिवहन अधिकारी सुशील कुमार मिश्रा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती करते हुए दिखाई दिए और कई वाहनों के कागजात की गहन जांच की गई।

परिवहन विभाग की बड़ी कार्यवाही के दौरान सड़क पर दौड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया हरियाणा नंबर की टूरिस्ट बस का परमिट न होने पर चीज की कार्यवाही की गई तो साथ ही साथ 81800 का जुर्माना भी लगाया गया। वहीं, जिस टूरिस्ट बस को सीज किया गया था उसमें बैठे सभी यात्रियों को परिवहन विभाग के अधिकारियों ने सुरक्षित तरीके से दूसरे वाहनों के माध्यम से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शाश्वत हिन्दू प्रतिष्ठान की बैठक

**मुजफ्फरनगर।** शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान की एक विशेष बैठक आदरणीय आलोक स्वरूप की अध्यक्षता में उनके निवास पर आयोजित हुई बैठक का शुभारंभ तीन बार ओम के उच्चारण से हुआ बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री संजय शर्मा ने डॉक्यूमेंट्री के द्वारा बताया कि धर्म का मूल आधार मंदिर है और शाश्वत हिंदू मंदिर इकोसिस्टम की दिशा में कार्यरत है इसी क्रम में शाश्वत देवालय, शश्वत प्रांगण, शाश्वत बाजार, शाश्वत कार्ड, आशीर्वाद कार्ड परकल और योजनाएं शामिल हैं यह सब राष्ट्रीय संत विजय कौशल महाराज जैन संत लोकेश मुनि आध्यात्मिक गुरु डॉक्टर पवन सिन्हा का भरपूर मार्गदर्शन मिल रहा है मंदिरों को भक्ति के साथ सामा. जिक गतिविधियों का केंद्र बनाने का मार्ग ही भारत और सशक्त भारत बनाने का मार्ग है इसमें सहयोग करना सभी सनातनियों का धर्म है संगठन में मुख्य रूप से केंद्रीय अधिकारी संजय शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री, रितेश बिजो. रिया संयोजक शाश्वत प्रांगण, विराज मजूमदार संयोजक शाश्वत बाजार आदि मौजूद रहे।




मुजफ्फरनगर: बहुजन समाज दिवस पर विचार रखते राकेश शर्मा।

## घरेलू गैस संकट गहराया, लोगों ने एजेंसियों की जांच की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और समय पर गैस उपलब्ध न होने से उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। कस्बे की एचपी गैस एजेंसी और इंडेन गैस एजेंसी के गोदामों पर गैस सिलेंडर लेने के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें लगी नजर आईं। सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष सिलेंडर के इंतजार में खड़े दिखाई दिए, लेकिन कई लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एजेंसी संचालक और कर्मचारी मिलकर गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि आम उपभोक्ताओं को



यह कहकर टाल दिया जाता है कि एक माह में केवल एक ही सिलेंडर दिया जा सकता है, जबकि हकीकत यह है कि कई उपभोक्ताओं को एक महीना बीत जाने के बाद भी सिलेंडर बुक कराने और प्राप्त करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगों में एजेंसियों के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। कस्बे के कई लोगों ने आरोप लगाया कि एजेंसी मालिक गुपचुप तरीके से गैस सिलेंडर व्यापारियों और होटलों को अधिक मात्रा में सप्लाई कर रहे हैं, जिसके कारण आम उपभोक्ताओं के हिस्से के सिलेंडर कम पड़ जाते हैं।

यही वजह है कि जरूरत होने के बावजूद लोगों को समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है और उन्हें बार-बार एजेंसी के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।घरेलू गैस की कमी और बढ़ती परेशानी के कारण कस्बे के लोगों में रोष का माहौल है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उन्हें मजबूर होकर प्रदर्शन करना पड़ेगा।

लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के उच्च अधिका. रियों से मांग की है कि कस्बे की दोनों गैस एजेंसियों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि कालाबाजारी की पुष्टि होती है ।

# बहुजन समाज दिवस के रूप में मनाई कांशीराम जयंती

## सपा कार्यकर्ताओं ने किया कांशीराम को नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर बहुजन नायक कांशीराम जयंती को ष्बहुजन समाज दिवस व पीडीए दिवस के रूप में मनाते हुए कार्यकर्ताओं ने बहुजन नायक कांशीराम के विचारों एवं संघर्षों को याद करते हुए उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट व संचालन सपा नेता साजिद हसन व पवन बंसल द्वारा किया गया। यहां

पूर्व सांसद कादिर राणा, विधायक पंकज मलिक, महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी सपा राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा वरिष्ठ सपा नेता व जिला बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट,सपा प्रदेश सचिव विनय पाल प्रदेश सचिव नौशाद अली सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्यामलाल बच्ची सैनी पूर्व मंत्री महेश बंसल ने अपने संबोधन में आह्वान किया कि संविधान व आरक्षण बचाने पीडीए को उनकी हिस्सेदारी एवं अधिकार दिलाने की बहुजन नायक कांशीराम के मिशन को पीडीए के रूप में समाजवादी पार्टी ही सच्चे अर्थ में लड़ रही है महिला सभा जिलाध्यक्ष पूजा अनिल अंबेडकर द्वारा कांशीराम जयंती पर आये लोगों को लड्डू खिलाकर हर्ष का इजहार किया गया। डॉ मोनिका सिंह निवासी ग्राम पछेंदा कला द्वारा अपने सैकड़ों समर्थकों सहित समा. जवादी पार्टी में आने की घोषणा की गई। सपा नेता लोकेंद्र कुमार,प्रदेश सचिव चौधरी इलम सिंह गुर्जर,पूर्व सपा प्रत्याशी मीरापुर हाजी लियाकत,सपा नेता अब्दुल्ला राणा,सपा नेता लतेश विधूड़ी,सपा शिक्षक सभा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल,सपा पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष सतीश गुर्जर,सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धनवीर कश्यप,सपा नेता सोमपाल सिंह कोरी, सपा नेता नेपाल सिंह एडवोकेट सपा नेता साजिद हसन,पवन बंसल, धर्मेन्द्र सिंह नीटू, सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष पूजा अनिल अंबेडकर, सपा नेत्री दीप्ति पाल,लोकेंद्र कुमार, डॉ अविनाश कपिल,दर्शन सिंह धनगर, डॉ नरेश विश्वकर्मा, चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत,बालेंद्र मौर्य, सरदार प्रेमपाल सिंह,शमशेर मलिक, ओमपाल सिंह, सादिक चौहान,अकरम खान,सत्यदेव शर्मा,बालेंद्र मौर्य,राव फ़हीम अहमद, अंकित शर्मा,रामपाल सिंह पाल,वीरेंद्र नागर एडवोकेट, समुद्र सेन, सलीम मलिक,सुमित पंवार बारी आमिर कासिम एडवोकेट,डॉ इसरार अल्वी,नदीम मलिक,नावेद रंगरेज, मीर हसन,राशिद जैदी, अभिषेक गोयल एडवोकेट, बालम. ुकुंद ग्रेड, वसीम राणा,सरदार हाजी वसीम, अफाक पठान,योगेंद्र बालियान, कौशल रानी वाल्मीकि, नरेश पाल , अनुराग पाल, सैयद मौहम्मद मेंहदी, अनुज गुर्जर,जाउल चौधरी, मोहसिन सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दिन निकलने से पूर्व हुई बारिश ने कराया ठंड का अहसास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** रविवार की प्रथम रात्रि लगभग सवा चार बजे तेज़ गर्जना और हवा के साथ हुई बारिश ने नागरिकों को ठंड का अहसास करा ही दिया। सहरी के बाद नमाज पढ़ने निकले वृद्ध नमाजियों को गर्म कंबल में लिपटे देखा।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को मौसम बदल गया। सुबह दिन निकलते से पहले ही सहर में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई। जिससे एक साथ मौसम सुहाना हुआ। इस दौरान गरज भी पड़ती रही। पिछले एक दो दिनों से मौसम लगातार बदल रहा है। दिन में कभी धूप तो कभी बादल छाए रहे हैं। वैसे सुबह के समय दिन में धूप खिली और फिर कुछ ही घंटों बाद बादल छा गये और कुछ मिनट मामूली सी बूंदाबांदी हुई। आज रविवार सुबह तेज हवाओं के साथ हल्की सी बारिश से मौसम बदल गया। वैसे इस समय खेतों में सरसों की फसल पक चुकी है। जहां सरसों की कटाई चल रही है। आज हवा की गति तेज है जहां सरसों की फसल और गेंहू की काफी पसंद खेतों में कहीं कहीं को बिछी हुई दिखी। ऐसे में सरसों के दाने नीचे गिरने लगते हैं।

अब गेहूं की फसल पकने वाली है। बारिश और हवा से गेहूं की फसल गिर जाती है। जिससे पैदावार पर पूरा असर पड़ता है। बूंदाबांदी के कारण तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। सुबह होते ही किसान अपनी फसलों की स्थिति जानने के लिए खेतों की ओर दौड़ पड़े। इस समय क्षेत्र में आलू, सरसों और गेहूं की फसलें पककर तैयार खड़ी हैं जबकि कई स्थानों पर सरसों की कटाई भी चल रही है।

गांव सफीपुर और सफीपुर पटी के किसान नीटू कुमार और मौहम्मद यूसुफ ने इस संवाददाता को बताया कि यदि तेज बारिश होती है तो खेतों में तैयार खड़ी सरसों की फसल को नुकसान हो सकता है। तेज बारिश या फिर ओलावृष्टि होने पर तैयार खड़ी फसल को भारी नुकसान हो सकता है जिससे किसानों की महीनों की मेहनत बर्बाद हो जाएगी। ऐसे में क्षेत्र के किसान खेतों में पहुंचकर अपनी फसलों को बचाने में जुटे हुए हैं। सुबह के समय आसमान में बादल छाए रहे और किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उनकी मेहनत से तैयार हुई फसल सुरक्षित रह सके।

## दूसरे दिन भी 4348 परीक्षार्थियों ने छोड़ी एसआई परीक्षा

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में 15 मार्च को आयोजित उ0प्र0 पुलिस उपनिरीक्षक लिखित परीक्षा को मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा सकुशल सम्पन्न कराया गया।

जनपद मुजफ्फरनगर में उ0प्र0 पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा की लिखित परीक्षा दो पालियों में जनपद के 17 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी। उक्त परीक्षा में कुल 15,360 अभ्यर्थियों को सम्मिलित होना था, जिसमें से 11,012 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में प्रतिभाग किया गया, जबकि 4,348 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।




मुजफ्फरनगर: दूसरे दिन एसआई परीक्षा देकर परीक्षा केन्द्र बाहर निकलते युवा।

## दिल्ली से आ रहा कचरे से भरा ट्रक रोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड पर उस वकत हंगामे की स्थिति बन गई जब ग्रामीणों और भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली से आ रहे कचरे से भरे एक ट्रक को रोक लिया। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के जट मुझेड़ा के नजदीक जहां ग्रामीणों ने ट्रक कचरे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि ट्रक कचरे से ओवरलोड था और कचरा सड़क पर भी फैल रहा था। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि यह कचरा बिंदल डुप्लेक्स में ले जाया जा रहा था। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि इस गंभीर मुद्दे पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान शहम यहां मौत नहीं बांटने देंगेश जैसे नारे भी लगाए गए। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दिल्ली की नालियों और नगर निगम का कचरा (रिफ्यूज डेराइव्ड फ्यूल) के नाम पर मुजफ्फरनगर लाया जा रहा है। उनका दावा है कि इस कचरे को स्थानीय फैक्ट्रियों में जलाया जा रहा है, जिससे भोपा रोड इलाके में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है।

## झांसी की रानी बाजार में महिला ने चुराए सूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ईद के त्यौहार पर बढती भीड़ का फायदा जहां चोर उठा रहे है तो महिलाये भी कपडो पर हाथ साफ कर रही है। कोतवाली पुलिस ने गत दिवस झपट्टा मार युवक को जेल भेजा था और रविवार को एक नया मामला शहर के झांसी रानी चौक के पंजाब मार्किट का सामने आया है जहां एक महिला सूट देते समय बडी ही सफाई के साथ दो सूट ले गई।

दुकानदार का कहना है कि जब महिला सूट ले गई तो यहां रखे दुपट्टे भी ले जाती, यह मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। शहर की झांसी रानी चौक पर यश वंदना कलेक्शन के नाम से कपडे की दुकान है। बता दे कि ईद के त्यौहार पर झांसी की रानी, भगत सिंह रोड और कई अन्य बाजार में भारी भरकम भीड है। एक महिला अपनी सहयोगी के साथ इस दुकान पर कपडे देखने के लिए पहुंची।

शायद यह महिला भूल गई थी कि यहां दुकान मालिक और नौकरों के अलावा तीसरी आंख भी है। महिला ने कपडे देखे और बडी सफाई के साथ दो सूट साफ कर दिये। सूट अपने कब्जे में करने के बाद महिला ने थोडा इधर उधर देखा और मौका पाते ही फरार हो गई।

महिला के जाते ही दुकानदार ने सीसीटीवी कैमरे चैक किये जहां एकमहिला दो सूट पन्नी में डालती हुई साफ नजर आ रही है। दुक. ानदार व नौकरों ने महिला को काफी तलाश किया क्योकि महिला की सारी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी लेकिन इसके बाद भी महिला नही मिली।

# पुलिस भर्ती पेपर में जातिगत टिप्पणी सनातनियों का अपमान : हरेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** यूपी पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के पहले दिन जातिगत आधार पर एक आपत्ति. जनक टिप्पणी के साथ प्रश्नपत्र में आए एक सवाल ने प्रदेश की राजनी. ति में हलचल पैदा कर दी है। अवसर के अनुसार बदल जाने वाले व्यकित सवाल के विकल्प में 'पंडित' शब्द शामिल होने पर ब्राह्मण समाज में नाराजगी सामने आई है। समाजवादी पार्टी ने इसे मुद्दा बनाते हुए सरकार से माफी मांगने और जिम्मेदार अधिका. रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रश्न के विकल्प में 'अवसरवादी पंडित' शब्द आने पर ब्राह्मण समाज में आक्रोश देखने को मिला और इस मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस मामले में किए गए ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए हरेंद्र मलिक ने कहा कि उन्होंने अभी ट्वीट नहीं देखा है। ट्वीट केवल औपचारिकता है या वास्तविक प्रतिक्रिया, यह पढ़ने के बाद ही स्पष्ट होगा। उन्होंने कहा कि यह साधारण गलती नहीं है, बल्कि गंभीर प्रतिक्रिया के योग्य मामला है।

उन्होंने यह भी कहा कि यह कोई सामान्य स्कूल का प्रश्नपत्र नहीं था, बल्कि पुलिस भर्ती जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का पेपर था, जो सरकार के गृह विभाग के अंतर्गत तैयार होता है।सरकार इसमें सीधे तौर पर शामिल रहती है, ऐसे में इस प्रकार की गलती की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

सरकार को मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि समाज में सौहार्द बना रहे और सामाजिक सदभाव बनाये रखना सरकार का दायित्व है पंडित' शब्द केवल ब्राह्मण समाज की पहचान ही नहीं, बल्कि विद्वान और ज्ञानवान व्यकित का भी प्रतीक माना जाता है। ऐसे शब्द को 'अवसरवादी' जैसे आपत्तिजनक अवसरवादी व्यकित की पहचान के सवाल की श्रेणी में रखना सनातन परंपरा, समस्त सनातनियों और शिक्षाविदों का अपमान है।

## बाइकों की भिड़ंत में चार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना-ककरौली मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत एक अज्ञात कार से बचते समय हो गई। जिसमें दो बाइको पर सवार चार युवा घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया गंभीर हालत के चलते को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी भूरा, नदीम, शाहनूर बाइक पर सवार होकर मोरना जा रहे थे।वहीं चौरावाला निवासी गौरव बाइक से मोरना से चौरावाला अपने घर लौट रहा था।जैसे ही वह ककरौली मोरना मार्ग भिड़ाहेड़ी में ईंट भटे के पास पहुंचे तभी वहां से गुजर रही अज्ञात कार से बचने के दौरान दोनों बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई घायलों को निज सहायता दल की टीम ने एम्बुलेंस की सहायता से भोपा सीएचसी भिजवाया।जहां सेप्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत को देखते हुए चारों घायलो को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

## महिला पुलिसकर्मी मीनू से मिले आसपा नेता

**बुढ़ाना।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम मुजफ्फरनगर के पूर्व जिला प्रभारी और भारतीय गुरु रविदास विकास मंच के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट विकास अंबेडकर डूंगर रविवार के दिन अपने कई कार्यकर्ताओं के साथ पीडित भीम आर्मी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र उर्फ सरदार के परिवार से मिले। जिसमें परिवार और गांव के कुछेक लोगों ने बतलाया कि नरेंद्र उर्फ सरदार के परिवार के साथ बुढ़ाना पुलिस के द्वारा विगत दिवस अत्याचार किया गया है। पुलिस का देर रात्रि में घर पर पहुंचना, परिवार के साथ मारपीट करना, बदतमीजी करना, रात्रि में ही नरेंद्र उर्फ सरदार और उनके बहनोई अक्षय कुमार को जबरदस्ती घर से घसीटकर प्राइवेट गाड़ी में ले जाना और रात्रि में ही झूठा फर्जी मुकदमा लिखके जेल भेज देना।

जिन मोबाइल फोनों में पुलिस के पूरे प्रकरण का वीडियो बना लिया गया तो उन तीनों फोनों को जब्त कर रिसेट कर देना इस बात को दिखाता है कि पुलिस की यही मंशा थी। इस पूरी घटना को लेकर पीड़ित नरेंद्र की बहन मीनू जो कि उत्तर प्रदेश पुलिस में है बुढ़ाना कोतवाली में पहुंची तो बुढाना पुलिस के द्वारा भी बदतम. ीजी कर उनको वहां से भगा दिया गया।

फिर मीनू एसपी के यहां गयी तो उन्होंने तुरंत आदेश दिया कि तुरंत तत्काल प्रभाव से इनके तीनों फोन दें ओर पूरे मामले की सही से जांच करें लेकिन बुढाना पुलिस ने उनके आदेश की भी अवहेलना की। परिवार की कोई भी मदद नहीं की। जिसको लेकर विकास अंबेडकर ने कहा कि हम पुलिस के उच्चाधिकारियों से बात करेंगे। अगर फिर भी उच्चाधिकारी इस घटना का संज्ञान लेकर कोई कार्रवाई नहीं करते हैं तो हम पीड़ित परिवार व अपने कार्यकर्ताओं के साथ अनिश्चितक. ालीन धरने पर बैठेंगे और जब तक पीड़ित परिवार के साथ न्याय नहीं हो जाता तब तक हम इस लड़ाई को लड़ेंगे। इस दौरान यहां मुख्यत राहुल मुंडभर विधानसभा उपाध्यक्ष, तहसीम सैफी विधानसभा अध्यक्ष मुस्लिम भाईचारा कमेटी, विजय पाल, ओम सिंह, छोटू, खुर्शीद लुहसाना, चुन्नीलाल मास्टर, रमेश, सुरेश, मीनू, ओमवीर, राजन, धर्मवीर, राजवीर, अनिल, सतवीर, बिजेंद्र, मुनेश, कमलेश, बाला, ओमबीरी आदि उपस्थित रहे।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)
डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

# मौसम का यू-टर्न: तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के बाद निकली धूप

**मौसम बदलने से बढ़ी किसानों की चिंताएं**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**मुजफ्फरनगर/खतौली।** रविवार तड़के और शाम अचानक बदले मौसम ने खतौली क्षेत्र में लोगों को चौंका दिया। सुबह तेज हवाओं के साथ गरज-चमक और मूसलाधार बारिश हुई, वहीं कई जगहों पर चने के दानों के आकार के छोटे-छोटे ओले भी गिरे। ओलावृष्टि और बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे एक बार फिर ठंड का अहसास होने लगा। मौसम विभाग की ओर से पहले ही गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया था, जो खतौली क्षेत्र में सटीक साबित हुआ। सुबह के समय तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि से सड़कों पर पानी भर गया और ठंडी हवाओं ने लोगों को अचानक बढ़ी ठंड का सामना करने पर मजबूर कर दिया। कई लोगों को दोबारा गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। सुबह की सैर या अन्य कामों के लिए घर से निकले लोगों को अचानक हुई बारिश के कारण वापस लौटना पड़ा। खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर बदलते मौसम का ज्यादा असर देखने को मिला। नगरवासियों के अनुसार कुछ देर तक लगातार ओले गिरते रहे, जिससे इलाके में फिर से सर्द मौसम जैसा माहौल बन गया। हालांकि, जैसे-जैसे दिन चढ़ा, मौसम धीरे-धीरे साफ होने लगा और बादलों के बीच से धूप निकल आई। दोपहर तक धूप खिलने से लोगों को ठंड से राहत मिली और जनजीवन फिर से सामान्य होता दिखाई दिया।

**बदलते मौसम से बढ़ा मौसमी बीमारियों का खतरा:** इधर चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे मौसम में सर्दी, जुकाम, बुखार और वायरल संक्रमण तेजी से फैल सकते हैं। चिकित्सक डॉ. शिवराज ठाकुर के अनुसार इन दिनों लोगों में बुखार, उल्टी-दस्त और पेट खराब जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न बरतें और तुरंत सीएचसी खतौली या नजदीकी चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार कराएं। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी।

## ओलावृष्टि से सरसों की फसल को भारी नुकसान

अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। तेज हवाओं, बारिश और ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी सरसों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। कई गांवों में ओलों की मार से सरसों की फसल जमीन पर गिर गई, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों का कहना है कि सरसों की फसल पककर कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन अचानक हुई ओलावृष्टि ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। ओलों की वजह से सरसों की फलियां टूटकर जमीन पर गिर गई हैं, जिससे उत्पादन में भारी कमी आने की आशंका है। कई खेतों में फसल पूरी तरह बिछ गई है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय पर राहत नहीं मिली तो उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। वहीं ख्रषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

## लोकेन्द्र सिमर्थी ने कांशीराम जन्मदिवस धूमधाम से मनाया

**पुरकाजी।** समाजवादी के पुरकाजी विधानसभा से 2027 की तैयारी में टिकट की दावेदारी की लाइन में लगे हुए लोकेंद्र सिमर्थी ने कांशीराम के जन्म दिवस पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पहुंचे और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी इस मौके पर राहुल, शुभम, पिंकू, ओमपाल, सुभाष, रामपाल, रमेश आदि सैकड़ो मौजूद रहे। सिमर्थी ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने दलित शोषितऔर पिछडे समाज को जागरूक कर उन्हे उनका अधिकार पाना सिखाया।

# बुजुर्ग महिलाएं मूल्यांकन परीक्षा में हुईं शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव बिटावदा के जूनियर हाई स्कूल में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें 6 बुजुर्ग महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी शिक्षा को प्राथमिकता देने का एक अद्वितीय उदाहरण पेश किया। इन महिलाओं ने अपने परिवार और समाज की जिम्मेदारियों को पूरा करने के बाद भी शिक्षा को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया। शिक्षिका अलका रानी के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस परीक्षा में महिलाओं ने पढ़ने, लिखने और गणित के सवालों को हल करते हुए अपनी योग्यता का शानदार प्रदर्शन किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उन लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा सके थे। अब ये महिलाएं अपने दैनिक कार्यों, बैंक के लेन देन और डिजिटल जानकारी के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहेंगी। गांव के प्रबुद्ध नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देते हैं और लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इस परीक्षा के आयोजन से न केवल इन महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है बल्कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव की शुरुआत भी हुई है। इस परीक्षा में भाग लेने वाली महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे अपने परिवार और समाज के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं लेकिन अब वे अपने लिए भी कुछ करना चाहती हैं।

## जंगल में मिला घायल राष्ट्रीय पक्षी मोर

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम दुधली के जंगल में रविवार को एक राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल अवस्था में मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम और पशु प्रेमियों ने मोर का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे उपचार के लिए भिजवाया। त्वरित कार्रवाई से मोर की जान बच गई। जानकारी के अनुसार, दुधली गांव के जंगल में एक किसान अपने खेतों पर काम कर रहा था। इसी दौरान उसकी नजर झाड़ियों में पड़े एक घायल मोर पर पड़ी। मोर काफी चोटिल था और उड़ने में पूरी तरह असमर्थ था। किसान ने इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पशु प्रेमियों और वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही पशु प्रेमी सन्नी पंजाबी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में वन विभाग के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। अधिकारियों की मौजूदगी में सावधानीपूर्वक मोर का रेस्क्यू किया गया। उसे तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है, जहां विशेषज्ञों की देखरेख में उसका इलाज जारी है।

घ्स्थानीय ग्रामीणों ने पशु प्रेमियों और वन विभाग की त्वरित सक्रियता की सराहना की है। उधर, वन विभाग ने जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी कोई वन्यजीव घायल या संकट में दिखाई दे, तो तुरंत विभाग को सूचित करें ताकि समय रहते उनकी जान बचाई जा सके।

# पांच मांगों को लेकर किसानों का बेमियादी धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पांच सुत्रीय मांगों को लेकर गांव बिराल के कई किसान रविवार के दिन भी हाइवे पर धरनारत रहे। किसानों ने फिर से अपनी मांगे दोहराई और कहा कि एनएचएआई द्वारा हाइवे निर्माण के चलते किये गये सभी वायदो ने पूरा नही करने के विरोध में हमने अनिश्चितकालीन धरना शुरु किया हुआ है। अगर बुढ़ाना एसडीएम या तहसीलदार हमारी मांगों को पूरा करने के लिए कोई कदम उठाते भी हैं तो एनएचएआई के जिम्मेदार अधिकारी गायब हो जाते हैं। जिसके चलते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। उनकी मांग है गांव बिराल से लेकर राजपुर



गढ़ी काधंला बुढाना रोड तक सर्विस रोड का निर्माण किया जाये। हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट करने से किसान की बर्बाद हुई फसल का उचित मुआवजा दिया जाये। हाईवे निर्माण के चलते जिन किसानो के खेतो मे जाने के रास्ते प्रभावित हुये हैं उन्हें व्यवस्थित व पक्के रास्ते बनाकर दिये जाये। जिन किसानों के खेतो में हाइटेंशन लाईन के टावर शिफ्ट किये गये वादे के अनुसार पूर्व 2014-2015 में मिले मुआवजे का दोगना मुआवजा दिया जाये और जिन किसानों को अपनी खेती की सिंचाई के लिए हाईवे के उस पार पानी ले जाना होता है इसलिए उन्हें पाईप लाईन डालकर दी जाए।

अब जब तक ये सभी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक उनका धरना चलता रहेगा। धरने पर गांव बिराल प्रधान ठाकुर मन्नू सिंह, दीपक प्रधान, विपिन ठाकुर, संदीप सिंह, मुकेश सिंह, भूपेंद्र सिंह, सतीश सिंह, भीम सिंह, यशपाल सिंह, देव कुमार सिंह, बल्लू, मनोज, कुलदीप सिंह, सुरेश पाल सिंह और ओमपाल सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## सभासद ने कब्रिस्तान-स्कूल का क्षतिग्रस्त मार्ग कराया ठीक

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 14 में बीती शनिवार के दिन से बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी कौशल के सहयोग से इसी वार्ड के सभासद राशिद भूरु कुरैशी ने अपने वार्ड नंबर 14 में एक बार फिर विकास की नई पहल शुरु करते हुए कुरैशी कब्रिस्तान और अजीज फातिमा हाईस्कूल के क्षतिग्रस्त मार्ग को बनवाने का काम शुरु कर दिया है। जिसको लेकर वार्ड में खुशी की लहर है और सभी इसके लिए अध्यक्षा उमा त्यागी और सभासद राशिद भूरु कुरैशी का आभार जताया है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के वार्ड नंबर 14 के सभासद राशिद भूरू ने अपने वार्ड में विकास कार्यों को गति देते हुए कुरैशियों के कब्रिस्तान में पुरानी टाइल्स से रास्ते बनवाए हैं। इस पहल से कब्रिस्तान में आने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी खासकर जब किसी का जनाजा आता है तो मिटी देने वाले लोगों को अब कब्र के ऊपर चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सभासद राशिद भूरू ने बताया कि कुरैशी कब्रिस्तान में रास्तों की बहुत जरूरत थी क्योंकि लोग अक्सर कब्रों के ऊपर से ही मिटी देने के लिए आते जाते थे। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश है कि वार्ड में हर जगह विकास कार्य हों और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलें। कुरैशी कब्रिस्तान के लोगों ने सभासद की इस पहल की सराहना की है और आभार जताया।

## समाजसेवी सोमांश संगल ने दी रोजा इफ्तार पार्टी

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के कांधला रोड पर स्थित लकड़ी व्यापारी अली जान समानी के प्रतिष्ठान पर रविवार को उनके पुत्र इरफान मलिक, समाजसेवी सोमांश संगलघ्और हातिम अंसारी ने संयुक्त रुप से रोजा अफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें हिंदू समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर सांप्रदायिक सौहार्द की मिशाल पेश की।

# इंग्लैंड से बताकर किसान को दी धमकी, 10 हजार रुपये की मांग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव चांद समन निवासी एक किसान को विदेश से फोन कर धमकाने का मामला सामने आया है। कॉल करने वाले युवक ने खुद को इंग्लैंड का निवासी बताते हुए किसान से दस हजार रुपये की मांग की और पैसे न देने पर परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित किसान की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव चांद समन निवासी किसान योगेश कुमार सैनी पुत्र किरणपाल को पिछले कुछ दिनों से एक अज्ञात युवक लगातार फोन कर रहा है।

फोन करने वाला खुद को इंग्लैंड में रहने वाला बताकर किसान पर रुपये देने का दबाव बना रहा है। आरोप है कि युवक दस हजार रुपये की मांग कर रहा है और रकम न देने पर परिवार को फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दे रहा है। रविवार को परेशान किसान कोतवाली पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दे रहा था।

इसी दौरान आरोपी युवक का दोबारा फोन आ गया। किसान ने पुलिसकर्मियों के सामने ही कॉल रिसीव की, जिसमें आरोपी ने फिर से दस हजार रुपये देने की बात कही। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने किसान के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि प्राथमिक तौर पर आशंका है कि कॉल करने वाला व्यकित खुद को इंग्लैंड का बताकर किसान को डराने की कोशिश कर रहा है, जबकि वह स्थानीय भी हो सकता है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और कॉल करने वाले व्यकित की पहचान कर जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# भारी अव्यवस्थाओं के बीच मोरना में हो रहा गैस का वितरण

**मोरना।** घरेलू गैस के लिए आपाधापी लगातार जारी है गैस सिलेंडर लेने के लिए गोदाम पर उपभोकता घण्टो लंबी कतार लगी हुए हैं। उपभोकता भारी अव्यवस्था की शिकायत कर रहे हैं।मोरना-भोकरहेड़ी मार्ग पर स्थित गोदाम पर गैस सिलेंडर लेने वालों लगी लम्बी कतार लगाए उपभोकताओं ने समस्या के समाधान की मांग प्रशासन से की है।वहीं व्यवस्था में सुधार न करने पर भाकियू राजनैतिक ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

मोरना में भोकरहेड़ी मार्ग पर स्थित शहीद सुशील इंडेन गैस सेवा के गोदाम पर रविवार सुबह सवेरे से ही गैस सिलेंडर लेने वालों की लंबी कतार लग गई,बारिश के बीच गैस सिलेण्डर लेने वाले उपभोकता मुख्य मार्ग पर सिलेंडर लेकर खड़े हो गए तथा भारी अव्यवस्था का माहौल उत्पन्न हो गया। गैस लेने आये ग्रामीणों ने बताया कि वह चार घंटे से कतार में खडे हुए हैं।सड़क पर खड़े होने से दुर्घटना का भय भी बना हुआ है।इस दौरान कुछ ग्रामीण आपस मे उलझते दिखाई दिए।भोकरहेड़ी से आये ग्रामीणों ने बताया कि सिलेंडर बुक होने में भारी दिक्कत हो रही है।तथा सिलेण्डर लेने के लिये पांच किलोमीटर दूर गोदाम पर जाना पड़ रहा है।

कोई गैस की कोई कमी नही है तो फिर घर पर सिलेंडर की होम डिलीवरी क्यूँ बन्द कर दी गयी। वहीं गोदाम पर जारी अव्यवस्था की सूचना पर डायल 112 पुलिस तथा मोरना चौकी इंचार्ज पिंटू कुमार भी मौके पर पहुंच गए जहां मोरना चौकी चार्ज पिंटू कुमार ने गैस वितरण कर रहे कर्मचारियों को व्यवस्था बनाने की हिदायत दी। वहीं अनेक उपभोकता गैस बुक न होने की शिकायत करते नजर आए




तथा मैसेज आदि की जानकारी के लिये इधर उधर भटकते नजर आए।ग्रामीणों ने उचित व्यवस्था बनवाने सहित होम डिलीवरी की मांग की है।

वहीं भाकियू राजनैतिक के ब्लॉक् अध्यक्ष मेघेन्द्र बालियान ने बताया कि जान बूझ कर ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है जिसे अब बर्दाश्त नही किया जाएगा।गैस की कालाबाजारी व अव्यवस्था के विरुद्ध आंदोलन किया जाएगा।

**जाम का जिम्मेदार बना परिवहन विभाग**

# जानसठ तिराहे पर एक साथ खड़ी रहती हैं कई रोडवेज बसें

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में लगने वाले जाम से आमजन को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि जाम की इस समस्या के पीछे खुद सरकारी व्यवस्था ही बड़ी वजह बनती नजर आ रही है।

परिवहन विभाग की रोडवेज बसें यात्रियों को बैठाने के लिए जानसठ तिराहे पर एक साथ चार से पांच बसें खड़ी कर देती हैं, जिससे जीटी रोड पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो जाती है और कुछ ही देर में लंबा जाम लग जाता है। तिराहे पर घंटों तक खड़ी रहने वाली इन बसों के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इस दौरान राहगीरों, स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार जाम इतना लंबा हो जाता है कि लोगों को अपने




गंतव्य तक पहुंचने में काफी समय लग जाता है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस स्थान पर जाम की समस्या सबसे अधिक रहती है, वहीं जानसठ तिराहे पर पुलिस चौकी भी मौजूद है और पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं।

इसके बावजूद यातायात व्यवस्था सुचारु नहीं हो पा रही है और जाम की स्थिति लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोडवेज बसें जीटी रोड पर ही खड़ी होकर सवारियां भरती हैं, जिससे सड़क का बड़ा हिस्सा घिर जाता है और यातायात प्रभावित होता है। कई बार पुलिस द्वारा रोडवेज बसों के चालान काटने और कार्रवाई करने की बात भी सामने आती है, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई खास सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। कस्बे के लोगों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बाद भी प्रशासन और परिवहन विभाग जाम की समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाल पा रहे हैं। ऐसे में लोगों के मन में यह सवाल उठने लगा है कि आखिर खतौली को इस जाम की समस्या से कब मुकित मिलेगी।

# सीसीटीवी में कैद हुए पशु चोर

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ी रांगढांग में पशु चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर एक किसान के घर से उसका पालतू दो वर्षीय बछड़ा चोरी कर ले गए। चोरी की यह पूरी घटना पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार गांव खेड़ी रांगढांग निवासी प्रवेश कुमार पुत्र आत्माराम खेती और पशुपालन के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि 12 मार्च 2026 की सुबह करीब चार बजे जब वह रोज की तरह पशुओं को चारा डालने के लिए पहुंचे, तो उनका दो वर्षीय बछड़ा वहां से गायब मिला। बछड़ा न मिलने पर उन्होंने आसपास काफी देर तक तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पड़ोसी अरुण जैन के मकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई। फुटेज में दो अज्ञात युवक बछड़े को ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इससे स्पष्ट हुआ कि बछड़ा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों संदिग्धों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## खबरों की प्रमाणिकता बड़ी चुनौती:देवी प्रसाद

**मोरना।** शुकतीर्थ के शुकदेव सिटी में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आज खबरों की प्रमाणिकता बड़ी चुनोती है।पत्रकारिता को लेकर अविश्वास का माहौल निरन्तर बढ़ रहा है।पिछले एक दशक में खबरों की विश्वसनीयता में गिरावट आई है।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन संगठन ने पत्रकारों के हितों के लिये 11 सूत्रीय मांग पत्र सरकार को दिया गया है। देश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि आज संगठन प्रदेश में तेजी से विस्तार कर रहा है।ग्रामीण पत्रकारो की सुरक्षा लिये संगठन अपनी पहचान स्थापित कर चुका है।इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री डॉ. नरेश कुमार सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश अग्ररहेरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामसुंदर यादव, जिला अध्यक्ष अयोध्या देव बक्श वर्मा, जिला अध्यक्ष सुल्तानपुर कन्हैया लाल यादव, जिला महामंत्री अयोध्या हरदेव नारायण तथा हरदोई से नितेश सहित रोहिताश्व कुमार वर्मा, विपिन पंवार, रजत कुमार, राहुल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी पुत्री धानवी सिंह पुण्डीर के जन्म प्रमाण पत्र संख्या B-2022:9-90020-003079 दिनांकित 08/04/2022 में मेरे पति व धानवी सिंह पुण्डीर के पिताजी का नाम सहवन गलती से संदीप कुमार (SANDEEP KUMAR) अंकित हो गया है, जोकि गलत है उनका सही नाम संदीप कुमार पुण्डीर (SANDEEP KUMAR PUNDIR)है। संसोधन हेतू शपथपत्र नगर पालिका मुजफ्फरनगर में दिया जा रहा है।

**श्रीमती शालू पत्नी स्व. श्री संदीप कुमार पुण्डीर,निवासी 159/1, ब्रहमपुरी , मुजफ्फरनगर।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**NAME CHANGE**

I MOH. NADEEM SALMANI S/O ABDUL HAKEEM R/O 2696, AMBA VIHAR District MUZAFFARNAGAR (U.P.) have changed my name to MOHD NADEEM SALMANI.

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र जुनैद मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। उसकी उठ बैठ गलत है और वह गलत संगत में बैठता है। मै, पति व अन्य परिवार के लोग उसे रोकते है तो वह गाली-गलौच व मारपीट पर उतारू हो जाता है। वह अपने बेटे जुनैद से तंग व परेशान आ चुके है। इस कारण मैने अपने पुत्र जुनैद को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मै व परिवार जिम्मेदार नही होगा। ये स्वयं जिम्मेदार होंगा।

**शादाब प्रवीन पत्नि जुल्फुकार निवासी म.न.-1429/20 दक्षिणी खालापार किदवईनगर थाना खालापार जिला-मुजफ्फरनगर**

# अज्ञात व्यक्ति किशोरी को लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक अज्ञात युवक पर एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप किशोरी के भाई ने लगाते हुए अपनी बहन की सकुशल बरामदगी व अज्ञात व्यकित के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार पुलिस से लगाई है। उधर पुलिस ने किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए थे। मिली जानकारी के अनुसार थाना भौरांकला क्षेत्र के गांव सावटू के रहने वाले एक ग्रामीण ने भौरांकला पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 10 मार्च को उसकी लगभग 17 वर्षीया बहन लगभग 04 बजे घर से बिना बताये ही किसी अज्ञात व्यकित के साथ कही पर चली गयी है। उसको हमने काफी स्थानों पर तलाश भी कर लिया लेकिन वह अब तक भी नही मिली है। परेशान ग्रामीण ने अब भौराकलां पुलिस से अपनी गायब बहन की सकुशल बरामदगी और अज्ञात व्यकित के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर भौराकलां पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यकित के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए गायब नाबालिग किशोरी की बरामदगी के प्रयास भी शुरु कर दिए थे।

# मोहम्मदपुर राय सिंह में हुआ दंगल आयोजित

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर रायसिंह में रविवार की सायं एक भव्य दंगल का सफल आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथिगण नई दिल्ली से पधारे इरेक्शन इंस्ट्रूमेंटेशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज शर्मा और ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के पूर्व प्रमुख राष्ट्रीय लो. कदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक ने संयुक्त रुप से अपने कर कमलों द्वारा सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में फीता काटकर किया। इस दंगल के आयोजन से गांव मौहम्मदपुर राय सिंह में उत्साह और जोश का जबरदस्त माहौल बना रहा। मुख्य अतिथि ईआईपीएल कंपनी के एमडी मनोज शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन गांव की युवा शक्ति को बढ़ावा देते हैं और समाज में एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजन समय समय पर होते रहने चाहिएं। पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने कहा कि इन खेलों के माध्यम से सरकारी नोकरी में भी जाया जा सकता है बशर्ते पढ़ा लिखा हो और काबिलियत भी हो। दंगल में भाग लेने वाले पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का यहां पर शानदार प्रदर्शन किया।

दोनों मुख्य अतिथि मनोज शर्मा और पूर्व प्रमुख विनोद मलिक का यहां सैंकड़ों दर्शकों की तालियों की



गड़गड़ाहट के बीच फूल मालाओं से ढोलघ् नगाड़ों की थाप पर बड़े ही जोशीले अंदाज में सम्मान और भव्य स्वागत किया गया। दोनों अतिथियों ने विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यहा निशांत कुमार, पुषी शर्मा, दिनेश, श्याम सिंह, सरवीर मलिक, राकेश मलिक, योगेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, जितेंद्र मलिक आदि मौजूद थे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री इनाया राना का जन्म 08.03.2023 को निर्वाल हॉस्पिटल में हुआ था, जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या 3447 दिनांक 16.03.2023 है। उस समय उसका जन्म प्रमाण पत्र किसी कारणवश नहीं बन पाया था। इसलिए प्रार्थी अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनवाना चाहता है।

बच्चे का नाम: इनाया राना
पिता का नाम: मौ सुभान
माता का नाम: राहत परवीन
निवासी: कुंगर पट्टी, सूजडू, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश।
मो. 7983002156

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र फुरकान मेरे कहने सुनने से बाहर है। उसने मेरी व मेरे परिवार की मर्जी के बिना दूसरी शादी कर ली है। मेरा पुत्र फुरकान दूसरी पत्नी के साथ बाहर रहता है। उसका चाल चलन ठीक नही है। उसकी इन्ही गलत हरकतो से परेशान होकर मैने अपने बेटे फुरकान व उसकी पत्नी आमना को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मै व परिवार जिम्मेदार नही होगा। ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**रूकमदीन पुत्र खैरदीन निवासी ग्राम पुरबालियान थाना मन्सूरपुर जिला-मुजफ्फरनगर**

# फरवरी में सड़क हादसों में 7 की गई जान:एनपी सिंह

## 16 लोग घायल एसपी ने नियमों के पालन की अपील की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में फरवरी माह के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी और लापरवाही के चलते कुल 22 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इन हादसों में 7 लोगों की जान चली गई, जबकि 16 लोग घायल हो गए। दुर्घटनाओं में जनहानि के साथ-साथ लोगों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। पुलिस द्वारा किए गए विश्लेषण में सामने आया है कि अधिकतर हादसे तेज गति, लापरवाही, हेलमेट का उपयोग न करने और गलत दिशा में वाहन चलाने के कारण हुए।



रविवार को पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के मामलों का विस्तृत अध्ययन करने पर कई अहम कारण सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को कांधला क्षेत्र में भारसी और एलम गांव के बीच एक अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में दिल्ली के त्रिलोकपुरी निवासी किरण देवी की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अगले ही दिन 14 फरवरी को झिंझाना क्षेत्र में पिंडोरा गांव के पास तेज रफ्तार छोटे हाथी वाहन ने सड़क किनारे पैदल जा रही 15 वर्षीय पूर्वी और बबीता को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल पूर्वी की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। 17 फरवरी को झिंझाना क्षेत्र के पिंडौरा जहांगीरपुर मार्ग पर एक ईको कार चालक ने गलत दिशा में वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार की माता वकीला गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। 22 फरवरी को कैराना क्षेत्र के गोगवान अढे के पास तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे खड़े नरेन्द्र सिंह को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल नरेन्द्र सिंह ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। 23 फरवरी को कोतवाली शामली क्षेत्र के लिसाढ़ गन्ना सेंटर के पास गन्ने से भरे ट्रक की चपेट में आने से संदीप पुत्र स्व. इन्द्रपाल निवासी लिसाढ़ की मौके पर ही मौत हो गई। 27 फरवरी को कांधला क्षेत्र के किवाना तिराहे के पास ट्रक और बाइक की टक्कर में बिना हेलमेट सवार गौरव की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि बाइक चालक रजनीश गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं 28 फरवरी को कैराना कस्बे के कांधला तिराहे पर एक ई-रिक्शा चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा में बैठे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। एसपी ने बताया कि इन हादसों में पांच मौतें तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुईं, एक मौत हेलमेट न पहनने और एक मौत गलत दिशा में वाहन चलाने के कारण हुई। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# चश्मा वितरण शिविर में 40 जरूरतमंदों को मिले चश्मे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लोक स्वास्थ्य सेवा समिति शामली के तत्वावधान में हर माह आयोजित होने वाले निशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम की श्रृंखला में रविवार को 97वें शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप और जिला महामंत्री पुनीत द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया।



कार्यक्रम के दौरान समिति के अध्यक्ष कुलदीप गोयल और महामंत्री संजय कुमार त्यागी ने भाजपा जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप का फूलों के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर रामजीलाल कश्यप ने समिति द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद लोगों को निशुल्क चश्मे उपलब्ध कराना एक अत्यंत पुनीत कार्य है। इससे उन लोगों को राहत मिलती है जो आर्थिक तंगी के कारण आंखों की जांच या चश्मा बनवाने में असमर्थ होते हैं। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के ऐसे कार्यों से जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ मिलता है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह सभी कार्यकर्ताओं और समाज के सहयोग से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह हमेशा जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहेंगे। शिविर के दौरान नेत्र चिकित्सक डा. अब्दुल बासित ने कंप्यूटराइज्ड मशीन के माध्यम से करीब 70 जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच की। जांच के बाद इनमें से 40 लोगों को चश्मे के लिए चयनित किया गया। चयनित लाभार्थियों को कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों द्वारा निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का भी विशेष योगदान रहा। इस मौके पर कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, उनेंद्र शर्मा, अमित मित्तल, पवन संगल, मुकेश वर्मा, सुभाष, सचिन गौतम, रवि संगल, नाबील, अंकित, नरेंद्र, मोनू सहित कई लोग मौजूद रहे।

# रिश्तेदारों के साथ मिला लापता युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** रजाक नगर का 14 वर्षीय किशोर, जो शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हुआ था, आज दोपहर सुरक्षित अपने घर लौट आया। पुलिस और परिवार की कोशिशों के बाद पता चला कि किशोर अपने ही परिवार के लोगों के साथ रंग रोगन का काम करने के लिए रोहतक गया था। किशोर के पिता, रणवीर सिंह ने शनिवार को झिंझाना पुलिस थाने में बेटे की गुमशुदगी की तहरीर दी थी। तहरीर में उन्होंने बताया कि उनका बेटा शुक्रवार को स्कूल में कक्षा 8 का पेपर देने गया था, लेकिन स्कूल नहीं पहुंचा और शाम तक घर भी नहीं लौटा। परिवार में चिंता बढ़ गई और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस की जांच में पता चला कि किशोर के गांव के निवासी भूरा, अरविंद और संजय ने उसे पेंटिंग और पैंटर के काम के लिए अपने साथ रोहतक ले गए थे। किशोर की इच्छा पर यह यात्रा की गई थी, लेकिन परिवार ने इस बारे में ठीक से जानकारी नहीं दी, जिससे गुमशुदगी का भ्रम पैदा हो गया। थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक करतार सिंह ने बताया कि किशोर को रोहतक से सुरक्षित वापस लाया गया है और उन्हें उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने कहा कि किशोर को किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ और वह सुरक्षित है। परिवार ने पुलिस और गांववासियों का आभार व्यक्त किया। किशोर के सुरक्षित लौटने के बाद सभी ने राहत की सांस ली। इस घटना ने यह संदेश दिया कि नाबा. लिग बच्चों के साथ काम या यात्रा पर जाने से पहले परिवार और संबंधित अधिकारियों को सूचित करना आवश्यक है, ताकि किसी प्रकार की गलतफहमी या भय उत्पन्न न हो।

# विद्युत लाइन से टकराई मिक्सर मशीन, पांच घायल

## सड़क निर्माण का कार्य कर वापस लौट रहे थे मजदूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पांथुपूरा गांव में रविवार को ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित 123 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण के दौरान मिक्सर मशीन विद्युत लाइन से टकराने के कारण पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब लगभग 15 मजदूर निर्माण स्थल पर काम कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार, शाम के समय सड़क निर्माण का काम लगभग पूरा हो चुका था। इसी दौरान मिक्सर मशीन का एक हिस्सा लटकी हुई विद्युत लाइन से टकरा गया। इसके चलते मशीन में लगे पांच मजदूर जुबैर, ताबिल, फुरकान, आलिम और कासिम की झुलसने की स्थिति बन गई। चीख-पुकार सुनकर अन्य मजदूर तुरंत मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक मशीन को विद्युत लाइन से दूर करने में मदद की। घटना के तुरंत बाद ग्राम प्रधान अमित कुमार को फोन करके सूचना दी गई। घायलों को तत्काल झिंझाना के आयुष्मान अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सभी पांचों की हालत स्थिर है और उपचार जारी है। ग्राम प्रधान अमित कुमार ने बताया कि हादसे के समय काफी डर और अफरा तफरी मची हुई थी, लेकिन समय रहते मजदूरों की मदद की गई, जिससे कोई और गंभीर नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि यह घटना सुरक्षा मानकों और सावधानी की कमी के कारण हुई। भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए निर्माण स्थल पर सुरक्षा प्रोटोकॉल और विद्युत लाइनों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना को गंभीरता से लिया और कहा कि निर्माण कार्य के दौरान उचित सुरक्षा उपायों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। मजदूरों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस घटना ने यह संदेश दिया कि निर्माण कार्य में सुरक्षा नियमों की अनदेखी भारी पड़ सकती है।

ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों ने घायलों का शीघ्र इलाज सुनिश्चित किया और सभी मजदूरों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए।

# पुलिस चेकिंग के दौरान बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है तथा उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।



पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी क्रम में उप निरीक्षक विक्रम सिंह पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र की जिडाना नहर पुलिया के समीप संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रहे थे।चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा उसे रुकने का इशारा किया गया तो वह घबराकर भागने लगा। युवक की गतिविधि संदिग्ध लगने पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।पुलिस द्वारा पकड़े गए युवक की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम विशाल पुत्र सोहनलाल निवासी मोहल्ला कानूनगोयान, कस्बा कांधला बताया।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए रविवार को उसे जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि आरोपी के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है, तथा जांच की जा रही है की आरोपी तमंचा और कारतूस लेकर किस घटना को अंजाम देने की फिराक में था और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# खेत में पानी देने गए युवक से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर में खेत पर पानी देने गए युवक के साथ मारपीट कर टड्यूबवेल पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। गांव फतेहपुर निवासी माजिद पुत्र इसामोहम्मद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 मार्च की सुबह करीब नौ बजे उसका पुत्र फैजान खेत पर पानी चलाने गया है। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही साजिद पुत्र इसामोहम्मद, सेजान पुत्र साजिद, मुदस्सिर पुत्र इस्लाम और मुजम्मिल पुत्र साजिद वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज करते हुए फैजान के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि मारपीट करने के बाद आरोपियों ने ट्यूबवेल पर कब्जा कर जमीन भी दबा ली विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पुलिस का कहना है कि पीडित की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है मामले की जांच की जांच शुरू कर दी है।

# उद्यमिता के प्रति जागरूकता को दो दिवसीय शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, शामली द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवाओं और युवतियों को उद्यमिता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योगनीति 2023 और मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत ग्राम मीमला, खण्ड कांधला में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भा. ज.पा. मण्डल उपाध्यक्ष डॉ. उमेश कुमार, समाजसेवी प्रतीक गर्ग, अशोक आर्य, राकेश गर्ग और संजय धीमान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रशिक्षार्थियों को आवश्यक लेखन सामग्री भी वितरित की गई। डॉ. उमेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करती है। प्रशिक्षण प्राप्त कर वे खाद्य प्रसंस्करण की लघु इकाइयां स्थापित कर सकते हैं और इससे न केवल उनका रोजगार सुनिश्चित होगा, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ने का अवसर मिलेगा। समाजसेवी प्रतीक गर्ग ने प्रशिक्षार्थियों को भोजन और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अधिक रंग और मिलावट वाले खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए और केवल स्वच्छ एवं रोगमुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। श्री राकेश गर्ग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, उत्पादन, भंडारण और रखरखाव के विषय में जानकारी दी। रविंद्र सिंह, सहायक आयुक्त उद्योग ने बताया कि योजना के तहत न्यूनतम पूंजी निवेश से लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस पहल से ग्रामीण युवाओं का नगरों की ओर पलायन भी रोका जा सकेगा। केन्द्र प्रभारी श्री धर्मेन्द्र पाल राठी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में 14 मार्च से 15 मार्च 2026 तक प्रयोगात्मक कार्य भी कराया गया।

प्रशिक्षण उपरांत इच्छुक व्यक्तियों के प्रस्ताव लघु उद्योग हेतु तैयार कराए गए, जिसमें मशीन और उपकरण की खरीद पर विभाग द्वारा 1,00,000 रुपये का अनुदान प्रदान किया जाएगा। अंत में ग्राम प्रधान मीमला, श्री विनय चौहान ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और उत्तर प्रदेश सरकार की इस योजना से लाभ लेने तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 प्रशिक्षार्थी और कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने ग्रामीण युवाओं में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में स्वरोजगार के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




# गैस सिलेंडर लेने के लिए लगी लंबी कतारें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ईद का त्योहार नजदीक आते ही कस्बे में घरेलू गैस सिलेंडरों की मांग बढ़ गई है। रविवार को शामली रोड स्थित इंडियन विनायक गैस एजेंसी पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं। बड़ी संख्या में लोग गैस सिलेंडर की पर्ची बनवाने के लिए घंटों तक इंतजार करते नजर आए।

बताया जा रहा है कि सोमवार को गैस एजेंसी का साप्ताहिक अवकाश रहेगा। इसके साथ ही ईद का त्योहार भी करीब है, जिसके चलते घरों में पकवान बनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं और गैस सिलेंडरों की मांग बढ़ गई है। इसी कारण उपभोक्ता रविवार सुबह से ही एजेंसी पहुंचने लगे और पर्ची बनवाने के लिए कतारों में खड़े दिखाई दिए। उपभोक्ताओं का कहना है कि त्योहार के समय गैस की खपत सामान्य दिनों की तुलना में अधिक हो जाती है। ऐसे में लोग पहले से ही सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी पहुंच रहे हैं।

ताकि ईद के दिन किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। दिनभर गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की आवाजाही बनी रही। एजेंसी के कर्मचारी भी पर्ची वितरण और व्यवस्था संभालने में व्यस्त नजर आए। त्योहार के मद्देनजर गैस की बढ़ती मांग के चलते पूरे दिन एजेंसी परिसर में भीड़ का माहौल बना रहा।

# डीजे कार्यक्रम में शराब के नशे में हवाई फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के में डीजे कार्यक्रम के दौरान शराब के नशे में हवाई फायरिंग और मारपीट का मामला सामने आया है। विरोध करने पर युवकों ने एक युवक पर हमला कर दिया और तमंचे की बट से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।क्षेत्र के गांव बीबीपुर जलालाबाद निवासी संदीप पुत्र करतार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर के पास प्रवीन पुत्र सेराज के यहां एक कार्यक्रम चल रहा था, जहां डीजे बज रहा था। कार्यक्रम में प्रवीन के यहां आए दो मेहमान शराब के नशे में गाली-गलौज करते हुए तमंचे से हवाई फायरिंग कर रहे थे। संदीप का आरोप है कि फायरिंग और हंगामा होने से आसपास के लोग भयभीत हो गए। जब उसने उन्हें ऐसा करने से रोका और समझाने का प्रयास किया तो दोनों युवक आग-बबूला हो गए और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि एक युवक ने तमंचे की बट से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीडित ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# तरुण खटीक की हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिल्ली के उत्तम नगर में हुई तरुण खटीक की हत्या के विरोध में शनिवार देर शाम खटीक समाज के लोगों ने नगर में कैंडल मार्च निकालकर रोष व्यक्त किया। इस दौरान समाज के लोगों ने केंद्र सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाने की मांग की। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में समाज के लोगों के साथ-साथ भाजपा नेताओं ने भी शामिल होकर अपना समर्थन दिया। कैंडल मार्च की शुरुआत नगर के हनुमान धाम से की गई। वहां से समाज के लोग हाथों में मोमबत्तियां और तख्तियां लेकर शांतिपूर्वक मार्च करते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शिव चौक तक पहुंचे। इस दौरान लोगों ने तरुण खटीक को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इस तरह की घटनाएं समाज के लिए बेहद दुखद और चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि निर्दोष युवक की हत्या से पूरे समाज में आक्रोश है और जब तक दोषियों को कड़ी सजा नहीं मिलती, तब तक पीडित परिवार को न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए दोषियों को फांसी की सजा दी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने कहा कि वे पीडित परिवार के साथ खड़े हैं और न्याय की इस लड़ाई में हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने प्रशासन से भी मांग की कि मामले की जांच तेजी से की जाए और दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कानून के अनुसार कड़ी सजा दिलाई जाए। कैंडल मार्च के दौरान नगर में शांतिपूर्ण माहौल रहा और बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए। इस अवसर पर सभासद अरविन्द खटीक, विवेक प्रेमी, पुनित द्विवेदी, अभिषेक, मयंक, विशाल तोमर, अरुण गौतम, पारस खटीक, मोहित खटीक, रजत खटीक, अमन खटीक, वंश खटीक, रोहित खटीक, सौरभ खटीक सहित खटीक समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

# क्रांतिकारी नागरिक दल बैठक में सामाजिक मुद्दों पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के मंदिर हनुमान धाम स्थित हॉल में रविवार को क्रांतिकारी नागरिक दल के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूसीसी कानून, आरक्षण व्यवस्था, महिलाओं से जुड़े विशेष कानूनों तथा अन्य सामाजिक और संवैधानिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने वर्तमान व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे।



बैठक को संबोधित करते हुए अशोक कुमार ने कहा कि समानता के सिद्धांत पर आधारित लोकतंत्र में सभी नागरिकों के लिए कानून समान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूसीसी कानून, आरक्षण व्यवस्था, महिलाओं से संबंधित विशेष कानून जैसे दहेज, घरेलू हिंसा और एससी-एसटी एक्ट जैसी व्यवस्थाओं को लेकर समाज में लगातार बहस चल रही है। उनके अनुसार यह सभी व्यवस्थाएं संविधान के अनुच्छेद 14 में वर्णित समानता के सिद्धांत से जुड़ी चर्चाओं को जन्म देती हैं। अशोक कुमार ने कहा कि यदि सभी नागरिकों के लिए समानता की बात की जाती है तो यह भी जरूरी है कि कानून की प्रक्रिया में सभी को समान रूप से देखा जाए। उन्होंने कहा कि समाज में मौजूद कई व्यवस्थाएं अपने भीतर अंतर्विरोध और विसंगतियां भी पैदा करती हैं, जिन पर गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि देश और समाज आज भी कई मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है।

अशिक्षा, कुशिक्षा, गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी, लाचारी और लगातार बढ़ती महंगाई समाज की बड़ी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं के कारण आम नागरिक का जीवन प्रभावित हो रहा है और समाज में असमानता बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि इन सामाजिक और आर्थिक समस्याओं के खिलाफ क्रांतिकारी नागरिक दल जनजागरूकता अभियान चलाएगा और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन भी करेगा। संगठन का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और लोगों को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना है। बैठक के दौरान अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर अशोक कुमार, राजेश कुमार, सोमेश कुमार, मदन प्रधान, जितेन्द्र शर्मा, मोहित शर्मा, शिवकुमार शर्मा, मनोज कुमार, सुशील संगल और सतप्रकाश अग्रवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नमाज पढ़कर लौट रहे युवक से मारपीट में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के गंगेरू मार्ग स्थित मोहल्ला खेल में नमाज पढ़कर लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने घायल युवक की मां की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। मोहल्ला खेल निवासी खुशनुदा पत्नी शमशेर ने बताया कि उसका पुत्र अजहर शुक्रवार देर शाम पास की मस्जिद में नमाज पढ़ने गया था। आरोप है कि नमाज पढ़कर वापस लौटते समय मोहल्ले के ही सुफियान, फैसल और रहीस नामक युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए डंडों व बेल्ट से उसकी पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया था ।घटना के दौरान शोर-शराबा होने पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मारपीट की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। परिजनों ने घायल युवक का चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद थाने में तहरीर दी थी। रविवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीडित पक्ष की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )

मो. 8630354443

कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

## मोबाइल पर लिंक भेजकर 1.56 लाख रुपये उड़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव मुंडेट निवासी बलकार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 फरवरी 2026 को उनके व्हाट्सएप मोबाइल नंबर पर कस्टमर सपोर्ट के नाम से एक लिंक आया था। लिंक को सामान्य समझते हुए उन्होंने उस पर गलती से 'ओके' कर दिया। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया, उनका मोबाइल फोन हैक हो गया। पीडित के अनुसार कुछ ही देर बाद उनके मोबाइल पर बैंक खाते से पैसे कटने के मैसेज आने लगे। सबसे पहले उनके पंजाब नेशनल बैंक के खाते से 99 हजार रुपये निकल गए। इसके बाद ठगों ने उनके दूसरे खाते, जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एसबीआई में है, से भी 49 हजार रुपये और फिर 8 हजार रुपये निकाल लिए। इस तरह साइबर ठगों ने दोनों बैंक खातों से कुल 1,56,000 रुपये निकालकर उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाया। जब तक पीडित को पूरी तरह घटना का एहसास हुआ, तब तक खाते से सारी राशि ट्रांसफर हो चुकी थी। घटना के बाद बलकार सिंह ने तुरंत थाना भवन थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी और साइबर ठगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीडित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें और मोबाइल पर आने वाले संदिग्ध संदेशों से सावधान रहें, ताकि साइबर ठगी जैसी घटनाओं से बचा जा सके।

## कांशीराम की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के टंकी रोड स्थित रविदास मंदिर में रविवार को दलितों, पिछड़ों और शोषितों के मसीहा माने जाने वाले कांशीराम की 92वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रालोद नेता अरविन्द कुमार झाल और चेयरमैन पति धर्मवीर सिंह ने संयुक्त रूप से कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में नरेन्द्र कुमार, कंवरपाल, लोकेन्द्र, हरपाल, अजय बावरा, बिलाल, कुलदीप, सतपाल निर्वाल मौजूद रहे।

# मंडावर में अवैध खनन का खेल, खनन विभाग मौन

### जेसीबी और पोकलेन से चीरा जा रहा यमुना का सीना





**सुनील वर्मा**

**शामली।** प्रदेश में जहां एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश लगातार दे रहे हैं, वहीं जनपद शामली के मंडावर क्षेत्र में अवैध खनन का खेल धड़ल्ले से जारी है। हालात यह हैं कि खनन माफिया सभी नियमों को ताक पर रखकर जेसीबी और पोकलेन जैसी भारी मशीनों से यमुना नदी का सीना चीरने में लगे हुए हैं, जबकि जिम्मेदार विभाग इस पूरे मामले में चुप्पी साधे बैठा है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार मंडावर क्षेत्र में लंबे समय से बड़े पैमाने पर रेत का खनन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि खनन के लिए उन नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, जिनमें साफ तौर पर कहा गया है कि नदी के भीतर भारी मशीनों का प्रयोग नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद यमुना नदी के अंदर जेसीबी और पोकलेन मशीनें लगातार चल रही हैं और बड़े-बड़े गड्ढे खोदकर रेत निकाली जा रही है। खनन के नियमों के अनुसार नदी क्षेत्र में खनन का कार्य केवल मजदूरों द्वारा किया जाना चाहिए, ताकि नदी की प्राकृतिक संरचना को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। लेकिन मंडावर क्षेत्र में इन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यहां मजदूरों के बजाय भारी मशीनों का इस्तेमाल कर बड़े पैमाने पर रेत निकाली जा रही है, जिससे नदी के पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन-रात चल रही मशीनों की आवाज दूर-दूर तक सुनाई देती है और सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व डंपरों के जरिए रेत को बाहर ले जाया जा रहा है। इससे न केवल नदी का स्वरूप बिगड़ रहा है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में कटान और जलस्तर गिरने का खतरा भी बढ़ गया है। यदि इसी तरह अवैध खनन चलता रहा तो आने वाले समय में यमुना का अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिरकार इतने बड़े स्तर पर चल रहे इस अवैध खनन पर खनन विभाग की नजर क्यों नहीं पड़ रही। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना विभागीय मिलीभगत के इस तरह खुलेआम खनन संभव नहीं है। यही वजह है कि खनन माफिया बेखौफ होकर नियमों की अनदेखी कर रहे हैं और प्रशासनिक कार्रवाई का कोई डर उन्हें नहीं है। नदी से इस प्रकार मशीनों द्वारा खनन करना बेहद खतरनाक है। इससे नदी की प्राकृतिक संरचना को नुकसान पहुंचता है और जल प्रवाह भी प्रभावित होता है। इसके अलावा इससे आसपास की ख्रषि भूमि और जैव विविधता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि मंडावर क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदारों के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते इस अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो यह न केवल पर्यावरण के लिए विनाशकारी साबित होगा, बल्कि सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर भी गंभीर सवाल खड़े करेगा।

## हल्की बारिश होने से गेहूं की पैदावार में बढ़ोतरी की उम्मीद जगी

**■ वहीं तेज हवा चलने से किसानों की फसल गिरने का भी बना खतरा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मौसम का मिजाज इन दिनों तेजी से बदल रहा है। फरवरी की शुरुआत में बढ़ती गर्मी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी थी लेकिन रविवार सुबह हुई हल्की बारिश ने किसानों को काफी राहत दी है। खासकर गेहूं की फसल को इस बारिश से बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि तेज हवा चलने से गेहूं की खड़ी फसल गिरने की आशंका भी बनी हुई है जिससे किसान को नुकसान हो सकता है।

रविवार सुबह हुई हल्की बारिशको किसान गेहूं की फसल के लिए वरदान मान रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस समय बढ़ता तापमान गेहूं की पैदावार के लिए चिंता का विषय बन जाता है क्योंकि अधिक गर्मी से दाना बनने और भरने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है और वातावरण में नमी बढ़ी है, जो फसल की बढ़वार के लिए अनुकूल मानी जाती है। किसानों के अनुसार इस समय गेहूं की फसल दाना बनने और दाना भरने की महत्वपूर्ण अवस्था में है। ऐसे समय में हल्की वर्षा और तापमान में कमी फसल के लिए लाभकारी साबित होती है। इससे दाना मजबूत बनने और पैदावार बेहतर होने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि किसानों ने तेज हवा को लेकर चिंता भी जताई है। यदि हवा तेज चलती है तो गेहूं की फसल गिर सकती है, जिससे कटाई के समय किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसके साथ ही किसानों का कहना है कि यदि वारिश अधिक मात्रा में हो जाती है तो आलू और सरसों की फसल को नुकसान होने की आशंका भी बढ़ जाती है। ज्यादा वारिश और नमी के कारण फसलों में रोग लगने की संभावना भी रहती है।

अमित कुमार सैनी किसान ने बताया कि इस बारिश से गेहूं में दाना अच्छा बनेगा और फसल की पैदावार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हालांकि यदि अधिक वारिश हो गई तो ज्यादा नमी के कारण रोग आने की संभावना भी बनी रहती है।

कन्हैया कुमार ने बताया कि हल्की वर्षा गेहूं की फसल के लिए खाद का काम करती है। इससे खेतों में अलग से पानी देने की जरूरत नहीं पड़ेगी और मौसम में बनी नमी से फसल की बढ़वार अच्छी होगी तथा पैदावार में बढ़ोतरी होगी, हवा से फसल को नुकसान हो सकता है।

# जिला कार्यालय पर रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को ओम प्लाजा मार्किट स्थित जिला शाह टाइम्स कार्यालय में रोजा इफ्तार पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के पत्रकार साथी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देना रहा।

इफ्तार से पहले सभी लोगों ने एक साथ बैठकर रमजान के पाक महीने की अहमियत पर चर्चा की और समाज में शांति, सद्भाव और आपसी सहयोग बनाए रखने का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना हमें संयम, सेवा और इंसानियत की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी मेलजोल बढ़ता है और भाईचारा मजबूत होता है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश और समाज में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ भी की। साथ ही यह संदेश दिया गया कि सभी धर्मों और समुदायों के लोगों को मिलजुलकर रहना चाहिए और समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए। इफ्तार पार्टी में सुनील वर्मा, मोहसीन रेहमानी, सादिक चौधरी, नदीम अहमद, अनवर अंसारी, मोहम्मद नवाज बेग, हरिओम वर्मा, निखिल प्रधान,अशोक वर्मा,अकमल हसन, सालिम रेहमानी, विकास कौशिक, मोहम्मद मुस्तकीम, जुनैद राव, फैसल राना सहित कई लोग मौजूद रहे।

# अचानक बदले मौसम ने बढ़ाई ठंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में रविवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से ही आसमान में काले बादल छा गए और हल्की बारिश शुरू हो गई, जिससे ठंड में एक बार फिर इजाफा हो गया। बारिश के कारण नगर और कस्बों के कई इलाकों में सड़कों पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

रविवार सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। आसमान में घने बादल छाए रहे और कई स्थानों पर हल्की बारिश होती रही। सुबह के समय हुई बारिश के बाद कुछ देर के लिए मौसम साफ हुआ और धूप भी निकली, लेकिन दोपहर करीब 12 बजे के आसपास फिर कई इलाकों में बूंदाबांदी शुरू हो गई। मौसम में आए इस अचानक बदलाव के कारण तापमान में भी



गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार दिन का अधिकतम तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान करीब 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बारिश के कारण नगर और आसपास के क्षेत्रों की कई सड़कों पर कीचड़ फैल गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर के मोहल्ला पंसारियान, नई बस्ती, हाजी कॉलोनी और सती मंदिर रोड सहित कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। इन क्षेत्रों में सड़कों पर पानी भरने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई, वहीं बाजार और मुख्य मार्गों पर कीचड़ होने के कारण पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों को खासतौर पर कठिनाई झेलनी पड़ी। मौसम में आए बदलाव को देखते हुए चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है। डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह के बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम, बुखार और वायरल संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों को ठंड से बचाव के उपाय करने और खानपान का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। वहीं तेज हवा और बारिश के कारण किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि इस समय खेतों में गेहूं की फसल पकने की अवस्था में है। यदि तेज हवा के साथ लगातार बारिश होती है तो फसल को नुकसान पहुंच सकता है। किसानों को आशंका है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो गेहूं की फसल पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

# शामली में पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा पुलिस उप निरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा 14 और 15 मार्च 2026 को जनपद में आयोजित की गई। परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक प्रथम पाली और दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक द्वितीय पाली में निर्धारित 11 परीक्षा केन्द्रों पर संपंन कराई गई।

दूसरे दिन जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान और पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज, मिल रोड शामली, श्री चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज कांधला और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कांधला सहित अन्य केन्द्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरों और परीक्षा कक्षों में जाकर सुरक्षा और परीक्षा संचालन की स्थिति को देखा। उन्होंने डडूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए हर स्तर पर सतर्कता बरतने और परीक्षा को व्यवस्थित, सुचारू एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के कडध्े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी



भी मौजूद रहे और सुनिश्चित किया कि परीक्षा के दौरान कोई बाधा या गडबडी न हो। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी उम्मीदवारों को निष्पक्ष तरीके से परीक्षा देने का अवसर मिले और सभी व्यवस्थाएं सुरक्षित एवं व्यवस्थित रहें। इस प्रकार शामली में पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी और सतर्कता का परिचय दिया।

**कांधला संवाददाता के अनुसार** उत्तर प्रदेश पुलिस दरोगा भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा रविवार को क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क रहा। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई गई, जबकि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।रविवार को जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान और पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने अपने काफिले के साथ नगर के श्री चंदनलाल नेशनल इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच



प्रक्रिया तथा परीक्षा संचालन का बारीकी से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में बनाए गए 11 परीक्षा केंद्रों पर करीब 3600 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा शुरू होने से पहले ही सभी केंद्रों के बाहर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन तलाशी के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया, जबकि केंद्रों के अंदर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही। प्रशासन की ओर से मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया था।परीक्षा को नकलविहीन और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली और दुसरे दिन की परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण रही।परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी केंद्रों से बाहर निकलते दिखाई दिए। प्रशासन का कहना है कि आगामी चरणों की परीक्षाएं भी इसी प्रकार कड़ी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई जाएंगी।

**थानाभवन संवाददाता के अनुसार** रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा थाना भवन क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। परीक्षा के लिए लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज, लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज तथा किसान इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इन केंद्रों पर सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बागपत और मेरठ सहित विभिन्न जनपदों से आए अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।

सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिली। निर्धारित समय से पहले ही अभ्यर्थी केंद्रों पर पहुंच गए थे और कड़ी जांच-पड़ताल के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत एवं कस्बा चौकी इंचार्ज रणपाल सिंह स्वयं मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

वहीं परीक्षा की पहली पारी समाप्त होने के बाद रोड पर अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की भीड़ उमड़ने से कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित होने की स्थिति बन गई। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के जवान सुधांशु शिवांच और संजय चौधरी ने तत्परता दिखाते हुए भीड़ को व्यवस्थित किया और संभावित जाम की स्थिति को खत्म कर दिया जिसके बाद यातायात सामान्य हो गया।

## महिला ने पति पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में एक महिला ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसका पति लंबे समय से उसके साथ मारपीट, मानसिक उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीडिता के अनुसार शादी के कुछ वर्षों बाद से ही उसका पति उसके साथ अभद्र व्यवहार करने लगा और अक्सर मारपीट करता रहा। महिला का आरोप है कि पति का किसी अन्य महिला से भी संबंध है, जिसके चलते वह आए दिन घर में विवाद करता है। विरोध करने पर उसे प्रताड़ित किया जाता है और कई बार घर से निकालने की धमकी भी दी जाती है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि 14 जनवरी 2026 को उसके पति ने उसे जबरदस्ती जहरीला पदार्थ देने की कोशिश की, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। किसी तरह उपचार मिलने से उसकी जान बच सकी। इसके बाद भी आरोपी का व्यवहार नहीं बदला और वह लगातार उसे डराने-धमकाने का प्रयास करता रहा। पीडिता ने बताया कि 11 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे भी आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इससे परेशान होकर महिला ने महिला थाना शामली पहुंचकर लिखित शिकायत दी और आरोपी के खिलाफ कडघे कार्रवाई की मांग की है। महिला थाना पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रंग-रंगीला श्याम फाल्गुन महोत्सव में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**शामली।** श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में शनिवार देर रात नगर के माजरा रोड स्थित शौर्य पैलेस में पांचवें रंग-रंगीला श्याम फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, नगर पालिका परिषद चेयरमैन अरविन्द संगल और उद्यमी अंकित गोयल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाकर और पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का आकर्षक और भव्य श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पडी। भजन संध्या में विभिन्न नगरों से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। शामली के सौरव वर्मा, कोलकाता से आए निहाल ठाकरान और वृंदावन की किशोरी कनिष्का ने बाबा श्याम के कई लोकप्रिय भजन प्रस्तुत किए। भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर रहा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारी और कई श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम में सचिन सरोहा, दीपक कुमार, श्रवण कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन/जलालाबाद।** दिल्ली-सहारनपुर रोड पर रविवार सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद सड़क किनारे खाई में पलट गई। गनीमत रही कि कार में सवार दोनों युवकों को इस हादसे में कोई गंभीर चोट नहीं आई। स्थानीय लोगों की तत्परता से दोनों को तुरंत कार से बाहर निकाल लिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना रविवार सुबह करीब 8:30 बजे की है। जलालाबाद की ओर से एक कार तेज गति से थाना भवन की तरफ आ रही थी। बताया जाता है कि इसी दौरान चालक का ध्यान मोबाइल फोन पर चला गया, जिसके कारण वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। देखते ही देखते कार अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से जा टकराई और फिर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे के समय आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने जोरदार आवाज सुनकर तुरंत मौके की ओर दौड़ लगाई। ग्रामीणों ने कार



में फंसे दोनों युवकों को बाहर निकालने में मदद की। कुछ ही देर में घटना की सूचना युवकों के परिजनों को दी गई, जिसके बाद वे भी मौके पर पहुंच गए और दोनों को उपचार के लिए अपने साथ ले गए। प्रत्यक्षदर्शी नरेंद्र ने बताया कि कार काफी तेज गति में थी। चालक का ध्यान मोबाइल फोन की ओर होने के कारण अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और यह हादसा हो गया। कार सवार युवकों की पहचान नावेद राणा और गुल्लू निवासी शामली के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कार की गति और अधिक होती तो हादसा और भी गंभीर हो सकता था। फिलहाल दोनों युवक सुरक्षित हैं और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। इस घटना के बाद लोगों ने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने और सावधानी बरतने की अपील की है।

## अग्रोहा धाम के लिए अग्रवाल समाज की बस रवाना, चेयरमैन ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान में अग्रोहा धाम भ्रमण के लिए जा रही बस को नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अरविंद संगल ने महाराजा अग्रसेन पार्क से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और समाज के लोगों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन समाजवाद के प्रथम प्रणेता माने जाते हैं। उनका सिद्धांत एक ईंट और एक रुपया समाज में सहयोग, समानता और भाईचारे की भावना का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन का मानना था कि जब भी कोई नया व्यक्ति उनके राज्य में आकर बसता था, तो राज्य का प्रत्येक नागरिक उसे एक ईंट और एक रुपया देकर सहयोग करता था, ताकि वह अपना घर बनाकर सम्मानपूर्वक जीवन की शुरुआत कर सके। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था समाज में आपसी सहयोग और एकता का प्रतीक थी। महाराजा अग्रसेन ने ह्वसुधैव कुटुंबकमह्व की भावना को अपने जीवन और शासन का आधार बनाया और समाज को एकता, सेवा और परस्पर सहयोग का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के नगर अध्यक्ष सुधीर सिंगला ने बताया कि इस यात्रा में करीब 50 अग्रवाल समाज के लोग शामिल हुए हैं, जो अग्रोहा धाम जाकर माता लक्ष्मी शक्तिपीठ और महाराजा अग्रसेन के दर्शन करेंगे। दर्शन के बाद सभी श्रद्धालु वापस शामली लौटेंगे। बस को रवाना करते समय अग्रवाल समाज के कई गणमान्य लोग और पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर लाला शिवचरण दास संगल, मनीष भटनागर मौजूद रहे।

## शाह टाइम्स शामली में कार्यरत संवाददाताओं की सूची

**शाह टाइम्स समाचार पत्र में विज्ञापन, विज्ञप्ति, सूचना या समाचार आदि के लिए सम्पर्क करे।**

**shahtimesshamli441985@gmail.com**

| क्र.सं. | नाम | स्थान (पद) | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|
| 1 | सुनील वर्मा | जिला प्रभारी शामली | 8630354443<br>9897943340 |
| 2 | मोहसीन रहमानी | संवाददाता कांधला | 7900300510 |
| 3 | हरेन्द्र मलिक | संवाददाता झिंझाना | 9758552640 |
| 4 | इनशाद राणा | संवाददाता चौसाना | 9756562666 |
| 5 | जयवीर सिंह (बब्लू) | संवाददाता थानाभवन | 8218012821 |
| 6 | समीउल्लाह खान | संवाददाता जलालाबाद | 9719215832 |
| 7 | सादिक चौधरी | संवाददाता बिडौली | 9719049885 |
| 8 | सालिम अंसारी | संवाददाता कैराना | 9557779014 |

जनपद शामली के नगर शामली व कस्बा एलम, गढ़ीपुख्ता, बनत, ऊन, बाबरी में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी को वरीयता दी जाएगी।

**जिला कार्यालय**

**पता- ओम प्लाजा मार्कीट, प्रथम तल निकट इलाहाबाद बैंक धीमानपुरा शामली**

# 25 केंद्रों पर पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रविवार को जनपद के 25 परीक्षा केंद्रों पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित कराई जाने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निर्विघ्न तरीके से सम्पन्न हो गई। परीक्षा के दौरान मंडलायुक्त, डीएम एवं एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश शासन द्वारा 14 व 15 मार्च को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 परीक्षा करानी सुनिश्चित की गई थी। इसी तहत आज रविवार को दूसरे दिन परीक्षा दो पालियों में निर्धारित 25 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सम्पन्न कराई। इस दौरान मंडलायुक्त डा. रूपेश कुमार, जिलाधिकारी मनीष बंसल व



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने जे.वी. जैन इंटर कॉलेज और जयनारायण खेमका गर्ल्स इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। मंडलायुक्त रूपेश कुमार ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए तथा भर्ती बोर्ड द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान पूरी सतर्कता बरती जाए और अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। इस दौरान संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा परीक्षा केंद्रों के प्रभारी भी उपस्थित रहे। परीक्षा के अंतिम दिन दूसरी पाली के बाद महानगर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। परीक्षार्थी परीक्षा देने के बाद रोडवेज, रेलवे स्टेशन व अन्य माध्यमों से अपने गंतव्य को दौड़ते नजर आए। इस दौरान रेलवे विभाग ने अतिरिक्त ट्रेनों एवं उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने अतिरिक्त बसों की व्यवस्था कर रखी थी।

# कुरीतियों को दूर करने का संकल्प




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** सैनी समाज द्वारा सामा. जिक सद्भावना सम्मेलन में वक्ताओं ने समाज में फैल रही कुरीतियों के उन्मूलन तथा सामाजिक व राजनी. तिक विषयों पर विचार विमर्श किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी के प्रतिनिधि कृष्ण चंद सैनी शामिल हुए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए मृत्यु भोज, दहेज प्रथा, नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करना बेहद जरूरी है। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर इन कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनीराम सैनी एडवोकेट तथा अभय सैनी एडवोकेट ने भी संबोधित किया। इस दौरान नगर मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र सैनी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन आशु विजय शंकर सैनी ने किया। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राकेश आर्य, किसान मोर्चा के जिला मंत्री राधेश्याम सैनी, जिला पंचायत सदस्य रामदास सैनी, पवन प्रधान, मदन प्रधान, सतपाल प्रधान, आजाद सिंह एडवोकेट, कुलदीप सैनी, अंकित सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## गौमाता की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** पापमोचनी एकादशी के पावन अवसर पर नारायणपुर स्थित कान्हा गौशाला में गौ-माता की सेवा कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। भक्तों ने इस अवसर पर गौ-माताओं को केले, चोकर और शक्कर का भोग लगाया तथा उनकी सेवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

रविवार को कान्हा गोशाला में गौसेवक अनिल सैनी ने कहा कि शास्त्रों में गावो विश्वस्य मातर कहा गया है, जिसका अर्थ है कि गाय पूरे विश्व की माता है और उनकी सेवा करना साक्षात ईश्वर की सेवा के समान है।

पापमोचनी एकादशी जैसे पावन दिन पर गौ-सेवा करना अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। उन्होंने बताया कि एकादशी का व्रत जहां मन और आत्मा की शुद्धि का संदेश देता है, वहीं गौ-सेवा से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# मा.कांशीराम को कांग्रेस का नमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कॉंग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष मुनीश सहगल के नेतृत्व में महानगर कार्यालय और ग्राम रामनगर में स्थित अंबेडकर लाइब्रेरी में बहुजन समाज और वंचित/शोषित समाज में जन जागृती लाने वाले अग्रणी नेता, महान दलित चिन्तक, सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत और बहुजन समाज के जनमानस के हृदय में अपनी विशेष पहचान/स्थान रखने वाले मान्यवर कांशीराम की जयंती पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलकर बहुजन समाज के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।




इस दौरान महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी चंद्रजीत सिंह, प्रवीण चौधरी, वरुण शर्मा, अक्षय चौधरी अशोक सैनी मधु सहगल प्रदेश, गणेश दत्त शर्मा प्रेस प्रवक्ता सचिव, रीता बब्बर, रेखा धीमान, इमरान कुरेशी, नेत्रपाल भाभरी, सतीश कश्यप, सरदार हनी सिंह, विपिनक. ांत नसीब खान, अनिरुद्ध गुरुंग, शहनाज खान, अमित राठौर सुनील राठौर मयंक शर्मा प्रभजोत सिंह, गुल शेर सहित अन्य कॉंग्रेस सदस्यों ने भाग लिया।

# रमजान की 25 वीं शब में तरावीह मुकम्मल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सडोली कदीम।** रमजान की 25वीं मुबारक शब में तरावीह मुकम्मल होने पर एक रूहानी महफिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर अल्लाह तआला की बारगाह में दुआएं मांगीं और पूरे माहौल में इबादत और रूहानियत का रंग नजर आया।




कस्बा बेहट के मौहल्ला गाड़ान स्थित ताहिर इस्लामिक एकेडमी में मौहम्मद मुहाविया ने कलाम ए-पाक सुनाया। तरावीह मुकम्मल होने पर अकीदतमंदों को खिताब करते हुए मौलाना मुईन अख्तर मजाहिरी ने कहा कि रमजान का पाक महीना इबादत, सब्र और इंसानियत का पैगाम देता है। इस महीने में कुरान- ए-करीम की तिलावत और दुआओं के जरिए अल्लाह की रहमत और बरकत हासिल होती है। मुल्क व कौम की तरक्की, अमन-ओ-अमान और खुशहाली के लिए दुआएं की गईं। कार्यक्रम में आरिफ फैजी, रिजवान, शानू भारती, इकराम गाड़ा (चेयरमैन), अमजद, काशिफ कुरैशी, तौफीक शेखघ, तनवीर, मौलाना अब्दुल मन्नान, अतीक, मौहम्मद सालिम, कारी इंतजार, सालिम अलीम, अब्दुल बासित, मौहम्मद अजमल, आमिर राव, रियाज, मौलाना फरमान, कारी महताब और वहाब नूर आदि मौजूद रहे।

# सपा नेता राहुल की नानी को किए श्रद्धासुमन अर्पित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राहुल भारती की नानी श्रीमती चंद्रवती के निधन पर आयोजित शोकसभा में सियासी दलों के शीर्ष नेताओं व गणमान्य लोगों ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

शहर के मोहल्ला गढ़ी मलूक न. एक में आयोजित शोकसभा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, भगवानपुर विधायक श्रीमती ममता राकेश, राष्ट्रीय महासि. चव चौधरी रुद्रसेन, पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान अलीग, बेहट विधायक उमर अली खान, पूर्व मंत्री सरफराज खान, पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप, महापौर डॉ. अजय कुमार, जिलाध्यक्ष अब्दुल वाहिद, पूर्व विधायक वीरेन्द्र ठाकुर, पूर्व विधायक मनोज चौधरी,



भीम आर्मी जय भीम जिलाध्यक्ष सन्नी गौतम, सपा नेत्री रूही अंजुम व उमानेगी मौर्य ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। शुक्रताल स्थित सती अनुसूइया धाम से पधारे संत सतीश दास, साधना गुरु परविंदर धारियां व भंते अनुकीर्ति ने अपनी वाणी से दिवंगत आत्मा हेतु संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी महाराज के श्रीचरणों में अरदास की। कार्यक्रम पश्चात श्री राहुल भारती ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में आपने जो अपनापन दिखाया है उसके लिए वह आभारी है।

कार्यक्रम में संचालन सतेन्द्र गौतम एडवोकेट ने किया। इस दौरान चंद्रशेखर यादव, एससी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव किशन जाटव, राष्ट्रीय महासचिव कर्मसिंह, दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष आकाश गौतम, उत्तराखंड प्रदेशाध्यक्ष सत्यम पनियाला, प्रदेश सचिव इसरार चौधरी, ब्लॉक प्रमुख एड. धनप्रकाश सिंह, राष्ट्रीय सचिव एससी एड. संजीव नौटियाल, गुलजार सलमानी, पार्षद टिंकू अरोड़ा, पार्षद संजीव कर्णवाल, ऋषिपाल भारती, नक्षत्रपाल सिंह, रमन भारती, जिला पंचायत सदस्य रकम सिंह, सुदेश गुर्जर, विनोद कां. बली, राजीव भारती, एड. जमाल साबरी, सुरेश कुमार, अब्दुल गफूर, मोदीमल प्रधान, नरेश लाम्बा, आशीष ढींगरा व अबलिश गौतम समेत अनेको दलो के गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# रोवर व रेंजर्स शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** राजकीय महाविद्यालय में आयोजित पाँच दिवसीय रोवर-रेंजर्स शिविर का समापन समारोह बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ।

नगर के राजकीय महाविद्यालय में चल रहे रोवर-रेंजर्स का उद्घाटन प्राचार्य डॉ परविन्द्र सिंह ने किया था यह कार्यक्रम 5 दिन बाद सफलता के साथ संपन्न हुआ। समापन दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. कुलदीप सिंह एवं डॉ. इन्दु के नेतृत्व में प्रार्थना के साथ किया गया। स्काउट एवं गाइड के प्रशिक्षक राजकुमार ने रोवर-रेंजर्स को स्काउटिंग एवं गाइडिंग की गतिविधियों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

महाविद्यालय के सभागार में सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया



गया, जिसमें सभी धर्मों के प्रति सम्मान, आपसी भाईचारा और एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान शिविर में भाग लेने वाले रोवर-रेंजर्स ने अपने अनुभव भी साझा किए और बताया कि इस पाँच दिवसीय शिविर से उन्हें अनुशासन, टीम भावना और समाज सेवा की प्रेरणा मिली है। शिविर के सफल आयोजन में गोविन्दा और ओमपाल का विशेष योगदान सराहनीय रहा। उनकी सक्रिय सहभागिता और सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अंत में सभी रोवर-रेंजर्स को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

## छत्तीसगढ में करंट से युवक की मौत

**नकुड़।** कोतवाली क्षेत्र के घाटमपुर निवासी एक युवक की छत्तीसगढ़ में करंट लगने से मौत हो जाने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई।

बताया जा रहा है कि ग्राम घाटमपुर निवासी मोनिश काफी समय से छत्तीसगढ़ में रहकर वेल्डिंग का काम करता था। काम के दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम प्रधान उस्मान एडवोकेट ने बताया कि मोनिश रोजी-रोटी के लिए लंबे समय से छत्तीसगढ़ में वेल्डिंग का काम कर रहा था। अचानक करंट लगने से उसकी मौत की खबर जब गांव पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया।

# जैन समाज ने निकाली रथ शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में जैन समाज के लोगों द्वारा श्री 1008 भगवान ऋषभदेव जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में रथ शोभायात्रा बड़े हर्षोल्लास से निकाली गई।

रविवार को प्रातः काल श्री दिग. ंबर जैन मंदिर में जैन समाज के लोगों द्वारा श्री जी का अभिषेक विशेष सामूहिक पूजा व शांति धारा पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण विनोद कुमार, अशोक कुमार, योगेश कुमार, महा आरती राजीव बंसल, दीपक जैन, राजीव जैन, अनुराग जैन, दीप प्रज्वलन आदर्श जैन, अमित जैन, विक्रम जैन, विष्णु गुप्ता, सोनू गुप्ता, चित्रअनावरण नरेंद्र जैन, शशांक जैन, अक्षय जैन, मयंक जैन के द्वारा किया गया। रथयात्रा श्री दिगंबर जैन मंदिर जी से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से



होते हुए पुनः जैन मंदिर में श्री जी के जलाभिषेक के साथ संपन्न हुई। शोभायात्रा में रथ प्रारंभकर्ता सुरेंद्र जैन, योगेश जैन, खेमचंद जैन, संदीप जैन, जयदीप जैन, ख्वासी रोहित जैन, सारथी वैभव जैन, चिराग जैन, अंकित जैन, खजांची रजत जैन, नीतिश जैन, इंद्र अकक्षांन जैन, अरुण जैन को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जैन समाज के संरक्षक सुधीर जैन, अध्यक्ष राकेश जैन, श्रेयांश जैन,अर्पित जैन, निशाक जैन, बिजेंद्र जैन, रोहित जैन, गौरव जैन, मनोज जैन, नेहा जैन, कुसुमलता जैन, शालिनी जैन, चंदनबाला जैन, दिव्या जैन, पारुल जैन आदि उपस्थित रहे।

# डिलीवरी मैन के रेहडे से गैस से भरा सिलेंडर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर में दिनदहाड़े चोरी की घटना सामने आने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। मौहल्ला बंजारान स्थित मदनी मस्जिद के पास भारत गैस के डिलीवरीमैन के रेहड़े से गैस से भरा सिलेंडर अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

मिली जानकारी के अनुसार भारत गैस का डिलीवरीमैन शिवम मौहल्ला बंजारान में घर घर गैस सिलेंडर की डिलीवरी कर रहा था। इसी दौरान उसने अपना मोटरसाइकिल रेहड़ा मदनी मस्जिद के पास खड़ा किया हुआ था। इसी बीच किसी अज्ञात चोर ने मौके का फायदा उठाकर रेहड़े से गैस से भरा हुआ सिलेंडर चोरी कर लिया। कुछ

**घटना के बाद लोगों में भी बनी दहशत, चिंता का माहौल**

देर बाद जब डिलीवरीमैन की नजर रेहड़े पर पड़ी तो सिलेंडर गायब देखकर उसके होश उड़ गए। आसपास तलाश करने पर भी सिलेंडर का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उसने तत्काल गैस एजेंसी को घटना की सूचना दी। दिनदहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र के लोगों में भी चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस गश्त की प्रभाव शीलता पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# रोजा इफ्तार में सामूहिक रूप से मांगी दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में रमजान माह के अवसर पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदार व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर सामूहिक रूप से दुआ कर रोजा इफ्तार किया।

शनिवार को दिशा सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में संगठन के संस्थापक के एन तिवारी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि दिशा सामाजिक संगठन शुरू से ही कौमी एकता के लिए कार्य करता रहा है। संगठन द्वारा समय-समय पर आपसी भाईचारा और सौहार्द बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन निरंतर किए जाते रहे हैं।

जाह्नवी तिवारी ने कहा कि दिशा संगठन के तत्वाधान में यह परंपरा निरंतर चलती आ रही है



जिसमें रोजा इफ्तार के अलावा होली मिलन, ईद मिलन, दीपोत्सव आदि कार्यक्रम आपसी सौहार्द व भाईचारे के लिए किए जाते हैं। कार्यक्रम में इकराम लाला, लियाकत अली, बालकृष्ण शर्मा, हरिश्चंद्र प्रधान, रेहाना अदीब ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर गुंजन गर्ग, संभव तिवारी, जयपाल सैनी, अमित सैनी, गुलबहार करैशी, चमन लाल, पी राम, सुरेशो सैनी, कुर्बान अहमद, ताराचंद सैनी, कदीर, तसनीम बानो, रियासत, नीलम, ईसम सिंह दुबे आदि मौजूद रहे।

# जूडो व फुटबाल में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद स्तरीय जूनियर फुटबॉल बालक व जूडो बालकबालिका प्रतियोगिता में खिलाडियों ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सीओ द्वितीय अमित कुमार श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि कुतुबशेर थाना प्रभारी एच एन, दीपक गुप्ता व मनोज कुमार एडवोकेट द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया।

जिला स्तरीय जूनियर फुटबॉल बालक प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स स्टेडियम, सहारनपुर की टीम विजेता एवं डीपीएस की टीम उप विजेता रही। जिला स्तरीय जूडो बालक प्रतियोगिता में -30 किग्रा भार वर्ग में



आरव सैनी प्रथम, आरूष सैनी द्वितीय, वरेण्यम एवं वंश तृतीय, -35 किग्रा भार वर्ग मे पारस ढाका प्रथम, वैदिक कुमार द्वितीय, तमूर खान एवं हॉदिक पाल तृतीय, -40 किग्रा भार वर्ग मे विवेक प्रथम, रूद्र द्वितीय, देवांश चौहान एवं आरव भारद्वाज तृतीय, -45 किग्रा भार वर्ग में तनमय सिंहल प्रथम, मिलन द्वितीय, पीयूष वर्मा एवं ईशान वर्मा तृतीय, -50 किग्रा भार वर्ग में शिवम् प्रथम, रचित वर्मा द्वितीय, अमन साहू एवं मयंक आर्या तृतीय, -55 किग्रा भार वर्ग में अनमोल झा प्रथम, निहाल द्वितीय एवं अनुभव घामा एवं अनमोल कुमार तृतीय, -60 किग्रा भार वर्ग में अभव प्रताप प्रथम, अमन पुण्डीर द्वितीय,रूद शर्मा एवं उमंग वालिया तृतीय, -66 किग्रा भार वर्ग में दिवेश कुमार प्रथम, ध्रुव चौहान द्वितीय, सार्थक व हर्षित तृतीय प्राप्त किया।

आज की प्रतियोगिता में आरएसओ राहुल चोपडा, प्रवीन कुमार सहायक प्रशिक्षक, ईश्वर पाल सिंह मुखिया, सुनील कुमार, संजीव गुप्ता, राजी शर्मा, सुश्री रिदम गुप्ता, प्रदीप, अमन झा, सूरज, पुनित, विक्रान्त, तानिया सेठ, शिव नन्दन, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, बृजेश कुमार, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, आदेश, जयेन्द्र कुमार, पुनीत कुमार आर्य, सन्नी कुमार, सुश्री सुप्रिया रानी व प्रीति आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रास्ता रोककर आठ लोगों पर हमले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गांव बन्दाहेड़ी के प्रधान ने गांव के ही आठ लोगों पर रास्ता रो. ककर जानलेवा हमला करने और बाद में घर पर पहुंचकर फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

ग्राम प्रधान सुशील ने कोतवाली में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया कि 11 मार्च की शाम वह अपने घर जा रहे थे। रास्ते में अनिल के घर के सामने अभिषेक ने मोटरसाइकिल लगाकर उनका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान उसने रो. बिन को बुला लिया, जिसने तेजधार हथियार से हमला करने का प्रयास किया। हमले में उनकी कार का शीशा टूट गया, जबकि वह बाल-बाल बच गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकटठा हो गए, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए वहां से चले गए। प्रधान का आरोप है कि कुछ देर बाद अभिषेक अपने साथियों रोबिन, सुमित उर्फ बबलू, विजयपाल, विक्रम, विशाल, मोकम और सचिन उर्फ भोला के साथ हथियारों से लैस होकर उनके घर पहुंच गया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए फायरिंग की और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान बीच-बचाव करने आए उनके भाई प्रवीण, अरविन्द, पिता सोफ सिंह और चाचा सोसिंह पर भी हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए।

## स्मार्ट मीटर का विरोध तेज

**गंगोह।** नगर में बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर लोगों का विरोध तेज हो गया है। रामबाग कॉलोनी और बुड्ढ़गढ़ में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची विभागीय टीम का स्थानीय लोगों ने विरोध किया।

नगर में बिजली विभाग पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान चला रहा है। इससे पहले मोहल्ला इलाही बख्श में भी स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर लोगों ने हंगामा किया था। विरोध कर रहे लोगों का कहना था कि पहले अन्य मोहल्लों, विशेषकर कुरैशियान में स्मार्ट मीटर लगाए जाएं, उसके बाद उनके क्षेत्र में लगाए जाएं। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ अंकुश वर्मा ने बताया कि विभागीय निर्देशों के तहत पुराने मीटरों के स्थान पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।

# कोतवाली प्रभारी ने फोर्स के साथ पैदल मार्च कर त्योहार को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे से मनाने का दिया संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** ईद उल फितर के त्योहार के मद्देनजर पुलिस पैदल मार्च कर खुराफातियों को चेताया। साथ ही शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में त्योहार मनाने का संदेश दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने फोर्स के साथ सडकों पर उतर पैदल गश्त किया। उन्होंने बाजारों और मुख्य मार्गों का निरीक्षण करते हुए लोगों से शांति व सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईद आपसी भाईचारे और सौहार्द का त्योहार है, इसलिए सभी लोग मिलजुल कर इसे मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

उन्होंने आमजन से शासन व प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने की भी अपील की। कहा कि बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। किसी भी प्रकार की शरारत या खुराफात करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

**देवबन्द।** लोगों को अतिक्रमण से निजात दिलाने के लिए प्रशासन की ओर से अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

उपजिलाधिकारी युवराज सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अवैध कब्जों को हटवाया गया। टीम ने दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखा गया सामान हटवाते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर अधीक्षक चंद्रिका प्रसाद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पोपिन कुमार, इंस्पेक्टर अमरपाल शर्मा, अजब सिंह सहित नगर पालिका कर्मचारी शामिल रहे।

# डी. लिट की उपाधि से सम्मानित होने पर लोगों ने दी बधाई

**देवबन्द।** कजाकिस्तान की यूआईबी यूनिवर्सिटी ने फिरोज खान को डी. लिट (डाक्टर आफ लिटरेचर) की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें लेखन, उर्दू पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए कार्यों के चलते मिला है। इस उपलब्धि पर लोगों ने फिरोज खान का फूल मालाएं पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

भायला रोड पर आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी एवं वरिष्ठ लेखक कमल देवबंदी ने कहा कि फिरोज खान काफी लंबे समय से लेखन के क्षेत्र में सक्रिय है और इन्होंने हमेशा अपनी लेखनी के माध्यम से सामाजिक जागरूकता फैलाने का काम किया। उन्होंने इसे पूरे देवबंद का सम्मान बताया। मास्टर शमीम किरतपुरी ने कहा कि फिरोज खान ने हमेशा अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में शांति, जनसेवा, भाईचारा, शिक्षा और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का काम किया। तनवीर अजमल व दिलशाद खुश्तर ने कहा कि इनके लेखों और विचारों ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दारुल उलूम वक्फ के मोहतमिम मौलाना सुफियान कासमी, नायब मोहतमिम डा. शकेब कासमी, शेखुल हदीस मौलाना अहमद खिजर शाह मसूदी, प्रख्यात शायर डा. नवाज देवबंदी, पूर्व विधायक माविया अली, जामिया तिब्बिया देवबंद के डायरेक्टर डा. अनवर सईद, डा. यूनुस सिद्दीकी, डा. भानू प्रताप सिंह, समाजसेवी चौ. ओमपाल सिंह, मुस्लिम फंड ट्रस्ट के प्रबंधक सुहेल सिद्दीकी, मा. मुमताज आदि ने फिरोज खान को मुबारकबाद दी है।



# मस्जिद इबादत और समानता की जगह, लोगों को श्रेणियों में बांटना गलत: गोरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने दिल्ली की शाही जामा मस्जिद में आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी पर एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि मस्जिद अल्लाह का घर है, यह तरबियत, इबादत, इंसाफ और बराबरी की जगह है। लोगों को श्रेणियों में बांटना सरासर गलत है।

जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने जारी अपने बयान में कहा कि दिल्ली शाही जामा मस्जिद में हुई इफ्तार पार्टी इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। इसमें केवल वीवीआईपी लोगों की मौजूदगी और मस्जिद जैसे पवित्र स्थान का इस अंदाज में इस्तेमाल लोगों के बीच कई सवाल खड़े कर रहा है। उन्होंने कहा कि मस्जिद के माहौल में लोगों को श्रेणियों में बांटना सरासर गलत है। रोजा इफ्तार कराना बेशक बहुत बड़ा सवाब का काम है, लेकिन यह भी याद रखा जाना चाहिए कि इफ्तार का सबसे पहला हक गरीबों और जरूरतमंद रोजेदारों का है। कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि अगर मस्जिदों में इफ्तार की व्यवस्था भी रसूख, शोहरत और खास लोगों तक सीमित हो जाए, तो यह मस्जिद की रूह और रमजान के पैगाम (संदेश) दोनों के खिलाफ है।

# आकर्षक व ज्ञानवर्धक पोस्टर बनाकर दिखाई प्रतिभा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** राजकीय माडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें वाणिज्य विभाग के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

राजकीय माडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर प्रांगण में आयोजित प्रतियोगिता में आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक पोस्टर बनाने की श्रंखला में बीकाम द्वितीय वर्ष की छात्रा नीशू ने प्रथम जबकि बीकाम प्रथम वर्ष की छात्रा पायल और आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा. राकेश कुमार ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों में रचनात्मकता, जागरूकता तथा विषय के प्रति रुचि को बढ़ावा देने में सहायक होती हैं। साथ ही छात्रों की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विजेता छात्रों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।




# मीट की दुकानों पर चला चेकिंग अभियान, बिना लाइसेंस संचालित मिली एक दुकान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने संयुक्त चेकिंग अभियान के तहत मीट की दुकानों पर चेकिंग की गई। इस दौरान बिना लाइसेंस चल रही एक दुकान का चालान काटा गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ विभिन्न इलाकों में पहुंचे और मीट की दुकानों की जांच की। अभियान के दौरान मोहल्ला जामा मस्जिद, मोहल्ला खानकाह, मोहल्ला अबुलमाली और मोहल्ला मोरी तेलियान क्षेत्र में संचालित करीब नौ मीट की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान मोहल्ला अबुलमाली निवासी इस्लाम बिना पंजीकरण लाइसेंस दुकान का संचालन करता पाया गया। जिसके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसकी दुकान का चालान किया गया। इसके अलावा टीम ने अन्य मीट दुकानदारों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने और दुकान पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। महेश कुमार ने कहा कि बिना लाइसेंस के खाद्य पदार्थों का व्यापार करना कानूनन अपराध है और इस प्रकार की अनियमित्ताओं के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## विद्युत कटौती से ग्रामीण परेशान

**नांगल सोती।** बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। पिछले एक सप्ताह से रात में लगातार कई घंटे बिजली कटौती की जा रही है। वहीं विभाग इस कटौती के बारे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहा है। क्षेत्र के सौफतपुर बिजली घर से नांगल, जीतपुर, शहजादपुर, खानपुर, चमरौला, लालपुर मान, हरचंदपुर सहित 10 गांव जुड़े हैं। पिछले एक सप्ताह से रात में लगातार तीन से चार घंटे बिजली कटौती हो रही है। उपभोक्ता नीरज सहरावत, मुकेश शर्मा, दिनेश कुमार, प्रमोद कुमार, गोपाल शर्मा, विनय कुमार, सत्यपाल सिंह आदि का कहना है कि शासन के आदेश पर ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश हैं, लेकिन गर्मी शुरू होते ही बिजली की कटौती शुरू हो गई है। क्षेत्र में मात्र 13-14 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई बार विद्युत निगम के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो रहा है। उपभोक्ताओं ने क्षेत्र में 18 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की है। उधर अवर अभियंता नूतन प्रकाश ने बताया कि कंट्रोल के आदेश पर ही बिजली कटौती हो रही है। घर से कोई कटौती नहीं की जा रही है।

## मुफ्ती अमान उर्रब मजाहिरी शहर इमाम मनोनीत

**शेरकोट।** शहर की जामा मस्जिद में आयोजित संयुक्त बैठक में मस्जिद कमेटी के सदर अफसार अहमद, मदरसा रियाजुल उलूम के सदर डा. फरहत अली और शेरकोट ईदगाह कमेटी के मोहतमिम काजी शमीम व अन्य सदस्यों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से मुफ्ती अमान उर्रब मजाहिरी को शहर इमाम के पद पर मनोनीत किया गया। नवनियुक्त शहर इमाम मुफ्ती अमान उर्रब मजाहिरी ने कहा कि वह इस जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे तथा भाईचारे और धार्मिक सौहार्द की भावना के साथ शहर में अमन-चैन कायम रखने का प्रयास करेंगे। उनके शहर इमाम बनने से नगर मे खुशी की लहर दौड़ गई। चाचा अताउर्रब ने कमेटी का शुक्रिया अदा करते हुए बड़ी कामयाबी बताया।

## कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज की रासेयो छात्र इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन ग्राम सरकड़ा चकराजमल में कार्यक्रम अधिकारी डा. रवि धनकड़ के नेतृत्व में 'आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण तथा ग्रामीण विकास हेतु सरकार की कल्याणकारी योजनाएं' विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल सभी स्वयंसेवकों द्वारा योगाभ्यास से हुई।

# तरावीह में कुरान-ए-करीम मुकम्मल

## देश की तरक्की और भाईचारा कायम रखने की उलेमाओं ने दुआ कराई

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** मुकद्दस रमजान माह में तरावीह नमाज़ में कुराने करीम पढ़कर सुनाने और उसे सुनकर सवाब कमाना अपने शबाब पर है। अक़ीदतमंदों ने नमाज़ के बाद देश की तरक्की और आपसी भाईचारा कायम रखने की उलेमाओं ने दुआ कराई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के महल सराय स्थित हमज़ा मस्जिद में बीती रात तरावीह नमाज़ में कुराने करीम मुकम्मल हुआ। जिसे मौहम्मद साद ने रोज़ाना बीस रकात तरावीह नमाज़ में अक़ीदतमंदों को सुनाया। पीछे से कारी राशिद हमीदी ने सुनकर गलतियों को दुरुस्त कराया। प्रोग्राम के महमाने खुसूसी मौलाना असलम कासमी ने रमज़ानुल मुबारक के पाक महीने में तरावीह नमाज़ खुशु व कुजू के साथ अक़ीदत से अदा करने की फज़िलत बयान की। उन्होंने इस महीने को अल्लाह की इबादत का सबसे अच्छा व पाक महीने बताया। उन्होंने कहा कि इसी महीने में कुराने करीम आसमान से उतारा गया। जिसे सवाब की नीयत से दुनिया में सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला बताया। उन्होंने मुसलमानों से आपस में प्यार-मौहब्बत और खुलूस के साथ रमजान के महीने का एहतमाम व एहतराम किए जाने की ताक़ीद की। उन्होंने मज़हबे इस्लाम को दुनिया में अमन व मोहब्बत का पैगाम देने वाला बताया।

उन्होंने नौजवानों से नशे की बुराइयों को बयान करते हुए इन बुरी लतों से खुद बचने और अपने साथियों को भी बचाने पर जोर दिया। आखीर में मुल्क में अमनो आमन कायम और बाकी रखने तथा तरक्की की दुआ कराई।

इस मौके पर कारी नौशाद आलम शाद, मुफ्ती इफ्तेखारुल हसन, नफीस अहमद, मौहम्मद ईस्माइल, पत्रकार फैजान अंसारी, तसलीम अहमद, खुर्शीद अहमद, नईम अहमद, अनीस अहमद, शानवाज़, इदरीस अहमद, परवेज़ अहमद, फहीम अहमद, मौहम्मद राशिद, मौहम्मद जावेद, इम्तियाज़, मास्टर अल्ताफ, हंज़ला आदि शामिल रहे।



# शिक्षक कांता प्रसाद मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** आरएसपी इंटर कॉलेज के वरिष्ठ विज्ञान शिक्षक कान्ता प्रसाद पुष्पक को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड फाउंडेशन फरीदाबाद (हरियाणा) द्वारा मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया है।

श्री पुष्पक वर्ष 1992 से आरएसपी इंटर कॉलेज में विज्ञान अध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके साथ ही वे रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3100 के अंतर्गत रोटरी क्लब स्योहारा में भी सक्रिय रहकर सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी शैक्षिक और सामाजिक सेवाओं का मूल्यांकन करने के उपरांत फाउंडेशन द्वारा फरीदाबाद में आयोजित समारोह में उन्हें मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में उन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर स्थान भी दिया गया। इस मौके पर श्री पुष्पक ने संस्था के अध्यक्ष डा.सीपी यादव तथा मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। संस्था के अध्यक्ष डा. सीपी यादव ने बताया कि मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य करता है। संस्था का उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण में सहयोग करना है।

## शाहिद हसन के निधन पर मुस्लिम फंड के स्टाफ ने जताया दुख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मुस्लिम फंड ट्रस्ट देवबंद की नागल शाखा के मैनेजर साजिद हसन के पुत्र 35 वर्षीय शाहिद हसन उर्फ बिट्टू का शनिवार शाम बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके निधन पर मुस्लिम फंड ट्रस्ट के मुख्य प्रबंधक सुहेल सिद्दीकी सहित स्टाफ ने दुख जताया है। साथ ही उनकी मगफिरत की दुआ की।

## तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पुलिस ने तमंचे के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा ने बताया कि सहारनपुर-मंगलौर मार्ग स्थित आमलकी तिराहे पर नवीन कालोनी की ओर जाने वाले रास्ते के समीप बने कमरे से मुहल्ला बेरियान निवासी समीर को गिरफ्तार किया गया। मौके से एक तमंचा 315 बोर का बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## बुजुर्ग पर छेड़खानी का आरोप

**नांगल सोती।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक किशोरी की मां ने नांगल पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शनिवार को वह और उसकी सास गांव से बाहर दवाई लेने गए थे। घर पर उसकी 15 वर्षीय पुत्री और उसका पुत्र था। इस दौरान उसका पुत्र घर से बाहर खेलने चला गया और उसकी पुत्री घर पर अकेले रह गई। इसी बीच गांव का ही 80 वर्षीय बुजुर्ग मौका पाकर घर में घुस गया और कमरे में ले जाकर उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ की। घर आने पर मेरी पुत्री मुझे आप बीती बताई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बुजुर्ग सद्दीक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## शक्ति पीठ पर हवन यज्ञ एवं भंडारा

**धामपुर।** राजपूत विहार कॉलोनी स्थित अनन्त श्री शिव शक्ति पीठ मंदिर में अखंड हनुमान चालीसा का पाठ का हवन यज्ञ एवं भंडारे से समापन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा आयोजित अखंड हनुमान चालीसा पाठ के समापन पर हवन यज्ञ किया गया। आचार्य डॉ. दिनेश भारद्वाज द्वारा मंत्रोच्चार के बीच हवन यज्ञ में जनकल्याणार्थ आहुतियां डलवाई गई। प्रातः 11:00 से हवन यज्ञ का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं ने समाज देश के कल्याण के लिए हवन यज्ञ में आहुतियां दी। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया।

# अंग्रेजी शराब की दुकान में लाखों की चोरी

## नकदी और शराब की बोतलें ले उड़े चोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** अंग्रेजी शराब की दुकान में चोरी का मामला सामने आया है, जहां चोर रात में दुकान का ताला तोड़कर करीब 1.20 लाख रुपए का सामान और नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम ढक्का कर्मचंद निवासी गीता देवी पत्नी स्व.ओमप्रकाश के नाम पर संचालित कंपोजिट शॉप/अंग्रेजी शराब की दुकान नगीना रोड पर सुरेशिया पैलेस होटल के पास स्थित है। दुकान का संचालन उनके पुत्र सुभाष कुमार द्वारा किया जा रहा है। बताया गया कि 13/14 मार्च 2026 की रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखी करीब 1,10,000 रुपए कीमत की शराब तथा आबकारी विभाग की पीओएस मशीन के पास गल्ले में रखे लगभग 10,000 रुपए चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित पक्ष ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के आधार पर थाना धामपुर पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की और अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कमेटी के सदस्यों ने किया ईदगाह का निरीक्षण

## सुबह 8.30 बजे अदा की जाएगी ईद-उल-फितर की नमाज : शहर काजी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** ईद-उल-फितर के मद्देनजर ईदगाह में अदा होने वाली ईद की विशेष नमाज की तैयारियों को लेकर ईदगाह कमेटी के सदस्यों ने पुलिस के साथ ईदगाह परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर की ईदगाह कमेटी के मोहतमिम काजी शमीम ने सदस्यों के साथ ईदगाह परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और नमाज के दौरान उचित इंतजाम बनाए रखने की रणनीति तैयार की। इस दौरान एसआई मोहित चौधरी ने भी नमाजियों और ईदगाह की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।उन्होंने नमाजियों से अपील करते हुए कहा कि ईदगाह परिसर में ही नमाज अदा करें तथा त्योहार को शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग दें।

काजी शमीम ने बताया कि ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज सुबह 8:30 बजे शहर काजी मुफ्ती अमान उर्रब द्वारा अदा कराई जाएगी। नमाजियों की सुविधा के लिए वुजू के पानी की अलग से व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि बरकतों भरे माह रमजान के समाप्त होने के बाद खुशी और शुक्राने के रूप में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाती है। मुस्लिम समुदाय का यह सबसे खास और बड़ा त्योहार है।

इस मौके पर आदिल खान, नदीम खान, बुंदू ठेकेदार, मिर्जा खुर्शीद, अनीस खान, अशरफ कबाड़ी, अताउर्रब, मुफ्ती अमान उर्रब, मतलूब अहमद, कारी मौलाना जरीफ और शकील अहमद सहित शहर इंचार्ज एसआई मोहित कुमार मौजूद रहे।



# चांदपुर में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** नगर में कुकिंग गैस किल्लत की झूठी अफवाह पर तमाचा मारते हुए व गैस की किल्लत को दरकिनार करते हुए है एचपीसीएल की गैस एजेंसी (कुरैशी गैस सर्विस) पर बिना रोकटोक बुकिंग के बाद सिस्टम अनुसार गैस उपभोक्ताओं को गैस का वितरण किया जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह से देर शाम तक लगभग 700 से भी अधिक गैस सिलेंडर बांटने के बाद कुरैशी गैस सर्विस के प्रबंधक/संचालक हाजी अफजल कुरैशी ने कई अन्य जरुरतमंदों को भी स्वयं बुकिंग करा कर गैस उपलब्ध कराई और किसी को भी निराश नहीं होने दिया। गौरतलब है कि हाजी अफजल कुरैशी स्वयं एजेंसी पर बैठकर गैस उपभोक्ताओं को शासनादेशों के अनुसार रिफिल बुकिंग के पश्चात गैस उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही अपने डिलीवरी मैन द्वारा भी घर-घर बुकिंग के पश्चात गैस पहुंचाई जा रही है। उनका कहना है कि हमारे यहां गैस की कोई किल्लत नहीं है और न ही किसी गैस उपभोक्ता को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ जमाखोर और कालाबाजारी लोगों को गुमराह कर गैस की किल्लत की झूठी अफवाह फैला रहे हैं। आज भी बुकिंग के बाद जो उपभोक्ता गोदाम पहुंचे, उन्हें बिना रोक-टोक गैस उपलब्ध कराई। गत दिवस चांदपुर में एक गैस एजेंसी पर छापेमारी के दौरान उनके यहां भी संबंधित विभाग अधिकारियों ने पहुंचकर व्यवस्था देखी और संतुष्ट होकर व्यवस्था पर हर्ष जताया।



## संक्षिप्त खेला समाचार

### पाक के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इसके साथ ही उनके लगभग दो दशक लंबे शानदार करियर का अंत हो गया। कराची में जन्मे इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नवम्बर 2007 में जयपुर में भारत के खिलाफ एकदिवसीय मैच से अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने 54 टेस्ट, 117 एकदिवसीय और 61 टी-20 मैच खेले, जिनमें उन्होंने 6,164 रन बनाए। इनमें छह शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। विकेट के पीछे रहते हुए सरफराज ने 315 कैच लपके और 56 स्टंपिग कीं। सरफराज ने सभी फॉर्मेट को मिलाकर 100 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान की कप्तानी भी की, जिनमें 50 एकदिवसीय, 37 टी-20 और 13 टेस्ट मैच शामिल हैं।

### रिषभ का लगातार दूसरा शतक, उत्तर क्षेत्र का चैंपियन बनना तय

**नई दिल्ली, वार्ता।** रिषभ सिंह (नाबाद 100) के लगातार दूसरे शतक की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र को रविवार को रोशनारा क्लब मैदान में 10 विकेट से रौंद कर जेके बोस टूर्नामेंट जीतना सुनिश्चित कर लिया है। दक्षिण क्षेत्र चार विकेट पर 187 रन पर रोकने के बाद, उत्तर क्षेत्र ने 18.2 ओवरों में बिना कोई विकेट खोए 188 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की। पिछले मैच में पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ शतक लगाने वाले रिषभ ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए एक ओर शतक ठोका। रिषभ ने 14 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 100 रन बनाए। लगातार दूसरी जीत के साथ उत्तर क्षेत्र का चैंपियन बनना तय हो गया है।

### राहगीरी दिवस पर फिर लौटा कनॉट प्लेस में 'संडेज ऑन साइकिल'

**नई दिल्ली, वार्ता।** राहगीरी दिवस पर 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' का 65वां संस्करण देशभर में 5000 से अधिक जगहों पर आयोजित किया गया। इस आयोजन ने देश के समुद्रों और पहाड़ों, रेगिस्तानों और जंगलों को एक ही आंदोलन के जिरए आपस में जोड़ दिया। 300 से अधिक 'फिट इंडिया चैंपियंस' और एंबेसडर्स, साथ ही कई खास मेहमानों ने इस साइकिलिग कार्यक्रम की अगुवाई की। ए कार्यक्रम ओडिशा के कोकराझार से लेकर पंजाब के बादल और दक्षिण में एलेप्पी तक तथा नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में इसका आयोजन किया गया। पटना में, बिहार की युवा और ऊर्जावान खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने 'संडेज ऑन साइकिल' में हिस्सा लिया और खुद आगे बढ़कर लोगों के लिए एक मिसाल कायम की। असम में, असम सरकार की सहायक आयुक्त, एमएमए फाइटर, कराटे ब्लैक बेल्ट होल्डर और एक अनुभवी साइकिलिस्ट, रीमा तृषा हलोई ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम सम्मानित

# गिल-मंधाना को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

### द्रविड़-मिताली राज को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिला



**नई दिल्ली, वार्ता।** बीसीसीआई के नमन अवार्ड 2026 के समारोह में भारतीय कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को क्रिकेटर ऑफ ईयर का अवार्ड दिया गया है।

वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम का सम्मान हुआ। इससे पहले चौंपियंस ट्राफी की विजेता टीम को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत में सबसे पहले जूनियर क्रिकेटर आहिरा जाधव और महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा को जगमोहन डालमिया ट्राफी दी गई।

फिर अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीमें (मेंस, विमेंस) सम्मानित हुई। अंडर-19 टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवार्ड दिया गया है। यहां बीसीसीआई 1983 वर्ल्डकप विजेता टीम के सदस्य रोजर बिन्नी, 2024 टी-20 वर्ल्डकप जिताने वाले कोच और पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया।

इनमें भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड दिया गया। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। भारतीय टीम ने 8 मार्च को अहमदाबाद में टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। साल 2025 में भारतीय कप्तान गिल का प्रदर्शन शानदार रहा।

उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में 70 से ज्यादा की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल थे। वनडे में भी गिल ने 490 रन बनाए और भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्राफी जीतने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सभी फार्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे। स्मृति मंधाना ने पिछले साल 36 मैचों में 1800 रन बनाए।

इनमें 7 शतक शामिल रहे। इनमें से 6 शतक वनडे क्रिकेट में आए। जबकि एक शतक टी-20 इंटरनेशनल में आया। मंधाना ने 3 वनडे में 1311 रन बनाए। उन्होंने 12 टी-20 मैचों में 489 रन बनाए। द्रविड़ को क्रिकेट इतिहास के महानतम बल्लेबाजों में गिना जाता है। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 24 हजार से ज्यादा रन बनाए और एक दशक से ज्यादा समय तक भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ रहे। उन्होंने रिटायरमेंट के बाद भारतीय क्रिकेट के भविष्य को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। नेशनल क्रिकेट अकादमी में हेड ऑफ क्रिकेट के रूप में उन्होंने युवा खिलाड़ियों को तैयार किया और प्रतिभा की मजबूत पाइपलाइन बनाई। उनकी कोचिंग में भारत ने 2018 में अंडर-19 विश्व कप जीता।

बाद में भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में उन्होंने 2024 में भारत को अइाईसीसी मेंस टी20 विश्व कप जिताया। 1983 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। भारतीय क्रिकेट में अहम योगदान दिया। वे 1983 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। बिन्नी ने 1985 वर्ल्ड चौंपियनशिप ऑफ क्रिकेट जीतने वाली भारतीय टीम में भी जगह बनाई थी। वह पहले भारतीय क्रिकेटर थे, जिन्होंने वनडे मैच में गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों की शुरुआत की। बतौर कोच और प्रशासक के रूप में भी योगदान दिया।

# पांचवां पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट आज से खालसा कॉलेज में

### टूर्नामेंट आज से 24 मार्च तक दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांचवां पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी आमंत्रण टूर्नामेंट (पुरुष और महिला) 16 से 24 मार्च तक दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में प्रति वर्ष की भांति आयोजित किया जाएगा।

सोमवार से शुरु हो रही प्रतियोगिता का उद्घाटन पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) के सलाहकार मुख्य अतिथि ललित वत्स करेंगे।

गेस्ट ऑफ ऑनर प्रोफेसर सरिता त्यागी, हेड, डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस, दिल्ली यूनिवर्सिटी होंगी। इस अवसर पर मेजबान खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह भी मौजूद रहेंगे।

खालसा कॉलेज की डायरेक्टर, फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस सुश्री इंदरप्रीत कौर के अनुसार यह टूर्नामेंट इंटर कॉलेज लेवल पर पुरुष और महिला वर्ग में होगा। पुरुष हॉकी में सात टीमें और महिला वर्ग में चार टीमें भाग ले रही हैं। दोनों वर्गों में यह लीग कम नॉकआउट प्रारुप में होगी। पूल की दो शीर्ष टीमों के बीच फाइनल खेला जाएगा।

**पुरुष वर्ग:** एसजीटीबी खालसा कॉलेज, किरोड़ीमल कॉलेज, सेंट स्टीफन कॉलेज, हंसराज कॉलेज, श्याम लाल कॉलेज, इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस और एमिटी यूनिवर्सिटी।

# सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता : रोहित



● **कहा : हम उम्मीद कर रहे हैं भारत की पुरुष और महिला टीमों ने जो खिताब जीते हैं वह केवल एक शुरुआत हो**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता, सब कुछ कड़ी मेहनत से हासिल होता है। उन्होंने कहा कि उम्मीद कर रहे हैं कि भारत के पुरुष और महिला टीमों ने जो आईसीसी खिताब जीते हैं वह केवल एक शुरुआत हो।

दो बार ट्रॉफी जीत चुके रोहित ने शनिवार को कहा कि सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता, सबकुछ कड़ी मेहनत से होता है। पुरुष और महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर्स ने जो सफलता हासिल की है उसके लिए वे बेहद कड़ी मेहनत करते हैं। जाहिर तौर पर केवल मैदान पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ही नहीं बल्कि पर्दे के पीछे काम कर रहे काफी सारे लोग भी इस सफलता के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इसलिए कई सारे लोगों को क्रेडिट दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से हम जो देख रहे हैं कि हमारा झंडा लहरा रहा है और हमने जो भी हासिल किया है उसे देखकर मैं बेहद खुशी और गर्व महसूस करता हूं। केवल पुरुष क्रिकेट ही नहीं बल्कि महिला क्रिकेट ने भी शानदार सफलता हासिल की है, मुंबई में उन्हें विश्व कप जीतते देखना शानदार था। हाल ही में पुरुष टीम ने टी-20 विश्व कप जीतकर जो किया वह तो अदभुत था। मैं उम्मीद करता हूं ए शुरुआत हो, यहां से पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं है क्योंकि जब आपको मोमेंटम मिल जाता है तो आपको उसे बनाए रखना चाहिए क्योंकि हमेशा क्रिकेट में मोमेंटम की बात होती रहती है। उल्लेखनीय है कि जून 2024 में रोहित की कप्तानी में भारत ने टी-20 विश्व कप जीता था और यहीं से उनके आईसीसी ट्रॉफी जीतने की शुरूआत हुई थी। मार्च 2025 में रोहित की ही कप्तानी में टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। भारत की अंडर-19 टीम ने भी महिला और पुरुष दोनों वर्गों का विश्व कप जीता है। अंडर-19 पुरुष टीम ने पिछले महीने आयुष म्हात्रे की कप्तानी में तो वहीं अंडर-19 महिला टीम ने निकी प्रसाद की कप्तानी में 2025 में ट्रॉफी उठाई थी। भारत के लिए अगला आईसीसी टूर्नामेंट अब महिला टी-20 विश्व कप होगा। जो 12 जून से ब्रिटेन में शुरु होगा। टूर्नामेंट में भारत को ग्रुप 1 में पाकिस्तान, नीदरलैंड्स, बंगलादेश, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के साथ रखा गया है।

# आईसीसी ने सलमान को लगाई फटकार, एक डिमेरिट अंक दिया




● **आगा सलमान को आर्टिकल 2-2 का दोषी पाया गया, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों आदि के दुरुपयोग से संबंधित है**

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मीरपुर में बंगलादेश के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए पाकिस्तान के बल्लेबाज आगा सलमान को फटकार लगाई गई और एक डिमेरिट अंक दिया गया। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार आगा सलमान को आर्टिकल 2-2 का दोषी पाया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़ों या मैदान से जुड़ी चीजों के दुरुपयोग से संबंधित है।

यह घटना पाकिस्तान की पारी के 39वें ओवर में उस समय हुई जब अजीबो गरीब तरीके से रनआउट होने के बाद आगा ने अपने ग्लव्स और हेलमेट मैदान पर फेंक दिए। 62 गेंद पर 64 रन बनाने वाले आगा नॉन स्ट्राइकर छोर पर क्रीज से बाहर थे। मोहम्मद रिजवान ने गेंद को सीधे गेंदबाज मेहदी हसन मिराज की ओर खेला और मिराज ने गेंद को पैर से रोक लिया। आगा अभी भी क्रीज से बाहर थे और गेंद उठाकर गेंदबाज को देने ही वाले थे, तभी मिराज ने गेंद पकड़कर थ्रो करते हुए विकेट गिरा दिए। इस तरह से आउट होने के बाद आगा गुस्से में दिखे। हालांकि बाद में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने 'खेल भावना' की बात की और कहा कि अगर वह मिराज की जगह होते तो मामला अलग तरीके से संभालते। आगा ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और मैच रेफरी नियामुर राशिद राहुल की प्रस्तावित सजा को मान लिया।

# जयपुर सोल्जराथॉन-2026 मैराथन में हजारों दौड़े

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान में जयपुर के सैन्य छावनी में आयोजित वंडर सीमेंट जयपुर सोल्जराथॉन- 2026 मैराथन में साढ़े चार हजार से अधिक धावकों ने उत्साहपूर्वक शिरकत की। रक्षा सूत्रों ने रविवार को बताया कि जयपुर सैन्य छावनी में स्थित गांडीव स्टेडियम में आयोजित इस दौड़ में सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिक, पेशेवर धावक, विद्यार्थी और आम नागरिक शामिल थे, जिन्होंने फिटनेस और देशभक्ति की भावना का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित होकर इस आयोजन को विशेष बनाया। रक्षा सूत्रों ने बताया कि एक सशक्त नई पहल के रूप में आयोजित यह पहला वंडर सीमेंट जयपुर सोल्जराथॉन फिटनेस, अनुशासन और सशस्त्र सेनाओं के प्रति गहरे सम्मान की भावना से प्रेरित एक आंदोलन की शुरुआत है, जिसका सार रन विद सोल्जर, रन फॉर सोल्जर के संदेश में निहित है। इस आयोजन ने



नागरिकों को केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों के लिए ही नहीं, बल्कि एक बड़े राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए दौड़ने के लिए प्रेरित किया, जिससे फिट भारत की परिकल्पना को बल मिला और से यस टू स्पोर्ट्स , नो टू ड्रग्स का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। सूत्रों ने बताया कि यह दौड़ भारत के घायल सैनिकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने का भी माध्यम बनी। इस अवसर पर पैराप्लेगिक रिहैबिलिटेशन सेंटर के समर्थन के माध्यम से उन सैनिकों के अदम्य साहस को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान रीढ़ की गंभीर चोटें झेली हैं। इससे पहले मैराथन को मिजोरम के राज्यपाल सोल्जराथॉन के संरक्षक जनरल (डा.) वीके सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल मंजींदर सिंह, आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमान भी उपस्थित रहे। इन विशिष्ट व्यक्तित्वों की उपस्थिति ने फिटनेस को प्रोत्साहित करने, युवाओं को प्रेरित करने तथा सैन्य-नागरिक सौहार्द को सुदृढ़ बनाने के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# खिताब के लिए भिड़ेंगे मेदवेदेव-सिनर

● **डेनिल मेदवेदेव और जैनिक सिनर के बीच इंडियन वेल्स का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा**

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** रूस के दिग्गज खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव और इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर के बीच इंडियन वेल्स का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। डेनिल मेदवेदेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर एक कार्लोस अल्काराज को हराकर इंडियन वेल्स के फाइनल में जगह बना ली है।

जहां उनका मुकाबला जैनिक सिनर होगा। रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव ने तेज शुरुआत की और एक घंटा 37 मिनट तक चले मुकाबले में अल्काराज पर 6-3, 7-6 (7-3) से जीत हासिल की। अल्काराज ने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर की थी और मेदवेदेव से मुकाबला होने तक वे लगातार 16 मैच जीत चुके थे। इस जीत के साथ ही मेदवेदेव ने अल्काराज की इस साल चली आ रही 16 जीतों के सिलसिले को समाप्त कर दिया। मुकाबला जीतने के बाद मेदवेदेव ने कहा कि कार्लोस जैसे खिलाड़ी को हराना - जो दुनिया का नंबर एक खिलाड़ी है - एक शानदार एहसास है। एक तरह से, जब आप उनके साथ, या जैनिक सिनर, या नोवाक जोकोविच के साथ खेलते हैं, तो रैंकिंग कोई मायने नहीं रखती। उनके साथ खेलना ही एक बेहतरीन एहसास है, और उन्हें हराना, जाहिर है, और भी अधिक अच्छा लगता है।

अल्काराज ने कहा कि मुझे डनिल को इसका श्रेय देना होगा। मुझे लगता है कि उन्होंने एक जबरदस्त मैच खेला। मैच की शुरुआत से लेकर आखिर तक, वे अविश्वसनीय खेल रहे थे, मुझे यह कहना ही पड़ेगा।

सच कहूं तो, मैंने डनिल को इस तरह खेलते हुए पहले कभी





नहीं देखा। इससे पहले दिन में,इटली के जैनिक सिनर ने चौथे वरीयता प्राप्त जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पहली बार इंडियन वेल्स फाइनल में जगह बनाई। सिनर ने चौथे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 6-2, 6-4 से हराया।

# द. अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया



● **दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं**

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** नकोबानी मोकोएना (तीन विकेट) और गेराल्ड कोएत्जी, ओटनील बार्टमैन तथा केशव महाराज (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कॉनर एस्टरहाउजन (नाबाद 45) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 20 गेंदें शेष रहते सात विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

92 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने 28 रन के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिए। टोनी डीजॉर्जी (दो) और रूबिन हरमन (सात) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जेसन स्मिथ ने कॉनर एस्टरहाउजन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

10वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने जेसन स्मिथ (10) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने 16.4 ओवरों में तीन विकेट पर 93 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। कॉनर एस्टरहाउजन ने 48 गेंदों में दो चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 45 रनों की पारी खेली। डियान फॉरेस्टर ने नाबाद 16 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए काइल जेमीसन, जैकरी फॉक्स और मिचेल सैंटनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक लगातार विकेट गंवाए। डेवोन कॉनवे (एक), टॉम लैथम (सात), टिम रॉबिन्सन (छह), निक केली (दो) और बेवन जैकब्स (10) रन बनाकर आउट हुए। एक समय न्यूजीलैंड ने 36 रन पर अपने पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान मिचेल सैंटनर और जेम्स नीशम की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट लिए 22 रन जोड़े।

10वें ओवर में केशव महाराज ने मिचेल सैंटनर (15) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद कोल मैककॉन्ची ने भी पारी को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने नीशम के साथ सातवें विकेट के लिए 26 रन जोड़े। नीशम ने 21 गेदों में 26 रन बनाए। कोल मैककॉन्ची ने 11 गेंदों में 15 रन बनाए। दोनों ही बल्लेबाजों को नकोबानी मोकोएना ने आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 14-3 ओवरों में 91 रन के स्कोर पर समेट दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए नकोबानी मोकोएना ने तीन विकेट और गेराल्ड कोएत्जी, ओटनील बार्टमैन तथा केशव महाराज दो-दो विकेट लिए।

# न्यूजीलैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 80 रनों से हराया



**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** कप्तान अमेलिया केर (78), जॉर्जिया प्लिमर (63) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी के बाद सोफी डिवाइन (चार विकेट) और जेस केर (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 80 रनों से शिकस्त दी। न्यूजीलैंड ने इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। अमेलिया केर को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। 191 रनों के लक्ष्य का दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 110 रन ही बना सकी और 80 रनों से मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए ताजिमन ब्रिट्स ने सर्वाधिक 29 रन बनाए। इसकेअलावा एन डी क्लर्क (19), सूने लूस और (10) रन बनाकर आउट हुई। कायला रेनेके ने 18 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए सोफी डिवाइन ने 12 रन देकर चार विकेट और जेस केर ने 13 रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। न्यूजीलैंड को पारी की पहली गेंद पर इजाबेला गेज (शून्य) रनआउट के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई अमेलिया केर ने जॉर्जिया प्लिमर के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 146 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में एम क्लास ने अमेलिया केर को आउटकर इस साझेदारी को अंत किया। अमेलिया केर ने 44 गेंदों में 11 चौके और तीन दो उड़ाते हुए 78 रन बनाए। 15वें ओवर में एन म्लाबा ने जॉर्जिया प्लिमर को आउट किया।

## रमजान मुबारक



सत्ताईसवां रोजा

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.05 |
| | शिया | 4.58 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.29 |
| | शिया | 6.43 |

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**

**कुरआन करीम**

# 29 को होगी समाजवादी समानता भाईचारा रैली: भाटी

## सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा- 2027 विधानसभा चुनाव का शंखनाद होगी रैली, अखिलेश करेंगे संबोधित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि 29 मार्च को दादरी में होने वाली समाजवादी समानता भाईचारा रैली 2027 के विधानसभा चुनाव का शंखनाद होगी।

राजकुमार भाटी ने यह बात घंटाघर स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। इससे पूर्व पार्षद व वरिष्ठ सपा नेता अभिषेक टिंकू अरोडा ने राजकुमार भाटी का माला व पगडी पहनाकर स्वागत किया। राजकुमार भाटी ने कहा कि रैली में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शामिल होंगे। इस रैली में उत्तर प्रदेश के 32 जिलों की 140 विधानसभाओं के लोग शामिल होंगे यह रैली 2027 के विधानसभा चुनाव का शंखानंद होगी।भीड़ के




लिहाज से यह रैली ऐतिहासिक होगी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राजनीतिक समीकरणों को बदलने वाली होगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि इस रैली में सर्वधर्म, सर्वजाति, सर्व समाज के लोग शामिल होंगे लेकिन ज्यादा संख्या में पीडीए समाज की होगी। पीडीए में पिछड़ा दलित आदिवासी अल्पसंख्यक और आदि आबादी के अलावा सामान्य वर्गों के वह लोग भी शामिल होंगे जो भाजपा शासन में पीड़ित दुखी और अपमानित है। उन्होंने कहा कि रैली का इंतजाम गुर्जर समाज के लोग संभालेंगे। इस रैली से गुर्जर समाज को उत्तर प्रदेश के राजनीति में एक नई और मजबूत पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि रैली की सफलता के लिए अलग-अलग क्षेत्र में मजबूत टीमों का गठन किया गया है जिला ओर विधानसभा स्तर पर रैली प्रभारीयो की नियुक्ति की गई है।

**■ अभिषेक टिंकू अरोडा ने किया पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत**

इस मौके पर लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, प्रदेश सचिव धर्मवीर खटाना, फैसल सलमानी, भीम खटाना, शुभम वर्मा, रवि यादव, पंकज राणा, कपिल शर्मा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पहले जनसेवक पैदा होते थे और अब स्वार्थी: मनीष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** आज देश मे चारो और गैस सिलेंडर व तेल की कमी की चर्चाये जोरो पर हैँ। जिसे लेकर विहिप के विभाग सहमंत्री मनीष योगाचार्य ने कहा की आज देश विरोधी अपने देश को बदनाम करने में लगे गैस सिलेंडर खत्म हो गए या तेल खत्म हो गया। यदि सच में ऐसा है तो जनता को बताओ कैसे इस संकट से उभरे कैसे देश को बचाए कैसे देश में महंगाई न आने दे परंतु ऐसा नहीं करना करनी तो राजनीति है कैसे सरकार को बदनाम कैसे हम कुर्सी पर बैठे कैसे हम समृद्ध बने इनका देश से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि देश को बाहरी ताकतों से नहीं इन राजनीतिक पार्टियों से खतरा है पहले हमारे देश में जन सेवक पैदा होते थे परंतु अब स्वार्थी लोग नेता बन रहे है एक समय था जब लाल बहादुर



शास्त्री ने दिया जय जवान, जय किसान का नारा'

1965 की जंग में जब अमेरिका ने भारत को गेहूँ रोकने की धमकी दी, तब शास्त्री जी ने देशवासियों से कहा कि हफ्ते में एक दिन एक वक्त भोजन न करें। उन्होंने पहले अपने घर में यह आजमाया कि उनके बच्चे बिना भोजन के रह सकते हैं। जब यह संभव हुआ, तभी उन्होंने पूरे देश से भी ऐसा करने को कहा।लाल बहादुर शास्त्री के एक आह्वान पर एक हो गया था पूरा देश।

मनीष योगाचार्य का कहना है की यदि देश मे तेल और गैस की कमी है तो अन्य पार्टियों को बताना या सुझाव देना चाहिए की कैसे गैस और तेल की कमी को पूरा किया जाये।

# ब्राह्मण समाज में उबाल, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा एवं सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों एसआई भर्ती परीक्षा में पूछे गए प्रश्न पर रोष व्यक्त किया है।




महासभा के राष्ट्रीय प्रभारी पं. अंकित शर्मा ने कहा कि हाल ही में आयोजित एसआई पुलिस भर्ती परीक्षा के एक प्रश्न में पंडित शब्द का गलत व आपत्तिजनक संदर्भ में प्रयोग किया गया है, जिससे सवर्ण समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और समाज में विद्वेष फैलाने का प्रयास प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से लगातार ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं, जिनसे सवर्ण समाज में असंतोष और निराशा बढ़ रही है। इस विषय को गंभीर बताते हुए उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इस प्रकार की गलती के लिए जिम्मेदार लोगों के नाम उजागर कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. श्रीकांत शर्मा ने कहा कि लगातार सामने आ रहे ऐसे प्रकरण समाज में गलत संदेश देते हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि मामले की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर चंद्रपाल शर्मा, जिला अध्यक्ष सोनू शर्मा, दीपक शर्मा, महानगर अध्यक्ष गिरीश शर्मा, प्रशांत शर्मा आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# कांशीराम जयंती पर अखिलेश को सीएम बनाने का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बहुजन नायक मान्यवर काशीराम की जयंती को सपा कार्यकर्ताओं ने बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस के रूप मनाया और 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री का संकल्प लिया।

अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज को शासन कर्ता जमात बनाने के लिए समर्पित किया। उन्होंने मंडल रिपोर्ट के समर्थन में राष्ट्र-व्यापी जन आंदोलन खड़ा किया। उन्होंने दिसम्बर 1992 में समाजवादी नेता स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के साथ समझौता किया। 1993 में सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव के साथ मिलकर व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को मजबूती से लड़ने का काम किया और उसे जन आंदोलन का रूप दिया।

उन्होंने कहा बहुजन समाज बनाओ अभियान को तेज किया। उन्होंने कहा कि दिसम्बर 1993 में नेताजी के नेतृत्व में मजलूमों



की सरकार बनवाई। उन्होंने अपना जन्मदिन दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, धार्मिक अल्पसंख्यकों तथा समाज के अन्य कमजोर वर्गों की एकता और भाईचारा के लिए समर्पित किया था।

प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि आज सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव एवं काशीराम के व्यवस्था परिवर्तन मिशन को मजबूती से आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं और यह केवल पीडीएं दिवस नहीं है पूरा बल्कि स्वाभिमान दिवस है जिसे हमें मजबूती से कार्य कर व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को सफल बनाना होगा।

पूर्व मंत्री सरफराज खान, पूर्व मंत्री विनोद तेजियान, प्रदेश सचिव मजाहीर राणा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजेश शर्मा विशेष आमंत्रित सदस्य रतन यादव, नियाज हसन,वरिष्ठ सपा नेता अबदुल गफूर, सुदेश गुर्जर, किरण पाल राणा कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी, चौधरी नक्षत्र, कर्मवीर सिंह, मुस्तकीम राणा ,काशिफ अल्वी अजय पंडित, अच्छन यादव, महेंद्र राकेश,विनोद कुमार, नवाब यादव ,रवि दत्त जमाल साबरी, बृजपाल सिंह नरेश कश्यप, रमेश पवार राजकुमार घटडा ,राजकुमार बिरला, अमित कुमार, विनोद कुमार शर्मा, मांगेराम अमित जाटव, गौरव यादव, नरेंद्र खोटीयान , सतीश कुमार वीरेंद्र यादव एडवोकेट आदि ने संबोधित किया

कार्यक्रम में नावेद, कंवरपाल, शाहिद मंसूरी, नितिन ठाकुर, विमल धनकर, मोहम्मद लुकमान बदर अमान, डॉ मोहम्मद उस्मान, संजय यादव, जुबेर अहमद, संजय यादव, अभिषेक, सतपाल सिंह, डॉक्टर धर्मवीर सिंह, सतपाल सिंह, कुलदीप हंस, वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

# सपा ही दलित समाज की हितैषी: रूही अंजुम

## ग्राम उनाली में बसपा व भाजपा छोडकर सपा में शामिल हुए दलित समाज के लोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम के नेतृत्व में दलित समाज के लोगों ने बसपा व भाजपा को छोडकर अखिलेश यादव में अपनी आस्था जताई।

देहात विधानसभा के गांव उनाली में दलित समाज के लोगों ने यह घोषणा की। पार्टी में शामिल होने वालों राजकली, मेशी, शंतलेश, रमेशो, अनिता, संतोष, रनावती, बाला, उषा, करतारी, गीता, मेघपाल, ओमपाल, पूर्ण, पप्पल, हजारीलाल, करतारे, लीला, सावित्री, सीमा, माया, शिमला देवी, भगवती, बबीता, चंपा, उर्मिला आदि को को प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने सपा सफा व टोपी पहनाई। रूही अंजुम ने का कि केवल समाजवादी पार्टी ही दलित हितैषी है और अखिलेश यादव ने हमेशा ही उनके हितों के लिये संघर्ष किया है।

इसके अलावा राजकुमार बिरला, उस्मान,



जुबैर, जितेंद्र वाल्मीकि, बदर, जिंदा हसन, सलमान, देवांश गोस्वामी, संजीव नौटियाल, भगत सुमित धीमान ने भी विचार रखे।

संचालन राजन डबराल ने किया।

# पत्रकार धर्मेश का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** क्षेत्र के वरिष्ठ और निडर पत्रकार के रूप में प्रसिद्ध धर्मेस गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया।



मौहल्ला कायस्थान निवासी धर्मेस गुप्ता लंबे समय से पत्रकारिता से जुड़े हुए थे। उन्होंने कई प्रमुख समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दी। निष्पक्ष,निर्भीक पत्रकारिता के लिए पूरे क्षेत्र में सम्मानित रहे। अपने सादगीपूर्ण स्वभाव और स्पष्ट विचारों के कारण वे सभी के बीच लोकप्रिय थे। परिजनों के अनुसार बीती रात लगभग 5 बजे अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। आनन-फानन में चिकित्सक को बुलाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।वे 56 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।परिचितों व शुभचिंतकों का घर पर तांता लग गया। पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा बॉबी और सचिव ताहिर मलिक ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि धर्मेस गुप्ता जितने अच्छे और निर्भीक पत्रकार थे, उतने ही कुशल वक्ता और मंच संचालक भी थे। वे अपनी योग्यता और व्यवहार से हर किसी को प्रभावित कर लेते थे। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। दोपहर 12 बजे उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। धर्मेस गुप्ता के निधन पर राज्यमंत्री जसवंत सैनी, विधायक देवेंद्र निम, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान, पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि विवेककांत सिंह, पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, पूर्व चेयरमैन अनिल अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन शहाबुद्दीन अहमद, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पंवार, महबूब अहमद सैफी, मुजम्मिल सैफी, डॉ. जहूर अहमद, आस मोहम्मद सैफी, वरिष्ठ पत्रकार राजन गुप्ता, तारिक सिद्दीकी, कुशलपाल चौधरी, अनुज शर्मा टिंकू, डॉ. अनुज सैनी, विपुल जैन, सुशील शर्मा, पारस पंवार, अमजद सिद्दीकी, नाजिम अहमद, रजनीश चौधरी, वरदान, अमन मलिक और वैभव गुप्ता ने शोक व्यक्त किया।

# नकुड में थमने का नाम नहीं ले रही चोरी की वारदातें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। देर रात को नगर के मौहल्ला बंजारान में एक घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चंद मिनटों में उड़ा ले गए, जिससे पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार मौहल्ला बंजारान स्थित हमजा मस्जिद के निकट शाहिद निजामी की बाइक घर के बाहर खड़ी थी। तभी अज्ञात चोर मौके का फायदा उठाकर बाइक लेकर फरार हो गए। जब घर बाहर निकल कर नजर बाहर खड़ी बाइक पर नजर पड़ी तो वह गायब थी। घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में हड़कंप मच गया और आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। आनन फानन में पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरों की गतिविधियां कैद हो सकती हैं जिससे चोरी की घटना का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।




## प्रतियोगिता आयोजित

**चिलकाना।** सुल्तानपुर श्री सत्संग मंडल के तत्वाधान में धार्मिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रविवार को प्राचीन शिव मंदिर कंकरो वाला में श्री सत्संग मंडल द्वारा पंडित जय नारायण शर्मा की स्मृति में धार्मिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रामायण, महाभारत, गीता एवं भागवत से संबंधित प्रश्न पूछे गए। उक्त प्रतियोगिता में कुल 84 बच्चों ने भाग लेकर अपने प्रतिभा का परिचय दिया।इस दौरान श्री सत्संग मंडल के अध्यक्ष शिवनंदन शर्मा ने बताया कि सत्संग मंडल द्वारा समय समय पर धार्मिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। जिनका मुख्य उद्देश्य जनमानस को धर्म के प्रति जागरूक करना है आज आयोजित प्रतियोगिता के सभी बच्चों को 27 मार्च रामनवमी पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# नदी को सरंक्षित करें लोग: सुमित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील के गांव कालूवाला पहाड़ीपुर मे भारतीय नदी परिषद के अंतर्गत हिंडन नदी धारा से जल लेकर नदी शोध यात्रा का आयोजन किया गया।

शिवालिक पहाड़ियों मे स्थित वन विभाग के शाहजहांपुर मे स्थित गेस्ट हाउस मे आयोजित कार्यक्रम मे बोलते हुए मुख्य विकास अधिकारी सुमित कुमार महाजन ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य नदियों के आस पास रहने वाले समाज को जागरूक करना और नदी के जल वह पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए जनजागरण करना है उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नदी संरक्षण के लिए प्रेरित किया जायेगा ।कार्यक्रम मे बोलते हुए बीडीओ योगेन्द्र कुमार ने कहा कि यह यात्रा सकारात्मक भाव से की जा रही है।

कार्यक्रम मे सचिव राजीव सैनी,कमल राणा ,अनुज विश्नोई रमाकांत, अंकित,मांगेराम प्रधान जनेश्वर राठौर, सुधीर पान सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।







# रालोद कार्यालय पर मा.कांशीराम का भावपूर्ण स्मरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बहुजन नायक मान्यवर काशीराम की जयंती पर राष्ट्रीय लोक दल कार्यकर्ताओं ने भावपूर्ण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों सिद्धांतों को अपने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर रेखा गुप्ता ने भारी संख्या में महिलाओं के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

आज कोर्ट रोड स्थित रालोद महानगर कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार ने कहा कहां की आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में संगठन निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि किसान मजदूर और अन्य वर्गों को मजबूत करने और उन्हें उनके अधिकार दिलाने की



दिशा में लगातार कार्य हो रहा है। जिलाध्यक्ष शाहजमां खान ने कहा कि हमें संघर्ष संगठित होकर समाज में एकजुट लानी होगी। महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी कार्य करता 2027 के होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य निर्धारित कर यो में जुट जाए। प्रदेश महासचिव ओडी त्यागी, प्रदेश महासचिव चौधरी धीर सिंह बाबूराम प्रजापति ने भी विचार रखे।

कार्यक्रम में श्रीमती रेखा, रिबेका के नेतृत्व में महिलाओं ने पार्टी की संस्था ग्रहण की जिनका सभी ने माला भेंट कर उनका सम्मान किया

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अयूब हसन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शमीम अहमद युवा जिला अध्यक्ष शिवकुमार अर्जुन सिंह जिला महासचिव दिनेश शर्मा हरपाल सिंह वाल्मीकि जैसलमेर प्रधान रूपचंद बर्मन सागर फखरुल इस्लाम मनोज कुमार पदम सिंह रूपचंद बर्मन अंकुर विक्की कंवरपाल सोनू वीरेंद्र ऋतिक राणा कौशित अमन कुमार अजय राणा चंद्र किरण सूरज कश्यप सहित आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन अरविंद मलिक ने किया












शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 16 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# चुनाव की घोषणा

रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने असम की 126, केरल की 140, पुड्डुचेरी की 30, तमिलनाडु की 234 और पश्चिमी बंगाल की 294 सीटों वाली विधानसभाओं के लिए चार राज्य और एक केंद्रशासित प्रदेश के लिए चुनाव की घोषणा कर दी। जहां असम, केरल और केंद्रशासित पुड्डुचेरी और तमिलनाडु में एक चरण में चुनाव कराया जाएगा। वहीं पश्चिमी बंगाल में दो चरणों में चुनाव होगा। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के अनुसार असम, केरल, पुड्डुचेरी में चुनाव 9 अप्रैल को होगा, जबकि तमिलनाडु का चुनाव भी 1 चरण में 23 अप्रैल को होगा। पश्चिमी बंगाल में 23, 29 अप्रैल को चुनाव कराए जाएंगे। ये चुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं, जब एसआईआर को लेकर घमासान मचा हुआ है और लगभग तमाम विपक्ष ही एक स्वर में चुनाव आयोग पर यह आरोप लगा रहा है कि उसने पारदर्शिता से काम नहीं लिया है और बड़ी संख्या में मतदाताओं को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया है। प. बंगाल जहां एसआईआर को लेकर सबसे ज्यादा बवाल मचा है और वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बीते बुधवार से धरने पर बैठी हैं। 60 लाख से अधिक मतदाता एसआईआर प्रक्रिया के तहत वोट देने से वंचित कर दिए गए हैं। निश्चित रूप से यह बड़ी संख्या है और इस पर गंभीरता से विचार होना ही चाहिए। बेशक चुनाव आयुक्त को संवैधानिक रूप से यह अधिकार मिला हुआ है कि वह ऐसी व्यवस्था करे जिससे कोई पात्र वोटिंग होने से वंचित न रह पाए। वहीं, अपात्र लोग चुनाव प्रणाली में हिस्सा न लें, लेकिन ऐसा करते हुए बेहद सावधानी की जरूरत भी है और यह केवल कोई भी अपने बलबूते नहीं कर सकता। उसमें सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी। चुनाव आयोग यहां कुछ पिछड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि वह कह रहा है कि उसने अपनी तरफ से भरसक कोशिश की है कि त्रुटिरहित वोटर लिस्ट बने जिसमें किसी भी कीमत पर पात्र लोगों के नाम न छूट पाएं, लेकिन जैसाकि हमने कहा कि विपक्ष चुनाव आयोग के तर्क को नहीं मानता और उसका मानना रहा है कि उसका झुकाव केंद्र की मोदी सरकार की तरफ है और उसके इशारे पर ही वह अपना काम करता है। निश्चित रूप से यह विपक्ष का गंभीर आरोप है और इस पर सफाई आनी ही चाहिए, लेकिन चुनाव आयोग की तरफ से अब तक जो सफाई आई है वह दुर्भाग्य से दूर करती दिखाई नहीं दे रही है। भले ही चुनाव आयोग की मंशा कितनी भी साफ क्यों न हो, अगर उस पर संदेह के बादल मंडराते हैं, तो यह भी उसकी जिम्मेदारी है कि वह इन संदेह को दूर करे। आखिर चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी तभी कहे जाएंगे, जब सबकी भागेदारी उसमें हो। यह अच्छी बात है कि अबकी बार राज्यों के चुनावों में चुनाव आयोग समय सीमा घटाई है और सात से दो चरणों में ले आया है।

## शासन में निरंतरता एक बुनियादी सच्चाई



ईरान में स्थित चाबहार बंदरगाह इस दौरान परिदृश्य में नहीं है और इसका अदृश्य होना सरकार की कूटनीति के लिए और बड़ा झटका है, सरकार को चाबहार परियोजना को लेकर स्थिति स्पष्ट कर बताना चाहिए कि क्या भारत अब भी इस परियोजना में शामिल है, अगर ऐसा नहीं है तो यह भारत के लिए बडा रणनीतिक झटका है, इस परियोजना में स्थिति क्या है या क्या फिलहाल उसके निवेश संबंधी दायित्व पूरे हो चुके हैं, चाबहार के परिदृश्य में नहीं होना पश्चिम एशिया कूटनीति में भारत के लिए दूसरा रणनीतिक झटका दिखता है, ताजिकस्तान के अयनी के वायुसेना अड्डे को भारत पहले ही बंद कर चुका है, शासन में निरंतरता एक बुनियादी सच्चाई है, जिसे मोदी कभी स्वीकार नहीं करते।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# डाटा, सहमति और संविधान : डिजिटल शक्ति पर भारत को पुनर्विचार करना होगा





अली ज़ैदी

डिजिटल युग में डेटा नई शक्ति बन चुका है। जिस तरह औद्योगिक क्रांति के दौर में संसाधनों और पूंजी ने आर्थिक संरचना को परिभाषित किया था, उसी तरह आज डेटा वैश्विक अर्थव्यवस्था और सत्ता के नए समीकरण तय कर रहा है। भारत, जहां दुनिया के सबसे बड़े इंटरनेट उपयोगकर्ता समुदायों में से एक मौजूद है, इस परिवर्तन के केंद्र में खड़ा है, लेकिन इस तेज डिजिटल विस्तार के साथ एक बुनियादी संवैधानिक प्रश्न भी उभर रहा है क्या भारतीय नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा पर उनका नियंत्रण है, या यह नियंत्रण धीरे-धीरे वैश्विक तकनीकी कंपनियों के हाथों में सिमटता जा रहा है?

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप की 2021 की विवादित प्राइवेसी नीति से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान जो टिप्पणियां कीं, उन्होंने इस बहस को नई गंभीरता प्रदान की है। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कंपनियों को नागरिकों के निजता के अधिकार के साथ खेलने की अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने यह भी संकेत दिया कि व्यक्तिगत डेटा का उपयोग केवल व्यावसायिक लाभ का विषय नहीं है, बल्कि यह सीधे-सीधे नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा हुआ प्रश्न है। यह टिप्पणी दरअसल डिजिटल अर्थव्यवस्था के एक बड़े संकट की ओर इशारा करती है सहमति का संकट। आधुनिक डेटा सुरक्षा कानूनों की बुनियाद इस विचार पर टिकी है कि उपयोगकर्ता अपनी जानकारी स्वेच्छा से साझा करते हैं, लेकिन व्यवहारिक स्तर पर यह सहमति अक्सर वास्तविक नहीं बल्कि परिस्थितियों से निर्मित होती है।

आज अधिकांश डिजिटल प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं के सामने स्वीकार करें या सेवा छोड़ दें जैसी स्थिति रखते हैं। जब एक व्यक्ति के लिए डिजिटल संचार, बैंकिंग, रोजगार और सामा. जिक संपर्क लगभग पूरी तरह इन प्लेटफॉर्मों पर निर्भर हो जाए, तब ऐसी सहमति को पूरी तरह स्वतंत्र नहीं कहा जा सकता। इसी कारण कई विशेषज्ञ इसे निर्मित सहमति कहते हैं। उपयोगकर्ताओं को अक्सर लंबी और जटिल गोप. नीयता नीतियों को बिना समझे स्वीकार करना पड़ता है। इससे डिजिटल प्लेटफॉर्मों को विशाल मात्रा में व्यक्तिगत डेटा तक पहुंच मिल जाती है, जिसका उपयोग केवल सेवा सुधार के लिए ही नहीं बल्कि व्यापक डेटा-आधारित व्यावसायिक मॉडल के लिए भी किया जाता है। इस बहस का संवैधानिक आधार सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय Justice KASA Puttaswamy v Union of India (2017) में मिलता है। इस मामले में अदालत ने स्पष्ट किया था कि निजता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत एक मौलिक अधिकार है। यह निर्णय केवल राज्य की निगरानी तक सीमित नहीं थाय इसने यह भी संकेत दिया कि नागरिकों की सूचना संबंधी गोप. नीयता लोकतांत्रिक समाज की आधारशिला है।

इसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट us Shreya Singhal v Union of India (2015) में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66A को निरस्त करते हुए यह स्पष्ट किया था कि डिजिटल क्षेत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को किसी भी अस्पष्ट और मनमाने कानून से प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त Anuradha Bhasin v Union of India (2020) में अदालत ने यह भी कहा कि इंटरनेट तक पहुंच अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रयोग से गहराई से जुड़ी हुई है। इन निर्णयों ने यह स्थापित किया कि डिजिटल स्पेस केवल तकनीकी क्षेत्र नहीं बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों का विस्तार है। इसी संदर्भ में डेटा का अत्यधिक केंद्रीकरण एक नई चिंता बनकर उभर रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों के पास केवल उपयोगकर्ताओं की बुनियादी जानकारी ही नहीं होती, बल्कि उनके व्यवहार, पसंद, सामाजिक नेटवर्क, आर्थिक गतिविधियों और यहां तक कि राजनीतिक विचारों से जुड़ा विशाल डेटा भी मौजूद होता है। जब ऐसी सूचना शक्ति कुछ सीमित कंपनियों के हाथों में केंद्रित हो जाती है, तो यह केवल निजता का प्रश्न नहीं रह जाताकृयह प्रतिस्पर्धा, लोकतंत्र और डिजिटल संप्रभुता से जुड़ा मुद्दा बन जाता है। हालांकि भारत ने हाल के वर्षों में Digital Personal Data Protection Act 2023 लागू किया है, लेकिन किसी भी कानून की वास्तविक प्रभावशीलता उसके क्रियान्वयन और नियामकीय संरचना पर निर्भर करती है। यदि डेटा संरक्षण ढांचा मजबूत, पारदर्शी और जवाबदेह नहीं होगा, तो नागरिकों की सूचना सुरक्षा केवल कागजी प्रावधान बनकर रह जाएगी। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल भुगतान, ई-कॉमर्स और डेटा आधारित सेवाओं के कारण तेजी से बढ़ने वाली है। यह विकास निस्संदेह आर्थिक अवसरों का एक विशाल द्वार खोलता है। लेकिन इसके साथ यह जोखिम भी जुड़ा है कि नागरिकों का व्यक्तिगत डेटा एक व्यावसायिक वस्तु में बदल जाए। सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों को इसलिए केवल एक कंपनी की नीति पर प्रतिक्रिया के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह दरअसल एक व्यापक संवैधानिक चेतावनी है कि तकनीकी नवाचार को नागरिकों के मौलिक अधिकारों से ऊपर नहीं रखा जा सकता।

भारत के सामने चुनौती यह नहीं है कि वह डिजिटल विकास को रोकेकृबल्कि यह सुनिश्चित करे कि यह विकास संवैधानिक मूल्यों, नागरिक स्वतंत्रता और पारदर्शी शासन के साथ आगे बढ़े। अंततः सवाल यह नहीं है कि तकनीक आगे बढ़ेगी या नहींकृवह निश्चित रूप से आगे बढ़ेगी। असली सवाल यह है कि क्या यह विस्तार उस संवैधानिक ढांचे के भीतर होगा जो प्रत्एक नागरिक की निजता, गरिमा और स्वायत्तता की रक्षा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने दिशा स्पष्ट कर दी है। अब जिम्मेदारी विधायिका, नियामकों और तकनीकी कंपनियों की है कि भारत की डिजिटल यात्रा में संविधान ही अंतिम मार्गदर्शक बना रहे।

लेखक सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं,
ये उनके निजी विचार हैं

# टीकाकरण : लाखों जिंदगियां बचाने का संकल्प

भारत में लोगों को टीकाकरण का महत्व बताने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 16 मार्च को 'राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस' मनाया जाता है। दरअसल टीकाकरण कई गंभीर संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए बेहद जरूरी होता है। हमारे आसपास के वातावरण में मौजूद वायरस और बैक्टीरिया अक्सर हमें अपनी चपेट में लेकर बीमार कर देते हैं, ऐसे में वैक्सीन इन वायरस अथवा बैक्टीरिया के खिलाफ हमारी रक्षा करते हुए कई गंभीर बीमारियों से बचाती है और टीकाकरण की मदद से ही हम विभिन्न संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह पाते हैं।

यह दिवस मनाने का उद्देश्य गंभीर बीमारियों से लड़ने के लिए टीकाकरण के महत्व को लेकर लोगों को जागरूक करना है, साथ ही यह प्रत्एक बच्चे के टीकाकरण को सुनिश्चित करने के लिए डॉक्टरों और फ्रंटलाइन हैल्थ केयर वर्कर्स की कड़ी मेहनत को सरा. हने का भी अवसर है। यह अवसर टीकाकरण की आवश्यकता को दर्शाते हुए लोगों को स्वस्थ रहने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। टीकाकरण दिवस एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य देखभाल श्रमिकों, साथ ही अन्य हित धारकों और उनके काम की योग्य मान्यता को प्रोत्साहित करना है।

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस की शुरुआत भले ही बच्चों की वैक्सीन के साथ हुई हो लेकिन इसका महत्व सभी के लिए है। दरअसल वैक्सीन केवल बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि बड़े-बुजुर्गों के लिए भी बेहद जरूरी होती है। वैक्सीन का विकास मानव इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक माना जाता है। वैक्सीन न केवल बच्चों को बल्कि बड़ों को भी कई गंभीर बीमारियों से बचाने में मददगार साबित होती है। वैक्सीन कई खतरनाक और गंभीर बीमारियों को रोकने का एक प्रभावी माध्यम है। टीकाकरण न केवल गंभीर बीमारियों के प्रसार को घटाता है बल्कि वैक्सीन शरीर में रोग प्रतिरोधक शक्ति भी बढ़ाती है। टीकाकरण मूल रूप से संक्रमित रोगों को फैलने से रोकने के लिए शरीर में इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करता है, हालांकि हर बीमारी के लिए अलग टीका या वैक्सीन होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि टीकाकरण की मदद से प्रतिवर्ष 2-3 मिलियन लोगों की जान बचाई जाती है। प्रतिवर्ष 16 मार्च को ही राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि यह दिन पोलियो बीमारी के खिलाफ भारत की जीत का प्रतीक है। देश में पहली ओरल पोलियो वैक्सीन खुराक देने की शुरुआत 16 मार्च 1995 को हुई थी। उसी के साथ भारत सरकार ने पोलियो को जड़ से खत्म करने का अभियान 'पल्स पोलियो' शुरू किया था, जो 'दो बूंद जिंदगी की' के नाम से लोकप्रिय हुआ था। वह ऐसा दौर था, जब देश में पोलियो के मामले तेजी से बढ़ रहे थे। तब पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों को समय-समय पर पोलियो वैक्सीन की दो बूंद दी जाती थी। पोलियो के खिलाफ व्यापक रूप से चलाए गए उस अभियान के परिणामस्वरूप ही भारत 2014 में पोलियो मुक्त देश बना था। भारत में पोलियो का आखिरी मामला 2011 में पश्चिम बंगाल में दर्ज किया गया था और 2014 में डब्ल्यूएचओ द्वारा भारत को पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित कर दिया गया था। पिछले कुछ वर्षों में टीकाकरण जीवन-घातक संक्रामक रोगों को नियंत्रित करने और समाप्त करने में बेहद कारगर साबित हुआ है। पोलियो और चेचक जैसी महामारी का रूप ले चुकी बीमारियों से निजात दिलाने के लिए तो देश में समय-समय पर टीकाकरण अभियान चलाए ही जाते रहे लेकिन देश का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान 2020 में कोविड महामारी के बाद चलाया गया और उस दौरान टीकाकरण का महत्व सर्वोपरि हो गया था। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक टीकाकरण के लाभ केवल स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा में सुधार तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि समुदाय के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी इससे सामाजिक और आर्थिक प्रभाव पड़ते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत ने वर्ष 2017 से 2020 के बीच 32।4 करोड़ बच्चों का एमआर (खसरा-रूबेला) टीकाकरण किया था। खसरा और रूबेला संक्रमण से बचाव के लिए एमआर टीकाकरण किया जाता है। खसरा बच्चों का जानलेवा रोग है, जिससे ग्रसित बच्चे दस्त और निमोनिया से मर सकते हैं जबकि रूबेला बीमारी से गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहा बच्चा अंधा, बहरा, मंदबुद्धि पैदा हो सकता है और उसके दिल में सुराख जैसी भंयकर बीमारी भी हो सकती है, बच्चे की गर्भ में ही मृत्यु भी हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगटन के मुताबिक एमआर टीकाकरण बहुत सुरक्षित और उपयोगी है और इस टीकाकरण से दुनियाभर में प्रतिवर्ष करोड़ों बच्चों की जान बच जाती है। विगत तीन दशकों में टीकाकरण के क्षेत्र में भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है और अब हमारे पास हेपेटाइटिस बी तथा मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए भी सफल टीके हैं। इसके अलावा हमारे वैज्ञानिक उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ और भी बेहतर टीके तैयार करने में जुटे हैं। भारत के कुछ नए टीकाकरण पर नजर डालें तो नवम्बर 2015 में निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन को पहली बार 6 राज्यों में लांच किया गया था, जिसे वैश्विक पोलियो उन्मूलन पहल के हिस्से के रूप में शामिल किया गया है। डायरिया से होने वाली मृत्यु और रुग्णता को कम करने के लिए मार्च 2016 में 11 राज्यों में रोटावायरस वैक्सीन द्धआरवीवीत्र को लांच किया गया और 2019-20 में देशभर में टीकाकरण अभियान का विस्तार किया गया। भारत ने 2017 में खसरा उन्मूलन और रूबेला नियंत्रण लक्ष्यों के लिए समर्पित 'एमआर टीका' पेश किया, जिसने 9 माह से 15 साल तक के 41 करोड़ बच्चों को लक्षित किया।

**-योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शहादत-ए-खामेनेई : मर के जीना सिखा गए



पूरे विश्व को अशांति की आग में झोंकने वाले अमेरिका व उसके क्रूर सहयोगी मित्र इस्राईल द्वारा आखिरकार ईरान पर एक बार फिर युद्ध थोप कर वहां भारी नरसंहार की इबारत लिखी जा रही है। अमेरिका व इस्राईल जैसे परमाणु हथियार रखने वाले देशों का कहना है कि परमाणु हथियार रखना केवल उन जैसे श्जन संहारकश देशों का ही एकाधिकार है। अमे. रिका के इशारों पर नाचने से इंकार करने व उसे श्सर्वशक्तिमान श स्वीकार करने वाले ईरान जैसे देश का तो हरगिज नहीं। वैसे तो अब तक ईरान भी परमाणु हथियार बनाने से इंकार करता रहा है। परन्तु इराक की ही तरह इसी बात को बहाना बनाकर अमेरिका व इस्राईल ईरान पर टूट पड़े हैं। ईरान से रोजाना भारी जनहानि की खबरें आ रही हैं। जैसे जैसे युद्ध लंबा होता जा रहा है वैसे वैसे अमेरिका के हौसले पस्त होते जा रहे हैं और वह और भी अधिक आक्रामकता दिखाकर आम लोगों पर बंबारी कर अपनी खीज उतार रहा है। ठीक इसके विपरीत अपने सर्वोच्च गुरु अयातुल्लाह सै "यद अली खामनेई की शहादत जैसी बड़ी कुर्बानी देने तथा लगभग 170 स्कूली बच्चियों की शहादत के बाद भी ईरानी जनता का जज्बा-ए-शहादत और भी सर चढ़ कर बोल रहा है। अमेरिका-इस्राईल के विरुद्ध व मौजूदा ईरानी सत्ता के समर्थन में राजधानी तेहरान सहित ईरान के विभिन्न शहरों में लाखों लोग दिन रात अपने बुलंद हौसलों के साथ ईरानी सैनिकों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। लाखों प्रदर्शनकारी तो शहीद होने के जज्बे के साथ अपने शरीर पर कफन लपेटकर प्रदर्शन करते देखे गए। तेहरान में तो ऐसी ही एक बड़ी रैली पर इस्राईल द्वारा बंबारी भी की गई। परन्तु ईरानियों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं।

नि:संदेह अमेरिका व इस्राईल के दबाव में पश्चिमी मीडिया दशकों से यह नरेटिव प्रसारित करता रहा है कि ईरानी सत्ता कट्टरपंथी है,यह सुन्नी जगत को निगल जाना चाहती है,अरब देशों के लिए ईरान सबसे बड़ा खतरा है, केवल अमेरिका ही ईरान से अरब देशों की रक्षा कर सकता है आदि आदि। और अरब देशों को ईरान का ही भय दिखाकर अमेरिका ने मध्य पूर्व के अरब लीग सदस्य देशों में लगभग 15 से 20 के मध्य स्थाई और प्रमुख सुविधाओं वाले सैन्य ठिकाने बना रखे हैं। यहां अमेरिकी सैनिकों की तैनाती 40,000 से 50,000 के आसपास है। कतर,बहरीन,कुवैत,संयुक्त अरब अमीरात,सऊदी अरब,जॉर्डन,इराक,मिस्र,सीरिया के अतिरिक्त कई छोटे काउंटर-टेररिज्म बेस भी शामिल हैं। जबकि ओमान जैसे कई देशों में अमेरिका की एक्सेस या पोर्ट सुविधाएं मौजूद हैं, हालांकि यहां पूर्ण अड्डे नहीं हैं। इन भारी भरकम सैन्य मौजूदगी के बल पर ही अमेरिका व इस्राईल अधिकांश खड़ी देशों को अपने कुचक्र में उलझाकर उनके तेल भंडारों का अपनी मनमर्जी से जबरदस्त दोहन कर रहे थे तथा उनकी सुरक्षा के नाम पर अरब देशों से भरी भरकम वसूली कर रहे थे। इतना ही नहीं बल्कि ईरान का भय दिखाकर ही बड़े ही नियोजित तरीके से इन्हीं देशों को अमेरिका व इस्राईल अपने हथियार बेचते रहते थे, परन्तु गत 28 फरवरी को पवित्र रमजान के महीने में अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर किए गए आक्रमण में और युद्ध छिड़ते ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह सैय्यद अली खामनेई की शहादत ने न केवल अमेरिका व इस्राईल के अरमानों पर पानी फेर दिया बल्कि पूरे अरब जगत की आंखें भी खोलकर रख दीं। ईरान पहले ही कह चुका था कि यदि उसपर अमे. रिका का हमला हुआ तो वह मध्य पूर्व में मौजूद अमे. रिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनाएगा। क्योंकि इन्हीं सैन्य अड्डों का इस्तेमाल अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान के विरुद्ध किया जा रहा था। लिहाजा सामरिक .ष्टिकोण से भी यही सैन्य अड्डे ईरान के निशाने पर थे। और वही हुआ कि अमेरिका-इस्राईल के हमले के जवाब में ईरान ने इन्हीं अमेरिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनाया। ईरान के दावों के अनुसार नहीं बल्कि द न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित उसके गत 11 मार्च के विश्लेषण के मुताबिक मध्य पूर्व में ईरान के हमलों से कम से कम 17 अमेरिकी सैन्य, राजनयिक और वायु रक्षा स्थलों को भारी नुक्सान पहुंचा है। यह हमले मुख्य रूप से बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब, कतर और यूएई सहित खाड़ी देशों में स्थित ठिकानों पर किए गए। इनमें अनेक अमेरिकी सैनिक मारे गए व कई घायल हुए। इसके बाद अमेरिका ने उन प्रभावित सैन्य ठिकानों से अपने तमाम सैनिकों को वापस बुला लिया। और जिन अरब देशों की सुरक्षा के नाम पर गत 4 दशकों से गलतफहमी का शिकार बना रखा था उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका ने अपने नागरिकों को एक एडवाइजरी जारी कर उन्हें सऊदी अरब,संयुक्त अरब अमीरात,कुवैत,कतर,बहरीन,ओमान,जॉर्डन,मिस्र,लेबनान,यमन,इराक तथा सीरिया जैसे देशों को तत्काल छोड़ने की सलाह भी दे दी।

अमेरिका द्वारा पीठ दिखाने के बाद पूरा इस्लामी जगत यह सोचने के लिए मजबूर हो गया कि वास्तव में अमेरिका द्वारा जिस ईरान को अरब देशों के लिए खतरा बताया जा रहा था वह ईरान नहीं बल्कि खुद अमेरिका ही उनके लिए सबसे बड़ा खतरा है। खामनेई की शहादत के बाद जिस तरह पूरे विश्व की अनेक सांसदों व विधानसभाओं में सड़कों व बाजारों में खामनेई को श्रद्धांजलि पेश की गई और साथ ही पूरे विश्व में शिया सुन्नी एकता के जो लहर दिखाई दे रही है उसकी तो अमे. रिका ने कल्पना भी नहीं की होगी। आज केवल दुनिया के मुसलमान ही नहीं बल्कि क्रूर व शुद्ध व्यवसाई मान. सिकता रखने वाले अमेरिकी साम्राजयवाद से त्रस्त आ चुकी पूरी दुनिया आयतुल्ला खामनेई की शहादत को इसी लिए सलाम कर रही है कि उन्होंने शहीद होकर न केवल विश्वसतर पर शिया सुन्नी की उस खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जो अमेरका व इस्राईल द्वारा ही गहरी की गई थीं बल्कि उन्होंने अमेरिकी के आगे घुटने टेकने से इंकार कर यह भी बता दिया कि ब्रह्माण्ड में सर्वशक्तिमान कोई अमेरिका जैसा देश या उसका कोई सनकी राष्ट्रपति नहीं बल्कि वही है जो श्सबका मालिकश है और वह एक है और वही सबके लिए श्सर्वशक्तिमानश है। आयतुल्लाह खामनेई की शहादत पर श्रद्धांजलि स्वरूप कुंवर महेंद्र सिंह बेदी सहर द्वारा कही गई यह पंक्तियां सटीक बैठती हैं - जी के मरना तो सब को आता है। मर के जीना सीखा दिया तूने।

**-तनवीर जाफरी**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जयपुर। आपूर्ति संकट के बीच एलपीजी सिलेंडर लेकर कतार में इंतजार करते लोग।

## पाकिस्तान में सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में 30 प्रतिशत तक कटौती

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बढ़ते फ्यूल संकट के बीच सरकार ने खर्च कम करने के लिए कई बड़े फैसले किए हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि सरकारी कंपनियों और सरकार के अधीन स्वायत्त संस्थानों के कर्मचारियों की सैलरी में 5 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक कटौती की जाएगी। सरकार का कहना है कि इन कदमों से जो पैसा बचेगा, उसे लोगों को राहत देने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि अगले दो महीनों तक सरकारी गाड़ियों के लिए फ्यूल का इस्तेमाल 50 प्रतिशत तक कम किया जाएगा और करीब 60 प्रतिशत सरकारी वाहनों को सड़कों से हटा दिया जाएगा। इसके अलावा नई सरकारी गाड़ियां खरीदने पर रोक लगा दी गई है।

## पश्चिमी तट में इजरायली हमले में चार फलस्तीनी मारे गए: रेड क्रिसेंट

**रामल्लाह।** पश्चिमी तट के तम्मून शहर में इजरायली विशेष बलों की गोलीबारी में दो बच्चों सहित चार फलस्तीनियों की मौत हो गई है। फलस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने यह जानकारी दी है। रेड क्रिसेंट के अनुसार, इजरायली बलों ने एक गाड़ी पर गोलीबारी की, जिसमें ये लोग मारे गए। रेड क्रिसेंट ने एक प्रेस बयान में कहा कि उसके कर्मचारियों ने गोलीबारी का शिकार हुई गाड़ी से चारों पीड़ितों के शव बरामद कर लिए हैं। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि पीड़ित एक ही परिवार के थे। सूत्रों ने कहा कि इजरायली विशेष बल शहर के एक इलाके में दो युवकों का पीछा कर रहे थे, जिसके बाद उन्होंने वहां से गुजर रही गाड़ी पर गोलीबारी कर दी। इस घटना के संबंध में इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

# ईरान में सत्ता परिवर्तन की उम्मीदें धूमिल

## इजरायली पीएम नेतन्याहू के सामने नई राजनीतिक चुनौती

**तेल अवीव।** ईरान के खिलाफ युद्ध में सैन्य हमलों और शीर्ष नेतृत्व पर हमले के बावजूद तेहरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना कमजोर पड़ती दिख रही है। ऐसे में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अब एक नई राजनीतिक चुनौती का सामना कर रहे हैं।

■ इजरायल ने कई बार ईरानी जनता से मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ उठ खड़े होने की अपील भी की



इजरायली सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व अब इस युद्ध को मधय पूर्व की रणनीतिक तस्वीर बदलने वाली कार्रवाई के रूप में पेश कर रहा है, जबकि तेहरान में शासन परिवर्तन का लक्ष्य पूरा होता नहीं दिख रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल के सैन्य व राजनीतिक नेतृत्व की ओर से ईरान के खिलाफ युद्ध को मधय पूर्व की शक्ति संतुलन को बदल देने वाली कार्रवाई बताया जा रहा है। तेल अवीव स्थित पत्रकार और यूएस-इजरायल थिंक टैंक इजरायल पालिसी फोरम से जुड़े नीति सलाहकार नेरी जिलबर के अनुसार, नेतन्याहू इस युद्ध को ऐतिहासिक जीत बताने की कोशिश कर रहे हैं। यदि तेहरान की मौजूदा सत्ता कमजोर या समाप्त हो जाती, तो लेबनान में हिज्बुल्लाह और गाजा में हमास जैसे समूहों को मिलने वाली वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और हथियारों की आपूर्ति पर गहरा असर पड़ सकता था। इजरायल का मानना रहा है कि इससे क्षेत्रीय सुरक्षा वातावरण पूरी तरह बदल सकता है। इजरायल ने कई बार ईरानी जनता से मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ उठ खड़े होने की अपील भी की। इजरायल के भीतर कुछ लोग नेतन्याहू के इन संकेतों को इस रूप में देख रहे हैं कि संभवतः युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ रहा है। तेजी से बढ़ती तेल कीमतों के कारण अमेरिका की सरकार पर भी संघर्ष समाप्त करने का दबाव बताया जा रहा है। जून 2025 के बाद सिर्फ आठ महीने में ही इजरायल फिर युद्ध में लौट आया। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान मिसाइल कार्यक्रम फिर खड़ा कर रहा था और उसे तथा अपने परमाणु कार्यक्रम को गहराई में भूमिगत ले जाने की योजना बना रहा था। इजरायल के अखबार येदियोथ अहरोनोथ के रक्षा संवाददाता ने लिखा है कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स के भीतर आंतरिक तनाव व कुछ मामलों में सैनिकों के पलायन जैसी घटनाएं सामने आई हैं। नेतन्याहू का संकेत है कि इजरायल युद्ध के जरिए परिस्थितियां बदल पीछे हट सकता है। हालांकि तेहरान में सत्ता बरकरार रहने की स्थिति नेतन्याहू के लिए जोखिम भी पैदा कर सकती है। विश्लेषक नेरी जिलबर के अनुसार, नेतन्याहू की पूर्ण विजय की घोषणाएं वास्तविकता में नहीं बदलतीं हैं तो यह उनके खिलाफ जा सकता है।

# US को पश्चिम एशिया छोड़ देना चाहिए: पेजेश्कियान

## अगर इस इलाके को सुरक्षित बनाना है, तो अमेरिका की मौजूदगी यहां नहीं होनी चाहिए: ईरान

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा और शांति के लिए अमेरिका को पश्चिम एशिया से बाहर चले जाना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर अपनी बात रखते हुए लिखा कि अगर इस इलाके को सुरक्षित बनाना है, तो अमेरिका की मौजूदगी यहां नहीं होनी चाहिए। पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष अब काफी बड़ा रूप ले चुका है। अमेरिका, इजरायल और ईरान एक-दूसरे के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बना रहे हैं।

इसकी वजह से पूरी दुनिया में तेल और गैस की सप्लाई पर संकट पैदा हो गया है। शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा बंदरगाह पर ड्रोन से हमला हुआ, जिससे वहां आग लग गई। खाड़ी मामलों के एक जानकार ने बताया कि यूएई की रक्षा प्रणाली ने ड्रोन को बीच में ही रोक दिया था। ड्रोन के मलबे के गिरने से आग लगी, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है। जानकारों का कहना है कि यह घटना बताती है कि क्षेत्र में तनाव को रोकना अब बहुत जरूरी है। यूएई को उसकी कमजोरी की वजह से नहीं, बल्कि व्यापार, कूटनीति और पैसे के लेनदेन में उसकी बड़ी भूमिका की वजह से बार-बार निशाना बनाया जा रहा है। प्रेस टीवी के अनुसार, ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स' (आईआरजीसी) ने कड़ी चेतावनी



■ होर्मुज जलडमरूमध्य सिर्फ हमारे दुश्मनों के जहाजों के लिए बंद, ईरान के विदेश मंत्री का बड़ा बयान

दी है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के बैंकिंग ढांचे पर हमले जारी रखे, तो खाड़ी देशों में चल रही अमेरिकी बैंकों की शाखाओं पर हमले और तेज हो सकते हैं। ईरानी अधिकारी नायनी ने बताया कि पड़ोसी देशों में अमेरिकी बैंकों पर हालिया हमले दरअसल ईरान की संपत्तियों पर हुए हमलों का जवाब थे।

इन हमलों की वजह से कुछ समय के लिए बैंकिंग कामकाज में रुकावट भी आई। समुद्री रास्तों पर भी खतरा काफी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दो हफ्तों में फारस की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमधय और ओमान की खाड़ी में कम से कम 17 जहाजों पर हमले हुए हैं। इन हमलों में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। ओमान में भारतीय दूतावास ने इस दुखद खबर की पुष्टि की है। यह पूरा विवाद 28 फरवरी को शुरू हुआ था। तब अमेरिका और इजरायल के हवाई हमलों में ईरान के कई बड़े अधिकारी और कमांडर मारे गए थे। इसके बाद से ईरान की सेना हर दिन इजरायल इलाकों और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले कर रही है। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमधय खुला है और यह रणनीतिक मार्ग सिर्फ अमेरिका और इजरायल के जहाजों के लिए बंद है। ईरानी विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनिया की प्रमुख शक्तियों से होर्मुज जलडमरूमध्य में अपने नौसैनिक जहाज तैनात करने की अपील की है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका किसी भी हाल में इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को खुला रखेगा। अराघची ने एक बातचीत के दौरान कहा कि होर्मुज जलडमरू खुला है। यह केवल हमारे दुश्मनों, अमेरिका और उसके सहयोगियों के टैंकरों और जहाजों के लिए बंद है। बाकी सभी के लिए आवागमन पर कोई रोक नहीं है। होर्मुज में ईरानी नाकेबंदी को लेकर किए गए सवाल पर अराघची ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं के चलते ये नाकेबंदी की गई है। रूस और चीन को लेकर अराघची ने कहा कि रूस और चीन हमारे रणनीतिक साझेदार हैं। अतीत में हमारा घनिष्ठ सहयोग रहा है, जो अभी भी जारी है। इसमें सैन्य सहयोग भी शामिल है। ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया है कि दुनिया में तेल ले जाने का एक बहुत महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता होर्मुज स्ट्रेट अभी भी खुला है और उस पर ईरान का नियंत्रण बना हुआ है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसीरी ने एक बयान में कहा कि अमेरिका द्वारा किए जा रहे दावे सही नहीं हैं। अमेरिका कह रहा है कि उसने ईरान की नौसेना को नष्ट कर दिया है और तेल के जहाजों को सुरक्षित रास्ता दे सकता है, लेकिन ये बातें गलत हैं। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने ईरान की तस्नीम समाचार एजेंसी के हवाले से यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया कि होर्मुज स्ट्रेट को सैन्य रूप से बंद नहीं किया गया है, बल्कि यह सिर्फ ईरान के नियंत्रण में है।

### बिना गारंटी और हर्जाने के युद्ध का अंत संभव नहीं: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि मौजूदा युद्ध का अंत तभी संभव है जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे। अराघची ने एक प्रमुख अरबी समाचार पत्र 'अल-अरबी अल-जदीद' से बातचीत के दौरान स्पष्ट किया कि युद्ध का अंत तभी संभव है जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने संघर्ष के दौरान हुए नुकसान के लिए हर्जाने या मुआवजे के भुगतान की मांग भी उठाई है। अराघची ने क्षेत्रीय देशों के साथ मिलकर एक संयुक्त जांच समिति बनाने का प्रस्ताव भी दिया है जो क्षेत्र में हुए हमलों की बारीकी से जांच कर सके। ईरानी विदेश मंत्री ने अपने बयान में जोर देकर कहा कि तेहरान की सैन्य कार्रवाइयां केवल इस क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और हितों तक ही सीमित रही हैं। उन्होंने इस बात का पुरजोर खंडन किया कि ईरान ने पड़ोसी देशों के किसी भी नागरिक या आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया है। अराघची ने आशंका जताई कि अरब देशों के नागरिक ठिकानों पर हुए हमलों के पीछे इजरायल का हाथ हो सकता है, जिसका उद्देश्य ईरान और उसके पड़ोसी अरब देशों के मधुर संबंधों में दरार पैदा करना है। अराघची ने यह भी सनसनीखेज दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के 'शाहिद' की तरह ही 'लुकास' नामक एक नया ड्रोन बनाया है, जिसका उपयोग अरब देशों में ठिकानों को निशाना बनाने के लिए किया गया है।

# जंग की वजह से लेबनान में 2 लाख बच्चे बेघर

## दुबई में पर्यटकों की कमी, रेस्त्रां-कैफे में कुर्सियां खाली



**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग का आज 16वां दिन है। इस बीच इजरायल लगातार लेबनान पर भी हमले कर रहा है। इस वजह से करीब 8 लाख लोग घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं।

अल जजीरा के मुताबिक इनमें 2 लाख से ज्यादा बच्चे हैं। दुबई के बाजार, समुद्र तट और वाटरफ्रंट इलाके आमतौर पर पर्यटकों से भरे रहते हैं, लेकिन इस बार पर्यटन के व्यस्त मौसम में भी यहां असामान्य सन्नाटा दिखाई दे रहा है। ईरान के साथ चल रहे युद्ध का असर अब पूरे क्षेत्र पर पड़ रहा है। ईरान ने यूएई में कई जगहों पर हमला किया है। इस वजह से देश की 'सुरक्षित पर्यटन स्थल' वाली छवि पर भी असर डाला है। इस वजह से दुबई के कई लोकप्रिय पर्यटन स्थल, जैसे दुबई क्रीक के किनारे स्थित अल सीफ वाटरफ्रंट मार्केट और बुर्ज अल अरब जैसे लक्जरी होटलों के पास के समुद्र तटों पर आम दिनों की तुलना में काफी कम पर्यटक दिखाई दे रहे हैं। दुबई क्रीक के पास ऐतिहासिक अल फहीदी इलाके में अल सीफ मार्केट के एक कैफे की मेज पर शुक्रवार को एक दुकानदार सोता नजर आया। दुबई क्रीक के पास ऐतिहासिक अल फहीदी इलाके में अल सीफ मार्केट के एक कैफे की मेज पर शुक्रवार को एक दुकानदार सोता नजर आया। दुबई क्रीक के किनारे अल सीफ बाजार लगभग खाली नजर आ रहा है। आम तौर पर पर्यटकों से भरा रहने वाली यह जगह शुक्रवार को सुनसान दिखाई दिया। वहां एक बिल्ली टहलती दिखी। अल सीफ बाजार के एक कैफे में शुक्रवार को खाली कुर्सियों के बीच कुछ ही ग्राहक बैठे दिखाई दे रहे हैं। दुबई में बुर्ज अल अरब और जुमेराह मार्सा अल अरब होटलों के आगे की बीच शुक्रवार को खाली नजर आई।

## ईरान का यूक्रेन को सीधा निशाना बनाने का संकल्प: ईरानी सांसद

**तेहरान।** ईरान के एक वरिष्ठ सांसद ने सोशल मीडिया पर एक विवादित बयान देते हुए कहा है कि यूक्रेन अब ईरान के लिए एक 'वैध सैन्य लक्ष्य' बन चुका है। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति संसदीय समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी के अनुसार, यूक्रेन द्वारा अमेरिका और इजरायल के पक्ष में ईरान विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

■ इजरायली शासन को ड्रोन सहायता प्रदान करके यूक्रेन प्रभावी रूप से इस युद्ध में शामिल हो गया

अजीजी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इजरायली शासन को ड्रोन सहायता प्रदान करके, यूक्रेन प्रभावी रूप से इस युद्ध में शामिल हो गया है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत, यूक्रेन ने अब अपने पूरे क्षेत्र को ईरान के लिए एक वैध लक्ष्य में बदल दिया है। ईरान का आरोप है कि यूक्रेन अपनी ड्रोन विशेषज्ञता का इस्तेमाल इजरायल और पश्चिमी देशों को ईरान के विरुद्ध मजबूत करने के लिए कर रहा है। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने इस धमकी को 'हास्यास्पद' बताते हुए खारिज कर दिया है। यह स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब शुक्रवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया कि 10 से अधिक देशों ने ईरानी ड्रोनों से निपटने के लिए कीव से सहायता मांगी है।


## ट्रम्प को झटका: प्रवासी निर्वासन सुरक्षा खत्म करने पर लगी रोक

**बोस्टन।** मैसाचुसेट्स की एक अमेरिकी अदालत के फैसले ने सोमालिया से आए प्रवासियों के अस्थाई संरक्षित दर्जे (टीपीएस) की समाप्ति पर अस्थाई रोक लगा दी है। गत माह ट्रम्प प्रशासन द्वारा मिनियापोलिस में आव्रजन संबंधी कार्रवाई के दौरान टीपीएस को खत्म करने का कदम उठाया था। अमेरिकी जिला जज एलिसन डी. बरोज ने कहा, यदि सोमालिया के टीपीएस को समाप्त होने दिया जाता है तो इसके गंभीर नतीजे सामने आएंगे। प्रवासियों के समर्थक समूह ने संघीय अदालत में एक आपातकालीन याचिका दायर कर इस समाप्ति पर रोक लगाने की मांग की थी।

# होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए दूसरे देश वॉरशिप भेजें: ट्रम्प

## कहा: ईरान की सैन्य क्षमता लगभग खत्म, चीन, जापान और ब्रिटेन से भी आगे आने की अपील

**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर काफी सख्त बयान दिया है। उनका कहना है कि यह समुद्री रास्ता किसी भी हाल में बंद नहीं होने दिया जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि दुनिया के कई देशों को आगे आकर इसको सुरक्षित रखना चाहिए, क्योंकि कई देशों की तेल सप्लाई इसी रास्ते से होती है।



■ ट्रम्प ने कहा कि दुनिया के कई देशों को आगे आकर इसको सुरक्षित रखना चाहिए, क्योंकि कई देशों की तेल सप्लाई इसी रास्ते से होती है

उन्होंने उम्मीद जताई कि चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन जैसे देश भी अपने वारशिप भेजकर इस रास्ते को खुला रखने में मदद करेंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि हालिया हमलों के बाद ईरान की सैन्य क्षमता लगभग खत्म हो चुकी है, हालांकि वह अभी भी ड्रोन, समुद्री माइंस या छोटी दूरी की मिसाइलों से खतरा पैदा कर सकता है। होर्मुज स्ट्रेट ग्लोबल एनर्जी सप्लाई के लिए बेहद अहम समुद्री मार्ग है, जहां से दुनिया के करीब 20 प्रतिशत कच्चे तेल का व्यापार होता है। संयुक्त अरब अमीरात ने सोशल मीडिया पर वायरल और झूठे वीडियो क्लिप फैलाने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ जल्दी मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। यह कार्रवाई ईरान से जुड़े युद्ध के कारण क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच की गई है। यूएई के अटार्नी जनरल हमद सैफ अल शम्सी ने कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म की लगातार निगरानी के दौरान यह मामला सामने आया। उनके अनुसार कुछ लोग सही गलत जानकारी फैलाने वाले लोगों को निष्क्रिय कर रहे थे और इससे देश की सुरक्षा और स्थिरता पर असर पड़ सकता है। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट बेन कोहेन ने कहा कि ईरान के आतंकवादी शासन के खिलाफ कड़ा कदम उठाना जरूरी है। उनका कहना है कि इजरायल ऐसे खतरे को सिर्फ रोक नहीं बल्कि पूरी तरह खत्म करना चाहता है। उन्होंने कहा कि इजरायल का लक्ष्य टिक-टिक करते टाइम बम को सिर्फ निष्क्रिय करना नहीं, बल्कि उसे पूरी तरह हटाना है। उनके मुताबिक इजरायल ऐसी स्थिति में नहीं रह सकता जहां कोई शासन खुलेआम इजरायल और अमेरिका के खिलाफ धमकियां देता हो। लेबनान ने इजरायल से बातचीत के लिए सीजफायर की शर्त रखी इजरायल ने संकेत दिया है कि वह 2006 के बाद लेबनान पर बड़ा जमीनी हमला कर सकता है। इसी बीच तनाव कम करने के लिए बातचीत की तैयारी भी चल रही है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस मामले को संभालने के लिए अपने करीबी सहयोगी रान डर्मर को जिम्मेदारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, बातचीत जल्द ही शुरू हो सकती है और इसमें अमेरिका की ओर से जेरेड कुशनेर शामिल हो सकते हैं। वहीं लेबनान के नेता नबीह बेरी ने कहा है कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन उससे पहले युद्धविराम होना जरूरी है।

# महासचिव गुटेरेस ने भी सुरक्षा परिषद पर उठाए सवाल

## बोले: ये आज भी 1945 के समय में फंसी है

**बेरूत।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की कार्यप्रणाली की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हमें यह मानना होगा कि सुरक्षा परिषद के साथ एक बड़ी समस्या है। उनके अनुसार, आज की सुरक्षा परिषद दुनिया के मौजूदा हालात को नहीं दर्शाती। यह आज भी 1945 के समय की दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही है जब इसे बनाया गया था।



■ 'वीटो' पावर की वजह से परिषद सही समय पर जरूरी फैसले नहीं ले पाती: गुटेरेस

बेरूत में एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान गुटेरेस ने बताया कि 15 देशों वाली इस परिषद में पांच स्थाई सदस्य हैं। इनमें से तीन देश यूरोप से हैं, एक एशिया से है और एक अमेरिका है। हैरानी की बात यह है कि अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे बड़े क्षेत्रों का कोई भी देश इसका स्थाई सदस्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एशिया की आबादी और दौलत दुनिया में बहुत ज्यादा है, फिर भी यहां से सिर्फ चीन ही स्थाई सदस्य के तौर पर शामिल है। गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की काम के तरीके पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 'वीटो' पावर की वजह से परिषद सही समय पर जरूरी फैसले नहीं ले पाती। जब भी किसी युद्ध को रोकने की जरूरत होती है, कोई न कोई स्थाई सदस्य वीटो का इस्तेमाल कर देता है। इससे शांति की कोशिशें बीच में ही रुक जाती हैं। गुटेरेस को फिलहाल ऐसी उम्मीद नहीं है कि आने वाले कम समय में इन हालातों में कोई बदलाव होगा। सुरक्षा परिषद के ढांचे की बात करें तो चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास वीटो की ताकत है। बाकी 10 अस्थाई सदस्यों को दो साल के लिए चुना जाता है, लेकिन उनके पास वीटो का अधिकार नहीं होता। भारत पिछले कई दशकों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है। भारत का कहना है कि 1945 में बनी यह व्यवस्था 21वीं सदी की जमीनी हकीकत और राजनीति से मेल नहीं खाती।

### बेरुत में हिजबुल्लाह के कमांड सेंटरों को तबाह करने का इजरायल का दावा


**बेरुत।** इजरायली सेना ने शनिवार को लेबनान की राजधानी बेरुत में हिजबुल्लाह की विशिष्ट 'रदवान फोर्स' के कई महत्वपूर्ण कमांड सेंटरों को नष्ट करने का दावा किया है। ए इजरायली सेना का कहना है कि ए हमले 'ऑपरेशन रोरिग लायन' का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य हिजबुल्लाह की सैन्य क्षमताओं और उनके नेतृत्व ढांचे को पूरी तरह से ध्वस्त करना है। इजरायल के अनुसार, हिजबुल्लाह जानबूझकर नागरिक क्षेत्रों के बीच अपनी सैन्य बुनियादी सुविधाएं स्थापित कर रहा है, जिससे आम लोगों की जान को खतरा पैदा हो रहा है। इजरायल ने चेतावनी दी है कि चिकित्सा सुविधाओं और एम्बुलेंस का सैन्य उपयोग होने पर वह अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत उन पर भी कार्रवाई करेगा।

## नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, 7 की मौत

**काठमांड।** नेपाल के गंडकी प्रांत के गोरखा जिले में शनिवार रात भारतीय तीर्थयात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 घायल हैं। यात्री मनाकामना मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे।

■ 7 घायल, मनोकामना मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हादसा

पुलिस के मुताबिक, श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक माइक्रोबस मनकामना मंदिर से लौट रही थी, तभी सड़क से फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में घायल 7 यात्रियों को भरतपुर स्थित चितवन मेडिकल कालेज में इलाज के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार बस में एक दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे। प्रशासन के अनुसार बस मनाकामना मंदिर से तनहुन जिले के अंबुखैरेनी इलाके की ओर जा रही थी। घटना के बाद देर रात तक रेस्क्यू आपरेशन जारी रहा। पुलिस ने बताया कि हादसे की दूसरे वजहों की भी जांच की जा रही है। नेपाल में शनिवार को भारतीय यात्रियों से भरी बस खाई में पलट गई। गोरखा जिला ट्रैफिक पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज अर्याल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं। सभी भारतीय नागरिक थे। जिला पुलिस प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार मृतकों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामालिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलरसी (60) के रूप में हुई है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108